सूर्योदय 5:18 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,408 |
| निफ्टी | 25,112 |
| सोना | 98,691 |
| चांदी | 1,06,775 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 22 जून 2025 | 8 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 174, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



गिल अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो विदेश में बनाएंगे खूब रन : गांगुली

पृष्ठ 14 पर


## योग बनाए निरोग



विशाखापट्टनम। दुनियाभर में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिकों के साथ योग किया। पीएम ने कहा कि योग का मतलब जोड़ना होता है। यह देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है।







शिमला। राजभवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित विशेष योग सत्र में हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और अन्य प्रतिभागियों के साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। उन्होंने प्रदेशवासियों के स्वस्थ जीवन की कामना की।



शिमला। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला स्थित अपने सरकारी आवास ओक ओवर में विभिन्न योगासन किए। उन्होंने प्रदेशवासियों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और योग को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाते हुए हर रोज योग करने की सलाह भी दी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कांस्टेबल भर्ती में नकल के आरोपों को नकारा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग और राज्य पुलिस प्रशासन ने 15 जून को आयोजित पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी और अनुचित साधनों के उपयोग के आरोपों का खंडन किया है। शनिवार को जारी बयान में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर कहा गया कि जिला प्रशासन के सक्रिय समर्थन से राज्य के विभिन्न केंद्रों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के संचालन के दौरान ईमानदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तलाशी, सीसीटीवी निगरानी और सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल सहित सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया गया था।

### एसोसिएट प्रोफेसर को अदा करें बकाया वेतन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एचपीयू को एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. भवानी सिंह का बकाया वेतन 6 माह में जारी करने का निर्देश दिया है। डॉ. सिंह को यूजीसी के नियमों के तहत पदोन्नत किया गया था, लेकिन विश्वविद्यालय ने दो साल से अधिक समय से उनका वेतन रोक रखा था। न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने संस्थागत लालफीताशाही और नौकरशाही की देरी की निंदा करते हुए कहा कि यूजीसी के नियम बाध्यकारी हैं और राज्य सरकार की मंजूरी के अभाव में भी उनका पालन किया जाना चाहिए।

### सोनम-राज को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**एजेंसी, इंदौर।** ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम और राज कुशवाह को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। दोनों आरोपियों का दो दिन का पुलिस रिमांड पूरा होने के बाद पूर्वी खासी हिल्स के जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया गया था। उधर, मामले में एक और सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। राजा के घर के फुटेज में हत्या का आरोपी राज कुशवाह भी दिख रहा है। उसने कफन जैसा एक सफेद कपड़ा भी किसी को दिया। राज हार और फूल भी लेकर आया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- टीजीटी से प्रवक्ता के पदों पर दो वर्षों से नहीं प्रमोशन -पेज 2
- मुख्यमंत्री का 'गांववाला' अवतार : जनमानस से सीधा संवाद -पेज 3
- प्रभावितों ने मांगों को लेकर सुन्नी बांध स्थल पर किया प्रदर्शन -पेज 6
- कचरा फेंकने से दूषित हो रहा खड्ड का पानी -पेज 9
- ...यहां सरेआम उड़ाई जा रही यातायात नियमों की धज्जियां -पेज 11

### अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एयर इंडिया पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय का एक्शन

# तीन अफसरों को हटाने के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शनिवार को एयर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने के आदेश दिए हैं। इनमें डिवीजिनल वाइस प्रेजिडेंट चूड़ा सिंह, क्रू शेड्यूलिंग करने वाली चीफ मैनेजर पिंकी मित्तल और क्रू शेड्यूलिंग की प्लॉनिंग से जुड़ी पायल अरोड़ा शामिल हैं। तीनों अफसरों के खिलाफ यह कार्रवाई एविएशन सेफ्टी प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन को लेकर की गई। डीजीसीए ने एयर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ इंटर डिसिप्लिनरी एक्शन तुरंत शुरू करने और 10 दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

**दस दिन में रिपोर्ट सौंपने के दिए आदेश**

उधर, एयर इंडिया ने कहा कि डीजीसीए के आदेश को लागू कर दिया गया है। कंपनी के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर अगले आदेश तक इंट्रीग्रेटेड ऑपरेशन्स कंट्रोल सेंटर की सीधी निगरानी करेंगे। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, आदेश 20 जून को दिया गया था, जो 21 जून को सामने आया है।



यह फैसला अहमदाबाद में 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे के बाद लिया गया। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। प्लेन मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से टकराया था, जिससे यात्रियों समेत कुल 270 लोग मारे गए थे।

बता दें कि एयर इंडिया की फ्लीट में 33 बोइंग 787- 8/9 विमान हैं। हालांकि, पिछले 10 दिन से लगातार इसकी फ्लाइट्स कैंसिल हो रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये निर्देश भी दिए

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयर इंडिया को इन अधिकारियों को क्रू शेड्यूलिंग और रोस्टरिंग से जुड़ी सभी जिम्मेदारियों से तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।
- इन अधिकारियों को जब तक सुधारात्मक प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक नॉन-ऑपरेशनल पदों पर ट्रांसफर किया जाए और इन्हें किसी भी फ्लाइट सेफ्टी या क्रू अनुपालन जुड़ी पोस्ट पर काम करने की परमिशन न दी जाए।
- भविष्य में क्रू शेड्यूलिंग, फ्लाइट समय से जुड़े किसी भी नियम के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसमें जुर्माना, लाइसेंस निलंबन या ऑपरेटर परमिशन कैंसिल करना शामिल हो।

# हिमाचल सरकार करेगी 700 होमगार्ड्स की भर्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक अहम फैसला लिया है। गृह रक्षा विभाग को 700 रिक्त पदों पर होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भर्ती मुख्य रूप से राज्य के शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों, बिजली परियोजनाओं और लाभ में चल रहे सार्वजनिक उपक्रमों में की जाएगी।



**मंदिरों-पावर पोजेक्ट्स की करेंगे सुरक्षा**

इन होमगार्ड जवानों की तैनाती से मंदिरों में भीड़ नियंत्रण, जेबकतरों से बचाव और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बिजली परियोजनाओं में संवेदनशील उपकरणों और संपत्तियों की सुरक्षा का जिम्मा भी इन्हीं पर रहेगा। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक उपक्रमों में तोड़फोड़, चोरी की घटनाओं की रोकथाम और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भी इन्हें तैनात किया जाएगा। इस साल मानसून में अधिक बारिश के पूर्वानुमान और प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते खतरे को देखते हुए इन होमगार्ड जवानों का उपयोग राहत और बचाव कार्यों में भी किया जाएगा।

### गृह रक्षा विभाग तय करेगा भर्ती के मापदंड

**गृह** रक्षा विभाग अब इस भर्ती के लिए मानदंड तैयार करेगा, जिसके बाद पदों का विज्ञापन जारी किया जाएगा। इस पहल से न केवल राज्य की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

# इसराइल के हमले में ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की मौत

### अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुकी आईडीएफ

**एजेंसी, तेल अवीव/तेहरान**

इसराइल ने ईरान के एक और न्यूक्लियर साइंटिस्ट की हत्या कर दी है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी के अनुसार, साइंटिस्ट इसार तबातबाई-कमशेह और उनकी पत्नी की मौत शुक्रवार को तेहरान में एक अपार्टमेंट पर ड्रोन हमले में हुई थी। इसराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष का शनिवार को 9वां दिन था।

**ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा**

इसराइल 13 जून से अब तक 11 ईरानी न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की हत्या कर चुका है। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने शनिवार को ईरानी सेना के 3 कमांडरों और 4 जवानों को भी मारने का दावा किया है। (अनंत ज्ञान)

### अब तक ईरान में 657 व इसराइल में 24 की मौत

**अमेरिका** स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हैं। वहीं, इसराइल में 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए हैं। हालांकि, ईरान ने 430 नागरिकों के मरने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की है।

# केंद्र से उठाएंगे लंबित 1200 करोड़ का मुद्दा : मुकेश

### जलशक्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए फील्ड में जाने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला में जलशक्ति विभाग की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभाग से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण करने और जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान कर उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। बैठक में केंद्र सरकार से जल जीवन मिशन के तहत लंबित 1200 करोड़ की स्वीकृत राशि का मुद्दा भी उठा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस लंबित राशि के लिए केंद्र सरकार के समक्ष मुद्दा उठाया जाएगा।



जलशक्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### कैबिनेट में रखी जाएगी जल रक्षकों की रिपोर्ट

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि जलशक्ति विभाग में 12 साल की सेवा पूरी कर चुके जल रक्षकों की रिपोर्ट शीघ्र तैयार कर कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता को पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हिमाचल प्रदेश में हर रोज ठगे जा रहे लोग

# इस साल साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों में रिकॉर्ड वृद्धि

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में साइबर अपराध की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप लेती जा रही है। चिंताजनक बात यह है कि 2025 में साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2024 की तुलना में काफी अधिक है। 2024 में लगभग 350 शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन वर्तमान वर्ष के आंकड़े और भी अधिक भयावह संकेत दे रहे हैं।

**2024 में दर्ज हुई थीं 350 शिकायतें**

साइबर अपराध के खिलाफ पिछले साल हिमाचल ने अपना पहला साइबर डाटा सेंटर स्थापित किया था। इसके अलावा राज्य भर में साइबर कमांडो भी तैनात किए जा रहे हैं। इन्हें गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) जैसे देश के प्रमुख संस्थानों में साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इसके अलावा साइबर अपराध सेल शिकायतों को समय पर दर्ज करने के साथ-साथ उनके त्वरित निवारण को सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करने पर भी काम कर रहा है।



### संदिग्ध कॉल न उठाएं लिंक पर क्लिक न करें

**प्रदेश** सीआईडी साइबर अपराध के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मोहित चावला ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए उन्नत तकनीकों और नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने जनता से साइबर अपराध के वर्तमान रुझानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की अपील की है। चावला ने विशेष रूप से संदिग्ध कॉलों का जवाब न देने और अज्ञात तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी, क्योंकि ये अक्सर साइबर धोखाधड़ी का कारण बनते हैं। डीआईजी चावला ने लोगों से अपील की है कि वे साइबर अपराध की किसी भी घटना की सूचना तुरंत टोल-फ्री साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें, ताकि त्वरित निवारण हो सके।





## न्यूज ब्रीफ

### स्वस्थ रहने के लिए योग अत्यंत आवश्यक



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** योग दिवस के अवसर पर मॉडल पीएचसी जंगल बेरी में योग शिविर का आयोजन किया गया था। मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज और मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा और हेल्थ सुपरवाइजर रविंद्रा देवी ने संयुक्त रूप से योग प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया और बताया कि योग भारत की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे विश्व भर में अपनाया जा रहा है। डॉ. डोगरा ने कहा कि जीवन में पहला सुख स्वस्थ शरीर है और स्वस्थ रहने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी नरेश कुमार, मंजु देवी, अमित ठाकुर वार्ड मैंबर लता देवी, आशा वर्कर सीमा, रंजना, कुसुम लता, बबिता, नीता सरोज और पीएचसी के स्टाफ सौरव ठाकुर ने भी भाग लिया।

### पहचान स्कूल के विशेष बच्चों ने किए योग आसन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** योग दिवस पर स्पेशल ओलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश चैप्टर हमीरपुर के तहत पहचान स्पेशल स्कूल सासन हमीरपुर और राजकीय उच्च विद्यालय सासन हमीरपुर के साथ मिलकर योग दिवस मनाया गया। सभी विशेष बच्चों और सासन स्कूल के बच्चों ने मिलकर योग किया जिसमें शांति पाठ और ओऽम के उच्चारण से योग की शुरुआत की गई, उसके बाद आसन और सूर्य नमस्कार कई प्रकार के आसन किए। इस अवसर पर पहचान संस्था की प्रभारी चेतना शर्मा ने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और खुशहाल तो बनाता ही है बल्कि समाज को एक साथ भी जोड़ता है और योग्यता को बढ़ाता है।

### योग से मन का होता है पूर्ण शुद्धिकरण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला आयुष विभाग हमीरपुर द्वारा बचत भवन में आयोजित योग शिविर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सबके साथ मिलकर योग किया और अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर की कसरत नहीं है, यह आत्मा और मन का भी शुद्धिकरण है। यह हमें संतुलन, संयम और अनुशासन सिखाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग एक वरदान है, जो हमें मानसिक तनाव से राहत और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है।

### अधिकारियों को नियमित योग करने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस लाइन हमीरपुर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जिला पुलिस हमीरपुर में तैनात अधिकारियों तथा कर्मचारियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने तथा तनाव के स्तर को कम करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय योग अभ्यास शिविर को आयोजित किया गया इसका समापन शनिवार को किया गया। इस योग अभ्यास शिविर में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार तथा जिला पुलिस हमीरपुर के 55 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नियमित रूप से योगाभ्यास करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी।

### टेलीकॉम सेवाओं की गुणवत्ता को बनाएं बेहतर : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने क्षेत्र में टेलीकॉम सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि देश के प्रत्येक कोने तक सुगम और सुलभ संचार सुविधा उपलब्ध हो।

### स्टांपिंग के लिए शिमला जाने की आवश्यकता नहीं : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि विदेशों से प्राप्त होने वाले जमीन के मुख्तारनामा (जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी) और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की स्टांपिंग या एम्बोसिंग के लिए किसी भी जिलावासी या विदेशों में रह रहे जिलावासी को हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला जाने की आवश्यकता नहीं है। इन दस्तावेजों की स्टांपिंग की शक्तियां उपायुक्त के पास हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की धारा 18 के तहत, कलेक्टरों को सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी सहित विदेशों में किए गए उन समझौतों से संबंधित दस्तावेजों की स्टांपिंग का अधिकार है, जो उनके संबंधित क्षेत्राधिकार में स्टांपिंग के लिए प्रस्तुत किए जाते हैं। उपायुक्त ने कहा कि अगर कोई जिलावासी विदेश में रह रहा है और वह किसी अन्य व्यक्ति को जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी देता है या विदेशों से कोई अन्य संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करता है या प्रेषित करता है तो उसकी स्टांपिंग जिला स्तर पर हो सकती है। हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में जाने की आवश्यकता नहीं है।

### कड़े प्रबंधों के बीच होगी जेओए आईटी की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को ली जाने वाली जेओए (आईटी) की लिखित परीक्षा के लिए एडीसी अभिषेक गर्ग को जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए जिला के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक भी की गई। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिला हमीरपुर में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुल 3300 उम्मीदवारों को ये परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए हैं। अभिषेक गर्ग ने बताया कि यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। पेपर-1 सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक होगा। जबकि, पेपर-2 का समय दोपहर बाद 2 से शाम 4 बजे तक रहेगा। 11 परीक्षा केंद्रों के लिए 3 निरीक्षण अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं। जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार हमीरपुर और नायब तहसीलदार हमीरपुर को निरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### पट्टा स्कूल में हुआ शिक्षा संवाद का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के लगभग 80 सदस्यों ने भाग लिया। शिक्षा संवाद में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों, पठन पाठन प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने हेतु किए जा रहे प्रयासों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य ने बताया कि विधायक सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क कोचिंग भी बच्चों को दी जा रही है जो बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे नीट और जेईई मेन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान मुकेश कुमार ने बताया कि ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से बच्चे प्रतियोगिता की तैयारी अधिक प्रभावशाली तरीके से कर रहे हैं जिसके सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

### स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू राम को मिले उचित स्थान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हमीरपुर में चौधरी फाउंडेशन की टीम और महान स्वतंत्रता सेनानी चौधरी सिद्धू राम के परिवार ने उपायुक्त से मुलाकात की। इस मुलाकात के मुख्य उद्देश्य हमीरपुर स्थित चौधरी सिद्धू राम चौक पर स्थापित परी की मूर्ति को हटाकर उसके स्थान पर सिद्धू राम की भव्य प्रतिमा स्थापित करने का निवेदन किया। फाउंडेशन की पूरी कार्यकारिणी के साथ-साथ सुजानपुर और हिमाचल प्रदेश के अलग अलग स्थानों से आए सदस्यों ने उपायुक्त को यह ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जनभावनाओं की व्यापक उपस्थिति ने इस मांग की गंभीरता और महत्ता को रेखांकित किया। इस मौके पर चौधरी फाउंडेशन की तरफ से दीपक चौधरी, पंकज चौधरी, अश्वनी, परवेश वैद, सचिन नंदा, अंकित चौधरी, दिलीप दलवाइच, अमन भड़ेल, अनुराग चौधरी और कई अन्य व्यक्ति मौजूद थे। उधर एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि डीसी हमीरपुर के आदेशों के अनुसार उक्त स्थान पर सिद्धू राम की प्रतिमा लगाई जाएगी।

### आईटीआई प्रशिक्षुओं को दी वित्तीय जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हमीरपुर में शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा हमीरपुर ने एक वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को वित्तीय साक्षरता, साइबर अपराधों से सुरक्षा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आदि के विषय में जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर एसबीआई के क्षेत्रीय अधिकारी अंकुश कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में फील्ड एग्जीक्यूटिव सौरभ, अन्य अधिकारियों कुलदीप और राहुल कौंडल ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ उपयोगी जानकारियां साझा की। प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने इस आयोजन के लिए एसबीआई के अधिकारियों का धन्यवाद किया।

# योग तन-मन व आत्मा की शांति के लिए महत्वपूर्ण




## डीएवी लझयाणी में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम के आधार पर डीएवी स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शारीरिक शिक्षक शशि पाल और योग शिक्षिका सरिता ने छात्रों और शिक्षकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया।

छात्रों ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शवासन आदि आसनों का अभ्यास किया। योग सत्र के दौरान छात्रों को प्रत्येक आसन के लाभों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुनील ठाकुर जी ने सभी छात्रों और शिक्षकों को योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छात्रों को बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन करने और जीवन में सफल होने में भी मदद करता है।

## योग के लिए अवश्य निकालें समय : सुनील



आयुष विभाग ने करवाया योगासन।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

योग दिवस के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग ने जिले भर में 13 स्थानों पर योगाभ्यास सत्र आयोजित किए। अणु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के बैडमिंटन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और भगवान धन्वंतरि के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ किया। सुनील शर्मा बिट्टू ने अन्य गणमान्य लोगों, खिलाड़ियों और युवाओं के साथ योगाभ्यास सत्र में आसन एवं प्राणायाम किया। योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सुनील ने कहा कि हम सभी को अपनी आम दिनचर्या में योग को अवश्य शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया।

## योग आत्मा की शांति के लिए जरूरी

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** आयुष विभाग द्वारा योग दिवस के अवसर पर मिनी सचिवालय भोरंज में योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपमंडल अधिकारी भोरंज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एसडीएम ने कहा कि योग हमारे ऋषि और मुनियों की कीर्ति देन है। योग तन मन आत्मा की शांति के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर बृजनंदन शर्मा, नायब तहसीलदार रवि कुमार, प्रशांत ठाकुर भोरंज, पूर्व बीएमओ भोरंज ललित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हिम अकादमी के छात्रों ने किया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकासनगर में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और योग के महत्व को उजागर करना रहा। कार्यक्रम विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा चैथी और पांचवी के छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के योग प्रशिक्षक जिमी ठाकुर के निर्देशन में छात्रों ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर जिला योगासन स्पोर्ट्स अध्यक्ष स्वाति जर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ शैक्षणिक समन्वयक कंचन लखनपाल, संजीव कुमार, मनीषा मारवाह और कार्यक्रम समन्वयक पूजा ठाकुर भी उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने शुभकामनाएं दी।

## योग से मिलेगा बीमारियों से छुटकारा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

न्यू ब्राइट सन मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल मैहरे में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर स्कूल के सभी बच्चों ने योग किया और सीखा भी। योग शिक्षक सुनील कुमार ने बच्चों को योग की सभी क्रियाएं सिखाई।

स्कूल प्रबंधक कुलदीप धीमान ने योग के बारे में सभी बच्चों को बताया कि योग करने से बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।

## हिम अकादमी के छात्रों ने दिया योग पर संदेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर की विद्यास्थली में योग दिवस का आयोजन उत्साहवर्धक रहा। कक्षा पहली से पांचवीं के छात्रों ने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक अभ्यास करते हुए योग संदेश दिया। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने बच्चों के सराहनीय प्रयास के लिए बधाई दी। कार्यक्रम समन्वयक रेणु शर्मा व सुनील कुमार रहे।

## तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है योग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्वजन कल्याण सभा ने योग दिवस के अवसर पर एसडी पब्लिक स्कूल, नारा पंचायत के वालिया आईटीआई में योग शिविर लगाया। वहीं एसडी पब्लिक स्कूल के कार्यक्रम में संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद ठाकुर मुख्यातिथि के रूप उपस्थित रहे। नारा वालिया आईटीआई के कार्यक्रम में बीडीसी अध्यक्ष हरीश शर्मा मुख्य अतिथि रहे। एसडी स्कूल के कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रधानाचार्य विनोद ठाकुर ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है बल्कि यह एक ऐसी पद्धति है जो व्यक्ति के तन मन और आत्मा को संतुलन प्रदान करती है। एसडी पब्लिक स्कूल में हुए योग शिविर में सर्वजन कल्याण सभा के उपाध्यक्ष रवि दत, कुशल पटियाल एडवोकेट विजय शर्मा, अजय शुक्ला, आंचल पटियाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने सीखे स्वस्थ रहने के गुर



योगासन करते हुए ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत काले अम्ब व सहकारिता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से योग दिवस पर शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान निर्मला डोगरा व सहकारिता विभाग के खंड निरीक्षक सुनील ठाकुर निरीक्षक पवन पठानिया उपस्थित रहे। इस शिविर में नरेश कुमार व राजेश शर्मा ने योग शिक्षक ने योगाभ्यास करवाया और ग्रामीणों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। मुख्य संयोजक डॉ. रतन चंद डोगरा ने बताया कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग करना आवश्यक है।

## त्रिशा कॉलेज में योग पर दी जरूरी जानकारी

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एनके शर्मा के मार्गदर्शन में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस के अवसर पर आयुष्मान विभाग हमीरपुर से आयुर्वेदिक डॉ. तमन्ना, डॉ. पंकज डोगरा, निशा कुमारी, रोटरी क्लब हमीरपुर से प्रेसिडेंट संदीप शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. विवेक शर्मा सहित आदि ने भाग लिया। योग दिवस के संचालक सुनीता कुमारी ने योग संबंधि प्रशिक्षु अध्यापकों को योग दिवस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



## तकनीकी विवि में किया योग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर दड़ूही में योग दिवस मनाया। तकनीकी विवि के योग विभाग के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने योग दिवस कार्यक्रम आयोजित करने में मुख्य भूमिका निभाई। वहीं, तकनीकी विवि के स्टाफ ने विद्यार्थियों ने योगाभ्यास भी किया। इस मौके पर उपकुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, सहायक कुलसचिव राजवीर सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## योग करेगा स्वस्थ

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधायक कै. रणजीत सिंह ने योग दिवस की बधाई दी और कहा कि योग से व्यक्ति शारीरिक तौर पर तो स्वस्थ रहेगा, साथ ही मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहेगा। विधायक ने योग दिवस जंगलबेरी में पुलिस जवानों की साथ मनाया।



गुरुकुल पब्लिक स्कूल बड़ू के छात्र-छात्राएं योग करते हुए।

## राजन ने व्हीलचेयर पर किया योग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक राजन कुमार को विशेष रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग राजन कुमार ने व्हीलचेयर के माध्यम से प्रभावशाली योगासन प्रस्तुत कर मंच पर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राजन कुमार ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव एवं समस्त स्टाफ का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

## डीएवी आलमपुर में किया योग

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी स्कूल आलमपुर के छात्रों व अध्यापकों ने नई उमंग व उत्साह के साथ योग दिवस मनाया। योग प्रशिक्षक राजेश और सुधा विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में छात्रों ने आसन, श्वास अभ्यास और ध्यान तकनीकों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम ने कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा में सामंजस्य लाने के दर्शन का प्रतीक है।



## बड़सर उपमंडल में मनाया योग दिवस

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** उपमंडल बड़सर में आयुष विभाग के सौजन्य से योग दिवस मनाया गया। यह योग दिवस प्रखंड स्तर पर बाबा बालक नाथ मंदिर और पीएम राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी 2 स्थानों पर मनाया गया है। योग शिक्षक रमन कुमार तथा रीता देवी ने लगभग 600 बच्चों के सामने योग की प्रस्तुतियां दी। जिला आयुष अधिकारी हमीरपुर डॉ. बृज नंदन शर्मा उपमंडलीय आयुष अधिकारी डॉ. संजय शर्मा, अंतर्राज्यीय योग, को-ऑर्डीनेटर डॉ. विशाल भाटिया, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, शारीरिक शिक्षक अमन, देवराज अनिल कुमार ने बताया कि बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों तथा आम लोगों को भी योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। वहीं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने चकमोह गारंटी भोटा में योग दिवस के अवसर पर योग प्रक्रिया करके अपने आप को फिट रखने का संकल्प लिया।

## धोखाधड़ी और अपमानित करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सदर थाना हमीरपुर में लीला कृष्ण मुप्पल्ला पुत्र स्व. वेंकट राव निवासी 4-9 बंदरूपल्ली, जिला गुंटूर आंध्र प्रदेश की शिकायत पर यह अभियोग पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता ने ओएलएक्स ऐड देखकर दीक्षित ठाकुर निवासी जिला हमीरपुर से कार जिसका नंबर एचपी 24 ई-1052 है उसका 12 लाख रुपए का भुगतान कर खरीदी थी तथा शेष राशि का बैंक लोन क्लीयरेंस की एनओसी मिलने के बाद करना था। शिकायतकर्ता ने कार अपने साथ ले जाने के कुछ दिनों के बाद बताया कि कार में कंपन की समस्या है और दीक्षित ने कहा कि कार वापस ले आओ और पैसे वापस ले जाओ, परंतु उसने दुर्व्यवहार कर धमकाया।

जब शिकायतकर्ता ने अपने पैसों के सेटलमेंट के लिए दीक्षित ठाकुर से संपर्क किया तो उसने शिकायतकर्ता को धमकी दी तथा गाली गलौच की। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## कीचड़ में फिसलकर टकराए दो वाहन

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर आवाहदेवी एनएच 03 पर बारी मंदिर के पास दो वाहनों के बीच शनिवार को जबरदस्त टक्कर हो गई। गनीमत यह रही कि कार में बैठी तीनों सवारियां सुरक्षित हैं और ट्राला चालक भी ठीक है। जैसे ही वाहनों की टक्कर हुई कार के एयर बैग खुल गए।

जानकारी के मुताबिक ट्राला नंबर एचपी 67-9287 टौणी देवी से आ रहा था जबकि कार नंबर एचपी 22 डी 2926 पंजोत से टौणी देवी की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राला भिड़ंत के बाद पूरा घूम गया। ट्राला मालिक ने कार को हुए नुकसान की भरपाई करने बारे समझौता कर लिया है। इसके बाद वाहन को हटा लिया गया।

## बागवान और पशुपालक योजनाओं का उठाएं लाभ

**अनंत ज्ञान, जाहू**

कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने जाहू में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वाटरशैड परियोजना के तहत पशुपालकों को उन्नत नस्ल की बकरियां और पशुओं की फीड वितरित की।

उन्होंने 10 पशु पालकों को उन्नत नस्ल की दो-दो बकरियां एवं एक बकरा भेंट किया। इसके अलावा क्षेत्र के लगभग 150 पशुपालकों को पशुओं की फीड भी वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों-बागवानों और पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

पठानिया ने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं, मक्की और हल्दी की फसलों के लिए तथा दूध के लिए अलग से उच्च मूल्य निर्धारित किए हैं। सभी लोगों को प्रदेश सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में बढ़ोतरी करनी चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया।

## युवक से 9 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर की टीम ने गश्त के दौरान राकेश कुमार उर्फ रोकी निवासी डाकघर व तहसील बड़सर के कब्जा से 9 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी को हिरासत में लेकर नियमानुसार कार्रवाई करके माननीय न्यायालय में पेश किया गया तथा माननीय न्यायालय से 5 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त हुआ है।

यह आरोपी बड़सर एरिया में काफी समय से सक्रिय है तथा बड़सर थाना में ही इसके खिलाफ पहले से 8 मामले दर्ज हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लालमन शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**अनदेखी** | शिक्षा विभाग में टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन में बढ़ाएं पदों की संख्या

# टीजीटी से प्रवक्ता के पदों पर दो वर्षों से नहीं प्रमोशन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** शिक्षा विभाग मे पिछले दो वर्षों में टीजीटी की प्रमोशन नहीं हुई है जबकि वर्तमान में पदोन्नति के लिए इन पदों में कटौती की जा रही है। ऐसे में स्कूल मर्ज होने और युक्तिकरण के नाम पर 800 पदों पर भी पदोन्नति करने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं जो कि दो साल से स्वीकृत थे।

इन दो वर्षों में सैकड़ों टीजीटी उर प्रवक्ता बिना प्रमोशन रिटायर हुए और पदोन्नति हेतु उपलब्ध पदों की संख्या 1500 होनी चाहिए। मगर इस बार प्रमोशन विषयों में 1132 के करीब शिक्षकों का पैनल बना है जिसमें गणित विषय शामिल ही नहीं है।




**कहा-पहले हो प्रमोशन फिर हो युक्तिकरण**

ऐसे में गणित विषय में प्रमोशन करने के लिए पदों की स्वीकृति रिक्तियों अनुसार की जाए और उन शिक्षकों का भी पैनल बनाया जाए जो गणित में प्रमोट होना चाहते हैं। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने प्रदेश सरकार से की है। हीर ने कहा कि 23 मई को विषयवार जो प्राप्त प्रमोशन मामलों का विवरण निदेशालय ने प्लस टू ब्रांच को भेजा है, उन सभी शिक्षकों की प्रमोशन इस बार करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस बारे उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है।

वहीं शिक्षकों ने मांग उठाई की टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन में पदों की संख्या 800 से बढ़ाकर 1500 की जाए।

### प्रमोशन नहीं होने के कारण शिक्षक परेशान

शिक्षा विभाग ने 2 साल में प्रमोशन नहीं की है और इस कारण शिक्षक परेशान हैं। उनके आर्थिक हित भी प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा युक्तिकरण की प्रक्रिया को प्रमोशन के बाद किया जाना चाहिए। युक्तिकरण प्रक्रिया को इस समय करने से उन शिक्षकों की भी ट्रांसफर होगी जिनको अगले माह के अंत में टीजीटी से हेडमास्टर और प्रवक्ता प्रमोट किया जाना है जबकि पदों की सरप्लस स्थिति भी नई शिक्षा नीति मानकों के अनुरूप 1:35 अनुपात में तय की जाए।

## गरुड़ासन प्रतियोगिता में साहिल विजेता



**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में योग दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष योग सत्र एवं विविध योग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें गरुड़ासन प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। गरुड़ासन में साहिल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का स्थान प्राप्त किया। इस योग शिविर के माध्यम से शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता संजय कुमार द्वारा विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि योग संपूर्ण जीवनशैली का सार है। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में विक्रांत ने गरुड़ासन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अभिमन्यु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# धर्मशाला में दूसरा 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' आज

## मुख्यातिथि पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली करेंगे समारोह का शुभारंभ

### डीसी हेमराज बैरवा विशिष्ट, एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री विशेष एवं एसपी देहरा मयंक चौधरी व एसपी विजिलेंस बलवीर सिंह होंगे विशेष आमंत्रित अतिथि

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश का तेजी से उभरता दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित करने जा रहा है। यह समारोह उन नायकों को समर्पित है, जो बिना किसी शोहरत या चर्चा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। दूसरा अनंत पुलिस प्राइड समारोह धर्मशाला के राजकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार 22 जून को आयोजित होगा। समारोह सायं 3 बजे से शुरू हो जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली करेंगे। डीसी हेमराज बैरवा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे, जबकि एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री विशेष अतिथि तथा एसपी देहरा मयंक चौधरी व विजिलेंस के एसपी बलवीर सिंह विशेष आमंत्रित अतिथि होंगे।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
Presents
अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड
आपकी सेवाओं का सम्मान

### इन्हें किया जाएगा सम्मानित

**कार्यालय** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांगड़ा स्थित धर्मशाला के अधीन आते पालमपुर पुलिस थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर भूपेंद्र ठाकुर, शाहपुर पुलिस थाना के प्रभारी सब इंस्पेक्टर करतार सिंह, कांगड़ा पुलिस स्टेशन के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर विजय सिंह, धर्मशाला पुलिस थाना के प्रभारी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार, पालमपुर पुलिस थाना के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेड कांस्टेबल सुदेश कुमार, भवारना पुलिस थाना के इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर हेड कांस्टेबल दुल्लो राम, कांगड़ा पुलिस थाना में तैनात लांस हेड कांस्टेबल अभिषेक को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पुलिस अधीक्षक, सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कांगड़ा स्थित धर्मशाला के अधीन आते इंस्पेक्टर दलीप सिंह, इंस्पेक्टर बचन सिंह, एएसआई यशवंत सिंह और हेड कांस्टेबल मंजीत सिंह को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा देहरा डिवीजन के अधीन आते सीआईए स्टाफ के इंस्पेक्टर संदीप पठानिया, खुंडियां की एसएचओ इंस्पेक्टर पूनम, हरिपुर के एसएचओ सब इंस्पेक्टर मंजीत, संसारपुर टैरेस के एसएचओ सब इंस्पेक्टर संजय कुमार, मौहीं के सब इंस्पेक्टर संजीव, खुंडियां के सब इंस्पेक्टर रघुजीत, सीआईए स्टाफ के एएसआई अनिल, मौहीं के ऑनरेरी एएसआई सतनाम, सीआईए स्टाफ के हेड कांस्टेबल संजीव, ज्वालामुखी पुलिस थाना के हेड कांस्टेबल रणवीर, सिक्योरिटी ब्रांच के हेड कांस्टेबल सचिन, साइबर सैल देहरा ब्रांच के कांस्टेबल अवतार सिंह, नोडल पुलिस थाना हरिपुर के कांस्टेबल रमित कुमार, रक्कड़ पुलिस थाना के कांस्टेबल अनिल और देहरा पुलिस थाना के कांस्टेबल राजिंद्र को 'अनंत पुलिस प्राइड अवार्ड-2025' से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, एएसपी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन नॉर्दर्न रेंज के अधीन आते हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार और हेड कांस्टेबल विशाल पटियाल को भी सम्मानित किया जाएगा।

# खेलों से युवाओं का चरित्र निर्माण और नशे से मुक्ति संभव : शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जनसभा को संबोधित करते हुए।

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज रोहड़ू के शीलघाट में 49वीं बुशहर क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहा कि खेल युवाओं के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखते हैं। खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होने के साथ-साथ स्वस्थ मनोरंजन मिलता है और प्रतिस्पर्धा की भावना भी पैदा होती है, जो युवाओं के भविष्य के लिए उपयोगी है।

शिक्षा मंत्री ने स्थानीय युवक मंडल को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में बराल डबल-ए ठियोग विजेता और रझाणा डायनेमिक उपविजेता रही। उन्होंने बताया कि पहाड़ी प्रदेश होने के बावजूद इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रशंसनीय है और अगले वर्ष यह ऐतिहासिक बुशहर क्रिकेट प्रतियोगिता अपने 50वें वर्ष में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में जुब्बल के खेल छात्रावास में इस वर्ष से बैडमिंटन और कबड्डी का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि ग्रामीण बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल सकें। रोहित ने बताया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से हिमाचल शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है। एएसएआर रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल पहले स्थान पर आया है और पीजीआई रिपोर्ट में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले अढ़ाई वर्षों में सरकार ने हजारों अध्यापकों के पदों को भरा है।

विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने भी आयोजन की बधाई दी। उन्होंने आगामी सेब सीजन के मद्देनजर लिंक रोड दुरुस्त करने और शीलघाट में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने नवयुवक मंडल शील को एक लाख रुपए और विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## विश्व योग दिवस पर प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने किया योग



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विश्व योग दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने प्रातःकाल योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, संतुलन और आत्मिक उन्नति का मार्ग है। प्रो. धूमल ने सभी से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरा विश्व इसका लाभ उठा रहा है।

## योग एवं स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक : डॉ. धनीराम शांडिल



योग दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल व अन्य योग करते हुए।


**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि योग एवं स्वास्थ्य एक-दूसरे के पूरक है तथा सभी को अपने जीवन में नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए। डॉ. शांडिल शनिवार को यहां 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित युवाओं एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है।' उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ प्रकृति का ध्यान रखकर संपूर्ण सृष्टि की सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने इस अवसर पर पौधारोपण भी किया। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि योग, ध्यान एवं व्यायाम अपनाएं ताकि स्वस्थ रहकर समाज, प्रदेश और देश की सेवा में अपना योगदान दे सकें। योग युवाओं को नशे से दूर रखने में भी सहायता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहें और सभी को इस दिशा में प्रेरित करें।

# राज्यपाल शुक्ल ने राजभवन, सीएम सुक्खू ने ओक-ओवर में किया योग

## धर्मशाला में राज्य स्तरीय कार्यक्रम, स्कूलों व जिलों में जगह-जगह हुआ योग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला





राजभवन में स्टाफ और पत्रकारों के साथ योगासन करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा (दाएं) ओक-ओवर में योगा करते सीएम सुक्खू।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को हिमाचल प्रदेश में जगह-जगह कार्यक्रम किए गए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम धर्मशाला में रखा गया। धर्मशाला के खेल परिसर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अधिकारियों व नेताओं ने योग किया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के भी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में धर्मशाला जाने की चर्चाएं थी, मगर आखिरी वक्त तक उनका न कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया गया और न ही वह धर्मशाला गए। बताया जा रहा है कि सीएम सुक्खू का हेलिकॉप्टर खराब मौसम के कारण धर्मशाला के लिए उड़ान नहीं भर पाया। सीएम ने सरकारी आवास ओक ओवर में ही योगा किया।

उधर, राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उनके स्टाफ और पत्रकारों ने योग किया। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस की बधाई दी और रोजाना योग करके अपने जीवन को स्वस्थ बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग भारत के ऋषि-मुनियों द्वारा दिया गया एक अमूल्य उपहार है, जो न केवल शारीरिक बल प्रदान करता है, बल्कि मन, आत्मा और चेतना को भी जोड़ता है।

वहीं, राज्यपाल ने कहा कि योग की समस्त परंपरा का मूल शिव में निहित है। हम महर्षि पतंजलि को योग सूत्रों के रूप में जानते हैं, परंतु योग का मूलाधार भगवान शिव हैं। शिव ने ही मानव को योग, नृत्य और साधना का ज्ञान प्रदान किया। वे इस परंपरा के जन्मदाता हैं।

राज्यपाल ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से इस प्राचीन भारतीय परंपरा को विश्व स्तर पर पुनः प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किए जाने के बाद आज विश्व के अनेक देश इस दिन योग का आयोजन करते हैं। इसी तरह अलग-अलग जिलों और स्कूलों में योग दिवस पर कार्यक्रम किए गए।

## युवा नशा छोड़ें, अपनाएं योग : अनुराग



भोरंज में न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में योगासन करते भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल और देश के युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के न्यू ईरा पब्लिक स्कूल में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने भी योगाभ्यास किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रतिदिन आधा घंटा योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर और दिमाग स्वस्थ होगा तभी जिंदगी में आगे बढ़ा जा सकता है। भारत ने पश्चिमी देशों में योग और अध्यात्म को अवतरित किया है। पश्चिमी देशों ने भी योग को अपनाकर इसकी शक्ति के महत्व को जाना है। इस अवसर पर उन्होंने पौधा लगाकर पर्यावरण को बचाने में अपना सहयोग देने की अपील भी की।

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की भरनांग पंचायत आज विकास की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ी, जब अनुराग ठाकुर ने अपने प्रयासों से निर्मित सामुदायिक भवन एवं जिम का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनता में विशेष उत्साह देखा गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भरनांग पंचायत में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं और बच्चों के लिए सशक्त भविष्य की नींव रखेगा।


अनुराग ने कहा कि आज महिलाएं पंचायत स्तर पर बेहतरीन प्रतिनिधित्व कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें विधानसभा और लोकसभा में आगे लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। कार्यक्रम में पंचायत के मेधावी छात्र, जिन्होंने जमा दो की परीक्षा में राज्य स्तर पर उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया और जूडो खिलाड़ी को, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार जीता, सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, विजय बहल, प्रधान विमला देवी, अजय रिंटू, तेज प्रकाश चोपड़ा, विनोद ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

**कर्तव्यनिष्ठा**

## सुखविंद्र सिंह सुक्खू जननायक की सियासी डगर पर लगातार बढ़ रहे आगे, मुख्यमंत्री के ग्राम भ्रमण से बदली प्रदेश की राजनीति की तस्वीर

# मुख्यमंत्री सुक्खू का 'गांववाला' अवतार : जनमानस से सीधी बात और सीधा संवाद

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो



**शिमला।** आमतौर पर वातानुकूलित दफ्तरों और सुरक्षा घेरे में रहने वाले मुख्यमंत्री जब अचानक गांव की पगडंडियों पर नजर आते हैं, तो यह खबर बन जाती है, लेकिन जब यही मुख्यमंत्री एक गांव में आकर ग्रामीण परिवेश में ढल जाता है और उसे लोग 'गांव का मुख्यमंत्री' कहकर संबोधित करने लगते हैं, तो यह सिर्फ खबर नहीं, बल्कि एक राजनीतिक घटना बन जाती है। हाल ही में हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कई दुर्गम गांवों के दौरों ने कुछ ऐसी ही तस्वीरें पेश की हैं, जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं और आम जनमानस में उत्सुकता जगा रही हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू के ये दौरे महज एक औपचारिक दौरे नहीं थे, बल्कि एक ऐसा प्रयास था, जहां उन्होंने अपनी पारंपरिक छवि को तोड़ते हुए खुद को जनता से सीधे जोड़ा। गांव की चौपाल पर बैठकर, आम लोगों के बीच घुल-मिलकर, उनकी समस्याओं को सीधे सुनना और यहां तक कि उनकी परंपरा में रच-बस जाना, जैसी गतिविधियों में शामिल होना, एक ऐसा दृश्य था जिसने सभी को चौंकाया। स्थानीय लोगों का मुख्यमंत्री को 'गांव का मुख्यमंत्री' कहकर संबोधित करना, उनके प्रति एक नई आत्मीयता और विश्वास का प्रतीक है।

### जननायक बनने की कवायद

**मुख्यमंत्री** का यह 'गांववाला' अवतार वाकई दिलचस्पी बढ़ाता है। यह जनसंपर्क अभियान वास्तव में काबिलेतारीफ है आलोचक चाहे इसे अगले चुनावों को देखते हुए एक सोची-समझी चाल कहें, लेकिन असल में लोगों से सीधा जुड़ना एक नई सियासी दिशा दिखाता है, जहां मुख्यमंत्री अपनी छवि को एक आम आदमी के नेता के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। उनका तर्क है कि बड़े शहरों की चमक-दमक से दूर, ग्रामीण हिमाचल की नब्ज पकड़ना किसी भी नेता के लिए चुनावी सफलता की कुंजी हो सकती है। हालांकि, कुछ लोग इसे मुख्यमंत्री सुक्खू की संवेदनशीलता और जनता के प्रति उनके वास्तविक जुड़ाव का प्रमाण भी मान रहे हैं। उनका मानना है कि जब कोई शीर्षस्थ नेता खुद जमीनी स्तर पर उतरकर लोगों की तकलीफें समझता है, तो इससे न केवल समस्याओं का समाधान तेजी से होता है, बल्कि जनता में भी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ता है। ग्रामीण लोगों के साथ की प्रतीकात्मक क्रिया यह दर्शाती है कि मुख्यमंत्री छोटे से छोटे काम में भी लोगों के साथ खड़े हैं।

### आम जनमानस पर प्रभाव

**मुख्यमंत्री** के इस अवतार का आम जनमानस पर गहरा प्रभाव पड़ना तय है। दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार से शुरू हुआ ग्रामीण सफर बागा सराहन तक जा पहुंचा है, जो आगे बड़ा भंगाल होते हुए माहूंनाग के ग्रामीण परिवेश में जाकर थमेगा। गौरतलब है कि ग्रामीण इलाकों में, जहां अक्सर नेताओं तक अपनी बात पहुंचाना मुश्किल होता है, ऐसे दौरे उम्मीद की एक नई किरण जगाते हैं। जब मुख्यमंत्री स्वयं उनके बीच होते हैं, तो लोगों को लगता है कि उनकी आवाज़ सुनी जा रही है और उनकी समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। यह भावना उन्हें सरकार के प्रति अधिक सकारात्मक बनाती है और उन्हें अपनी भागीदारी महसूस कराती है।

### पानी-सड़क-विकास के बाद अब गांव वाले मुख्यमंत्री का नया अवतार

**अभी** तक प्रदेश के अंदर दिग्गज नेता शांता कुमार को पानी वाला मुख्यमंत्री, प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल को सड़क वाला मुख्यमंत्री और वीरभद्र सिंह को विकास पुरुष वाला मुख्यमंत्री का तमगा मिल चुका है और अब वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को गांव वाला मुख्यमंत्री का नाम दिया जा रहा है। वैसे भी, शहरी क्षेत्रों में यह खबर मुख्यमंत्री सुक्खू की एक अलग छवि पेश करेगी। यह दर्शाएगा कि वे केवल बड़े प्रोजेक्ट्स और नीतियों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर भी लोगों से जुड़े हुए हैं। यह उनकी नेतृत्व क्षमता को और अधिक मानवीय और सुलभ बना सकता है।

### आगे की राह में सीएम सुक्खू की भूमिका

**मुख्यमंत्री** सुक्खू का यह 'गांव का मुख्यमंत्री' अवतार कितना स्थायी होता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन एक बात स्पष्ट है कि यह दौरा राजनीतिक संवाद को एक नई दिशा दे रहा है। यह नेताओं को यह सोचने पर मजबूर करेगा कि जनता से जुड़ने का सबसे प्रभावी तरीका सीधा और सरल संवाद है, बजाय केवल भाषणों और घोषणाओं के। अगर मुख्यमंत्री इसी तरह ग्रामीण जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करते रहेंगे और उनकी समस्याओं का वास्तविक समाधान करते रहेंगे, तो उनका यह 'गांववाला' अवतार निश्चित रूप से उन्हें एक सच्चे जननायक के रूप में स्थापित करेगा और राजनीति में एक नई मिसाल कायम करेगा।

# मोदी सरकार के 11 साल कांग्रेस पर भारी : कश्यप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



विकसित भारत संकल्प सभा में भाग लेते सुरेश कश्यप।

सांसद सुरेश कश्यप ने शिमला ग्रामीण में 'विकसित भारत संकल्प सभा' में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण में ऐतिहासिक रहे हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की सराहना की, जो अब 70 वर्ष से अधिक आयु वालों को भी 5 लाख का स्वास्थ्य लाभ देगी।

कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार की हिमकेयर योजना को ठप कर दिया है, जबकि इस योजना से लाखों लोग लाभान्वित हुए थे और हिमाचल सरकार पर इसके 400 करोड़ बकाया हैं। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र ने हिमाचल को आपदा में 3500 करोड़, एक लाख करोड़ के नेशनल हाईवे, एक लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास, और 100 फीसदी शहर घर जल जैसी योजनाएं दी हैं। कश्यप के अनुसार, केंद्र सरकार की पिछले 11 वर्षों की उपलब्धियां कांग्रेस के शासनकाल से कहीं बेहतर हैं।

## हिमाचल पुलिस कांस्टेबल भर्ती में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच हो : एसएफआई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा एक बार फिर सवालों के घेरे में है। 15 जून को आयोजित इस परीक्षा में राज्य भर से 15,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन अब कांगड़ा और चंबा जैसे जिलों से धांधली के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इन आरोपों पर चिंता व्यक्त की। एसएफआई ने याद दिलाया कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी ऐसी भर्तियों में धांधली के मामले सामने आए थे और अब यह नई भर्ती प्रक्रिया भी संदेह के घेरे में है।

एसएफआई का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में पहले से ही बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और ऐसे में भर्ती परीक्षाओं में धांधली के आरोप प्रदेश सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हैं। एसएफआई ने प्रदेश सरकार से तत्काल संज्ञान लेने और इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने कहा है कि यदि कोई भी इस धांधली में संलिप्त पाया जाता है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

# सिरमौर मामला 'लव जिहाद' का कांग्रेस सनातन विरोधी : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



प्रेस वार्ता को संबोधित करते जयराम ठाकुर, साथ हैं अन्य।

भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सिरमौर में हालिया घटना को स्पष्ट रूप से 'लव जिहाद' का मामला बताते हुए कांग्रेस की विचारधारा को 'सनातन विरोधी' करार दिया है। कांग्रेस की 'सनातन विरोधी' सोच और सीएम के बयान पर निशाना जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार की सोच सनातन विरोधी है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सिरमौर के पांवटा साहिब में एक 18 वर्षीय लड़की के 19 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति के साथ घर से जाने के मामले को 'लव जिहाद' करार दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में विशेष समुदाय के लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि आंदोलनकारी हिंदुओं पर अटेम्प्ट टू मर्डर (बीएनएस 109) के तहत मुकदमे दर्ज किए गए। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस सरकार को चेतावनी देते हुए मांग की कि भाजपा नेताओं पर से अटेम्प्ट टू मर्डर के केस तुरंत रद्द किए जाएं। उन्होंने यह भी मांग की कि लड़की को गुमराह करने वाले लड़के पर कड़ी कार्रवाई हो और उसके खाते में लाखों रुपए के लेन-देन की कड़ी जांच हो।

रास्य स्तरीय मां शूलिनी मेले की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबन्धन अभिकरण (आतमा), सोलन द्वारा किसानों की खुशहाली के लिये उठाये जा रहे सर्वोत्तम कार्य।

'प्राकृतिक खेती अपनायें स्वस्थ जीवन जियें तथा पर्यावरण को संरक्षित रखें'

1. आत्मा, प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना और एनएमएनएफ योजनाओं के अंतगर्त प्राकृतिक खेती की विधि को सभी किसानों तक पहुँचाने के लिए जागरूकता शिविरों, कार्यशालाओं, प्रदर्शन प्लॉटों एवं कृषक पाठशालाओं का आयोजन करना। 2. कृषि एवं बागवानी विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों में खरीफ व रबी मौसम में प्राकृतिक खेती आधारित विभिन्न पहलुओं पर किसान वैज्ञानिक परिचर्चा का आयोजन करना। 3. प्रत्येक विकास खण्ड में कृषि, बागवानी एवं पशुपालन विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती आधारित कृषक पाठशालाओं का आयोजन करना। 4. प्राकृतिक खेती आधारित विभिन्न घटकों पर खण्ड स्तर पर कृषक सामग्री रुचिकर एवं खाद्य सुरक्षा समूहों का गठन एवं क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण आयोजित करना। 5. कृषकों को प्राकृतिक खेती अपनाने बारे जिला, राज्य एवं अन्तर राज्य स्तरीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण का आयोजन करना। 6. प्राकृतिक खेती अपना रहे किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न घटकों को तैयार करने हेतू प्लास्टिक के ड्रमों की खरीद पर अनुदान उपलब्ध करना। 7. प्राकृतिक खेती अपना रहे किसानों को गौशाला को पक्का करने हेतू प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करना।

जिला में प्राकृतिक खेती अप्रैल 2018 से विधिवत तरीके से शुरू की जा रही है। जिला सोलन में 1915.642 हेक्टेयर भूमि में प्राकृतिक विधि से खेती की जा रही है। जिला सोलन में अभी तक लगभग 620 प्रशिक्षण शिविर लगाए जा चुके हैं, जिसमें 13077 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है और 12670 किसानों ने विधिवत रूप से प्राकृतिक खेती को अपना लिया है। इन किसानों का सितारा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण किया जाता है। सोलन जिला में आज तक 10000 किसानों को प्रमाणित किया जा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### दस लोगों को योग सिखाने का लें संकल्प : बंसल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन धौलाधार हाइट्स रिसार्ट कुनाल पथरी के हाल में करवाया गया। इसमें विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों भाग लिया और योग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्थित योग अध्ययन केंद्र की ओर से पिछले एक महीने से पूरे धर्मशाला क्षेत्र के स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व आम जनमानस को योग से अपने शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के प्रति जागरूक करवाया गया। उन्होंने हर एक से दस व्यक्तियों को योग सीखाने का आह्वान किया, ताकि लोग योग के बारे में जाने कि स्वास्थ्य के लिए कितना लाभदायक है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। योग विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। नशा मुक्ति को एक अहम जिम्मेदारी मानते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इसके लिए वचनबद्ध है।

### गाहलियां स्कूल में योग दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसका विषय है 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग', जो इस महत्वपूर्ण सत्य को प्रतिध्वनित करता है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रह स्वास्थ्य अविभाज्य रूप से जुड़े हुए हैं। गाहलियां के उप प्रधान किशोरी लाल मेहता ने बच्चों को योग करवाया और बच्चों को नशे से दूर रहने की शिक्षा दी। कार्यकारी प्रधानाचार्य अजय चौहान ने किशोरी लाल मेहता का धन्यवाद किया, जो विद्यालय में आकर हर वर्ष बच्चों को योग दिवस पर योग करवाते हैं। इस दौरान नवनीत वालिया, राजीव डोगरा, विकास चौधरी, संजीव शर्मा, भारती, पंकज, विक्रम आदि मौजूद रहे।

### गरली में ग्रामीणों ने सीखे तंदुरुस्ती के टिप्स

**अनंत ज्ञान, गरली।** धरोहर गांव गरली में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। ग्रामीणों को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी दी गई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई पंचायत प्रधान शशिलता ने की। उन्होंने लोगों को सूर्य नमस्कार, सुखम व्यायाम, लोम- विलोम, कपालभाति, ताड़ासन, वृक्षासन, हस्तपादासन समेत कई अन्य योग आसनों का अभ्यास करवाया। योग प्रशिक्षकों ने हर आसन के स्वास्थ्य लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास करने से तनाव, थकान, मोटापा और अन्य बीमारियों से राहत मिलती है। ग्रामीणों को तंदुरुस्ती बनाए रखने के सरल लेकिन असरदार टिप्स भी दिए और लोगों को हर दिन कम से कम 30 मिनट योग करने की सलाह

### नियमित योग से कई बीमारियों से बचाव



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कथोग के वेलनेस क्लब की ओर से लॉरेट ग्लोबल स्कूल डोल में योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह अशावत, निदेशक सहप्राचार्य लॉरेट इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी तथा डॉ. अंकिता शर्मा, प्राचार्य लॉरेट ग्लोबल स्कूल एवं वेलनेस क्लब की चेयरपर्सन ने कार्यक्रम को संबोधित किया। डॉ. अशावत ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवनशैली है। जो मन, शरीर और आत्मा के सामंजस्य को सुदृढ़ करता है। नियमित योग अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी कई बीमारियों से बचाव संभव है और यह समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

### योगासन से सीखे स्वस्थ रहने के तरीके

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** गढ़ जमूला स्कूल में योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ है। अध्यापकों के साथ एनएसएस वालंटियर्स के साथ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के योगासनों से अपने शरीर को स्वस्थ रहने के तरीके सीखे। गायत्री परिवार से जुड़े केदारा के धर्म सिंह ने हमारा शरीर कैसे स्वस्थ रहेगा, के बारे में जानकारी दी। उन्होंने योग का महत्व बताया व विद्यार्थियों को योगासन भी करवाए। इस मौके पर प्रधानाचार्या मीनू सूद ने विद्यार्थियों को योग का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के योग आसन करने से स्मृति, ध्यान व एकाग्रता में सुधार किया जा सकता है। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### दैनिक कार्यकलाप में योग को करें शामिल



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर कांगड़ा के विवेकानंद ट्रस्ट के संतोष कुशवाहा ने विभिन्न योग क्रियाओं के बारे में बताया। ट्रस्ट के उत्तर प्रांत के संचालक के डॉ. अशोक रैणा ने योग को अध्यात्म को ईश्वर तक पहुंचाने का रास्ता बताया। इस कार्यक्रम में 262 विद्यार्थियों, अध्यापक, एमसी सदस्य मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि योग एक दिन का नहीं बल्कि इसे रोजाना दैनिक कार्यकलाप में शामिल करना बेहतर विकल्प है।

### गगल एयरपोर्ट में योग का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल एयरपोर्ट पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग दिवस मनाया। एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि एयरलाइंस, एपीएसयू और निजी संस्थाओं के हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। आयुष मंत्रालय के योग प्रशिक्षकों ने सत्र का मार्गदर्शन किया, जिससे यह एक बड़ी सफलता बन गई। कांगड़ा हवाई अड्डे पर टर्मिनल के अंदर यात्रियों के लिए एक लघु योग सत्र आयोजित किया गया।

### रोज योग कर बीमारियों से पाएं छुटकारा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा मंडल भाजपा ने मटौर कार्यालय में योग दिवस मनाया। योग शिक्षक राजेश गोयल ने भाजपा कार्यकर्ताओं को योगा के टिप्स दिए। विधायक पवन काजल ने कहा कि रोजाना योगा करने से शारीरिक ओर मानसिक विकास होता है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मनुष्य को अपने व्यस्त समय से रोजाना एक घंटा योग के लिए निकालना चाहिए। इससे बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

### सिद्धबाड़ी, योल में कल बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 23 जून को 33/11 केवी के तहत आने वाले क्षेत्रों सिद्धबाड़ी, योल, योल बाजार, नरवाना, सिद्धपुर, होडल, घुरलु, फतेहपुर, सुक्कड़, बागणी, होटल क्लब महिंद्रा, दाडनू, चोहला, रक्कड़, दाड़ी, खनियारा, स्लेट गोदाम, बन्नी बंनोरडू, मोहली, तपोवन, झिओल, बरवाला, थातरी, खरोता, धलूं, तंगरोटी, रमेड़, सेराथाना, 53 मील, रौंखर, रजियाणा, बलधर आदि क्षेत्रों में दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक बिजली बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। मौसम खराब होने पर यह कार्य स्थगित किया जा सकता है। उन्होंने जनता से बिजली विभाग को सहयोग करने की अपील की है।

# चेतावनी बोर्ड की अनदेखी कर बनेर खड्ड में नहा रहे श्रद्धालु

## बारिश होने से खड्ड का बढ़ा जलस्तर, पहले भी हो चुके हैं कई हादसे

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** हिमाचल में मानसून ने दस्तक दे दी है और नदियां व खड्डों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। वहीं, कांगड़ा के साथ लगती बनेर खड्ड में बाहरी राज्यों के लोग नहाने के लिए जाते हैं।

ऐसा ही नजारा शनिवार को देखने को मिला जब, श्रद्धालु इस उफनती खड्ड में बच्चों संग नहाने के लिए उतर गए। बता दें कि बनेर खड्ड में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। हालांकि, प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड लगा रखे थे, परंतु श्रद्धालु उन्हें अनदेखा कर अपनी जान को जोखिम डाल रहे हैं। पूर्व में तो प्रशासन ने यहां पर जाली लगाकर रास्ते को बंद कर बोर्ड लगाया था, जिसमें लिखा था कि यह मौत का कुआं है। प्रशासन ने बाकायदा इस स्थल पर डूबकर मरने वालों का नाम और संख्या भी लिखी थी, लेकिन शरारती तत्वाओं ने इस बोर्ड को हटा दिया है। अगर यह श्रद्धालु इसी तरह बेखौफ होकर बनेर खड्ड में नहाने से बाज नहीं आए तो प्रशासन के समक्ष बहुत बड़ी चेतावनी खड़ी हो सकती है। स्थानीय लोगों की प्रशासन से मांग है कि उक्त स्थल पर पुलिस व होमगार्डों की तैनाती की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को यहां नहाने से रोका जा सके।



कांगड़ा के साथ लगती बनेर खड्ड में नहाते बाहरी राज्यों के श्रद्धालु।

> **शिकायतें** आ रही हैं। तीन होमगार्ड जवानों को तैनात कर दिया है व उन्हें सख्त निर्देश दिए हैं कि लोगों पर पैनी नजर रखी जाए। अगर फिर भी नियमों का उल्लंघन करते हुए किसी को पाया गया तो जुर्माने के साथ कड़ी कारवाई की जाएगी।
>
> **-इशांत जस्वाल, एसडीएम, कांगड़ा।**



# सिद्धपुरघाड़ में पुलिया का एक हिस्सा धंसा



सिद्धपुरघाड़ में भरमाड़-दरकाटी मार्ग पर धंसा पुलिया का हिस्सा।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** लोक निर्माण विभाग जवाली के अधीन भरमाड़-सिद्धपुरघाड़-दरकाटी-लब मार्ग पर सिद्धपुरघाड़ में निर्मित पुलिया का एक तरफ का हिस्सा धंस जाने से वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। मानसून ने दस्तक देते ही कहर बरपाना शुरू कर दिया है।

इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही बंद होने से लोगों को पैदल ही सफर करना पड़ेगा। दो-तीन माह पहले ही यह हिस्सा धंसा था, जिसको दरिया से मैटीरियल उठाकर भरा था, लेकिन अब यह हिस्सा फिर से धंस गया है। बारिश के कारण खड्ड का बहाव एक तरफ हो जाता है, जिससे यह नौबत आती है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग जवाली से मांग की है कि इस बार-बार क्षतिग्रस्त हो रहे हिस्से पर कंकरीटनुमा डंगे लगाकर फिलिंग की जाए।

# योग से मन को करें शांत: रंजीत



त्रिगर्त योग संस्थान कांगड़ा से योगी रंजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते स्टूडेंट्स को बताया योग का महत्व।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**द्रोणाचार्य** स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में संजीवनी क्लब की समन्वयक पारुल शर्मा के नेतृत्व योग दिवस मनाया गया।

त्रिगर्त योग संस्थान कांगड़ा से योगी रंजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, राज योग विशेषज्ञ डॉ. बीएस पठानिया विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। रंजीत सिंह ने बच्चों से कहा कि अच्छी आदतें सीखनी चाहिए। गीता के श्लोक और वेदों के ज्ञान को अपने जीवन में उतारने के लिए कहा। उन्होंने ब्रह्म मूर्त में उठने के फायदे बताए व युवाओं को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समय के महत्व के बारे में बच्चों को जागरूक किया गया। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम को सिखाया। योग मन को शांत करता है, एकाग्रता बढ़ाता है और नींद की गुणवत्ता में सुधार करता है। प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने भी बच्चों को सुदर्शन क्रिया सहित योग विधियों को करवाया। कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने सभी बच्चों को राज योग का अभ्यास करवाया।

**द्रोणाचार्य कॉलेज में मनाया अंतराष्ट्रीय योग दिवस**

# ऊना में आज होंगे अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-23 क्रिकेट टीम (पुरुष) के चयन के लिए 22 जून को ट्रायल रखे गए हैं। ट्रायल प्रक्रिया ऊना जिला के इंदिरा स्टेडियम में पूरी की जाएगी। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि ट्रायल में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी खिलाड़ी हिमाचली बोनाफाइड होना चाहिए।

ट्रायल्स में वही खिलाड़ी हिस्सा ले पाएंगे, जो एचपीसीए के साथ पंजीकृत हैं। परमान ने कहा कि ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों को जन्मतिथि प्रमाण पत्र, 10वीं का प्रमाणपत्र, बोनाफाइड और आधारकार्ड साथ लाने होगा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए होने जा रहे यह ट्रायल्स 22 जून को सुबह नौ बजे से शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी किट भी साथ लानी होगी।

# डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में बच्चों को बताए योग के लाभ



डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।**

डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में विश्व योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने सुबह प्रार्थना सभा में योग के फायदों के बारे में कविताएं व लेख पढ़े। शिक्षकों ने बच्चों को योग के लाभ बताए। विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन किए। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत करवाया। इस अवसर पर अध्यापक कुसुम, नरेश, याशिंद्र, मीनाक्षी, अनिता, रीना, कुलभूषण, लक्ष्मी, मानव, सनी, वरुण, विवेक, नवधा, शबनम, शिवानी, साहिल, संजय, शम्मी भी उपस्थित रहे।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज में सिखाया योग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** ज्ञान ज्योति शिक्षा महाविद्यालय राजोल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि किसान सेवा समिति की ओर से छात्र-छात्राओं को योग सिखाया। प्राचार्या विजेयता चौधरी व शिक्षकों ने भी योग किया। योग करने से मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहता है, काम करने की स्फूर्ति बनी रहती है साथ ही मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। छात्रों को विभिन्न आसन करवाए।

# लुहना के लोगों ने सड़क के लिए सात कनाल भूमि की दान



सड़क के बनने से लोगों को मिलेगा 30 किलोमीटर दूरी से छुटकारा।

**नगरोटा बगवां , अनंत ज्ञान**

**तहसील** बड़ोह के लुहना के करीब 24 परिवारों ने सड़क के लिए करीब 7 कनाल भूमि का दान कर लोक निर्माण के नाम की है। इससे क्षेत्र की करीब 10 पंचायतों के लोगों को इस सड़क के बनने से 25 से 30 किलोमीटर दूरी से छुटकारा मिलेगा। लुहना से अब बड़ोह की दूरी करीब 3 किलोमीटर रह जाएगी।

यह सब बड़ोह के यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजय सिंह और कार्यकर्ता परवीन व उनके साथियों द्वारा गांव के लोगों से संपर्क करने पर हो पाया। इस सड़क का मामला गत करीब 25 वर्षों से किसी कारण रुका पड़ा था। नगरोटा बगवां के विधायक एवं पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष, कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली और गांववासियों के प्रयासों से शनिवार को लोगों ने बड़ोह तहसील में संयुक्त रूप से अपनी भूमि का स्वेच्छा से दान कर इसे लोक निर्माण विभाग के नाम कर दिया। अजय सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले आरएस बाली ने लोगों को प्रेरित किया कि आप जमीन दो, हम सड़क सुविधा उपलब्ध कराएंगे। इसी का असर हुआ और लोगों ने करीब 10 पंचायतों के लोगों को सहूलियत पहुंचाने की खातिर अपनी भूमिदान कर दी है। सड़क के निर्माण के लिए करीब 3 करोड़ और पुल के लिए करीब 4 करोड़ की डीपीआर लोक निर्माण विभाग बड़ोह के एसडीओ सुनील कुमार ने तैयार करवा दी है।

# धर्मशाला में 40 फुट नीचे गिरी कार, चालक घायल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला**-मैक्लोडगंज को खड़ा डंडा से जोड़ने वाले मार्ग पर शुक्रवार देर रात टूरिस्ट की कार बेकाबू होकर सड़क से 40 फुट नीचे जा गिर गई। इस हादसे में ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन कार को भारी नुकसान हुआ। चालू वर्ष में यहां चार हादसे हो चुके हैं। पिछले साल भी इतने ही हादसे हुए थे। यह मार्ग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा इसी सड़क से अपने आवास और मंदिर के बीच आते-जाते हैं। सड़क की स्थिति और भी चिंताजनक है। जगह-जगह लैंडस्लाइड से यह क्षतिग्रस्त है। सड़क किनारे न तो रिटेनिंगवॉल है और न ही कोई स्थाई सेफ्टी बैरियर। सरकार धर्मशाला को हिमाचल की पर्यटन राजधानी बनाने का दावा करती है, लेकिन इस तरह की असुरक्षित सड़कों की मौजूदगी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा बन रही है।

# ट्रैकर नितिन शर्मा का नहीं लगा सुराग, मौसम बना रुकावट

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**योल।** पिछले आठ दिनों से लापता ट्रैकर नितिन शर्मा का कोई सुराग नहीं लग पाया है। आदि हिमानी चामुंडा से आगे ट्रैक्रर नितिन शर्मा की खोज अब तक बेनतीजा रही है। नितिन आदि हिमानी चामुंडा से आगे ट्रैक करते हुए के दौरान लापता हो गए थे। मौसम लगातार खराब बना हुआ है, जिससे सर्च ऑपरेशन में बाधा आ रही है। शनिवार को जिला डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी में धर्मशाला स्थित माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट की नौ सदस्यीय टीम जितेंद्र (इंचार्ज) के नेतृत्व में सर्च अभियान के लिए रवाना हो गया है। वहीं, नितिन शर्मा के परिजनों ने कांगड़ा की एडीएम शिल्पी बेक्टा से भी मुलाकात की। बेक्टा ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस कठिन मौसम के बावजूद प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन में कोई कमी नहीं रखी है। उन्होंने बताया कि इस समय लगभग 36 लोग कांगड़ा और चंबा की तरफ से खोजबीन में लगे हुए हैं। वहीं, परिजनों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है और गांव में भी तनाव और बेचैनी का माहौल है। प्रशासन मौसम साफ होने की प्रतीक्षा कर रहा है, ताकि सर्च ऑपरेशन को और व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जा सके। प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन मौसम और दुर्गम इलाका इस अभियान की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### एंजल स्कूल भवारना में योग और विश्व संगीत दिवस मनाया

**राकेश डोगरा, डरोह।** एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और विश्व संगीत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अवनी की सुंदर कविता की प्रस्तुति से हुई, जिसने सभी का मनमोह लिया। अथर्व आर्य और उनके समूह ने शानदार संगीत प्रस्तुति दी, जो आकर्षण का केंद्र रही। अलिशा और उनके समूह द्वारा पेश योग डांस सभी को रोमांचित कर गया। प्रधानाचार्य समीर सूद ने योग एवं संगीत के महत्व के बारे में स्टूडेंट्स को महत्व बताया।

# एपीएमसी कांगड़ा ने कमाए 2 करोड़ 61 लाख : मोंगरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**इच्छी ऑफिस में सुनी समस्याएं, बोले- आपदा से निपटने को तैयार**

**एपीएमसी** के जिला व हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष निशु मोंगरा ने कहा कि साल 2022-23 से 24-25 तक एपीएमसी ने कांगड़ा जिले में दो करोड़ 61 लाख से ज्यादा की कमाई की है। इस अवधि के दौरान एपीएमसी ने 7,95,74,300 करोड़ की कमाई की है। वहीं, 4,88,40,600 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। ऐसे में कुल कमाई दो करोड़ इकसठ लाख से ज्यादा रही।



निशु मोंगरा शनिवार को जमानाबाद रोड इच्छी ऑफिस में जनसमस्याएं सुनने के दौरान जनता से मुखातिब थे। मोंगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की अगुवाई में एपीएमसी लगातार आगे बढ़ रही है। बरसात में आपदा से निपटने के लिए कांग्रेस सरकार पूरी तरह तैयार है। उन्होंने जिले की सब्जी मंडियों में फल-सब्जी की आवक का आंकड़ा रखा। उन्होंने कहा कि कांगड़ा सब्जी मंडी में साल 2024-25 में 23407 क्विंटल फल पहुंचे, जबकि सब्जी का आंकड़ा 58190 क्विंटल रहा। जसूर मंडी आवक में जिले में नंबर वन है। जसूर में इस अवधि में 43207 क्विंटल फल व 78558 क्विंटल सब्जी पहुंची। फल और सब्जी की आवक में जसूर मंडी सबसे आगे है। अन्य मंडियों में भी अच्छा कारोबार हो रहा है। बरसात से पहले हर जगह क्लोरिनेशन किया जा रहा है। किसानों को बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर हम प्रतिबद्ध हैं

**निरीक्षण** बूथ लेवल अधिकारियों से ली क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों की जानकारी

# निर्वाचन आयोग की टीम ने मतदान केंद्रों को जांचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारत** निर्वाचन आयोग की 10 सदस्यीय टीम ने (अनुभाग अधिकारी) अभिषेक अग्रहरि के नेतृत्व में शनिवार को जिले के दुर्गम मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दुर्गम क्षेत्रों में चुनावी तैयारियों कस आकलन किया। टीम ने 17-शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते दुर्गम मतदान केंद्रों सुक्खु घ्राट, मनोह, तथा बोध सारना आदि मतदान केंद्रों को जांचा। ये मतदान केंद्र राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा चुनौती पूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान टीम ने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्तर पर आने वाली प्रशासनिक व लॉजिस्टिक चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना गया। टीम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस दौरे का उद्देश्य भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली, पारदर्शी और समावेशी बनाना है। इस दौरे के माध्यम से न केवल चुनावों के आयोजन का मूल्यांकन किया जा रहा है, बल्कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, पहुंच एवं संसाधनों की स्थिति का भी गहन मूल्यांकन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान शाहपुर उपमंडल के तहसीलदार दीक्षांत ठाकुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने टीम को स्थानीय स्तर पर नागरिकों द्वारा उठाई गई समस्याओं से अवगत कराया व क्षेत्र की प्रमुख आवश्यकताओं की जानकारी दी। टीम ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने तथा विवरण में संशोधन की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और बूथ लेवल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि योग्य मतदाताओं का समावेश और अयोग्य नामों का समय पर व सही ढंग से विलोप न हो।



कांगड़ा जिले के दुर्गम मतदान केंद्रों का निरीक्षण करती भारत निर्वाचन आयोग की टीम।

### मूलभूत सुविधाओं और पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए प्रिशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग के अनुभाग अधिकारी अभिषेक अग्रहरी ने की। मूलभूत सुविधाओं और पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारियों) को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, स्थानांतरण तथा दिव्यांग मतदाताओं की पहचान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अग्रहरी ने मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता व शुद्धता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके लिए बीएलओ की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान मतदान स्थलों की सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया गया।

# जड़ें खोदकर सुखाए जा रहे देवदार के पेड़, फिर कटान

## मैक्लोडगंज में कई क्षेत्रों में भूस्खलन की आशंकाएं बढ़ीं, पर्यावरण संरक्षकों में रोष, कहा-तस्वीरों में ही रह जाएंगी यादें

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में देवदार के पेड़ों पर अत्याचार की हदें पार की जा रही हैं। पहले जड़ों को खोदकर पेड़ों सुखाया जा रहा है और उसके बाद काटे जा रहे हैं। यह सिलसिला काफी समय से चला है। अवैध रूप से देवदार के पड़ों के कटान को लेकर पर्यावरण संरक्षकों में गहरा रोष है। उनका कहना है कि वन विभाग को सूचित करने के बाद भी दोषियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठया जा रहा है, जबकि बरसात के मौसम में पर्यटन नगरी के कई हिस्सों में स्लाइडिंग की आशंकाएं बढ़ती देखी जा रही हैं। मैक्लोडगंज के डल झील के आस-पास की बात करें तो यहां वर्षों से विकसित देवदार के पेड़ों को सुखाने के बाद उखाड़ा और गिराया गया है। पर्यावरण संरक्षकों का आरोप है कि कानून की नजरों में इस घटना को छिपाने की भी कोशिश की गई है, जो होटल और रियल एस्टेट परियोजनाओं सहित वाणिज्यिक निर्माण के लिए भूमि को साफ करने की अतृप्त इच्छा से प्रेरित प्रतीत माना जा रहा है।

प्रदेश सरकार ने देवदार के पेड़ों को काटने पर प्रतिबंध लगाया है और बिना अनुमति के देवदार के पेड़ों को काटा नहीं जा सकता। देवदार के पेड़ को काटने पर वन एक्ट में इसकी लकड़ी को छिपाने पर सजा के साथ भारी जुर्माने का प्रावधान किया है। डल झील क्षेत्र में देवदारों के पेड़ों का अवैध कटान निजी भूमि पर हो सकता है, जिसको लेकर भी पर्यावरण संरक्षकों ने वन विभाग को सूचित किया है।


खुदाई कर देवदार के पेड़ की जड़ों को निकाला।

### समय रहते कदम उठाने की जरूरत

**क्षेत्र** के पर्यावरण कार्यकर्ता गजाला अब्दुल्ला द्वारा मैक्लोडगंज में अवैध देवदार की कटाई के खिलाफ लंबे समय से अभियान चलाया हुआ है। गजाला अब्दुल्ला का कहना है कि अगर उनके द्वारा चलाए गए अभियान को बीच में छोड़ दिया गया तथा इस मौन विनाश को अनियंत्रित छोड़ दिया गया, तो इसके अपरिवर्तनीय परिणाम आने वाले दिनों में घातक हो सकते हैं। देवदार के पेड़ केवल लकड़ी नहीं हैं। यह पेड़ एक पिल्लर का भी काम करते हैं, जो पहाड़ियों को अपनी जगह पर स्थिर रखने का काम करते हैं। पर्यावरण संरक्षकों का मानना है कि अगर विभाग मौन रहता है तो बरसात के दिनों में भूस्खलन ओर भारी तबाही का मंजर देखने को मिलेगा, जिसको लेकर समय रहते कदम उठाने की जरूरत है।

### पर्यावरण संरक्षक बोले- प्राकृतिक पहचान भी धीरे-धीरे हो जाएगी खत्म

**पर्यावरण** संरक्षकों व कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भू-स्वामी पेड़ों की जड़ों के आसपास गुप्त रूप से खुदाई करते हैं, जिससे वे धीरे-धीरे सूख जाते हैं। पेड़ कमजोर हो जाने पर उसके गिरने का खतरा बताकर काटने की बात कही जाती है। स्थानीय निवासी प्रेम सागर का कहना है कि यह केवल वनों की कटाई नहीं है, बल्कि प्राकृतिक पहचान भी धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो देवदार के पेड़ पुरानी तस्वीरों में ही रह जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### नियमित योग कर बीमारियों को दूर भगाएं



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कौना हल्दरा में शनिवार को विश्व योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय चिकित्सालय की आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. पूनम ठाकुर ने ग्रामीणों को योग क्रियाएं करवाईं। उन्होंने कहा कि हम सबको प्रतिदिन योग क्रियाएं करनी चाहिए, जिससे हमें शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य का भी लाभ प्राप्त होता है। तन और मन स्वस्थ है, उसे रोग कभी छू ही नहीं सकता। उन्होंने कहा कि अगर हम अपनी जीवन शैली में योग व आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाते हैं, तो हम तमाम जिंदगी निरोग रह सकते हैं।

### योग से आंतरिक संतुलन बनाए रखें : प्रो. नवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में योग दिवस पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि योग को केवल शारीरिक व्यायाम न मानते हुए उसे जीवन का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करता है, बल्कि यह मानव और प्रकृति के मध्य सामंजस्य भी स्थापित करता है। योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' पर भी प्रकाश डाला। यह थीम एक महत्वपूर्ण सत्य को उजागर करती है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी की सेहत आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने सभी को दैनिक जीवन में योग को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया।

### मोदी युग परिवर्तन तथा विश्वास का युग : राहुल



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के जिला परिषद सदस्य एवं भाजपा के युवा नेता राहुल पठानिया ने कहा कि विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है, उनके नेतृत्व में भारत ने जिस तेज गति से बदलाव का अनुभव किया है, वह देश के इतिहास एक स्वर्णिम कालखंड के रूप में दर्ज हो गया है। उन्होंने कहा कि मोदी युग परिवर्तन तथा विश्वास का युग है। इसके चलते भारत पूरे विश्व में जीडीपी में पिछले 11 साल में चौथे स्थान पर आ गया है। आज भारत की दशा दिशा बदली है। हर क्षेत्र में भारत का विकास हुआ है, जिसका श्रेय पीएम मोदी को जाता है।

### उस्तेहड़ में बच्चों को बताई रक्तदान की महत्ता



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उच्च पाठशाला उस्तेहड़ में विश्व रक्तदान दिवस के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने स्टाफ तथा बच्चों को विश्व रक्तदान दिवस की महत्ता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है तथा एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया एक यूनिट रक्त तीन लोगों को जीवनदान देता है। वहीं, आरबीएसके की मोबाइल हेल्थ टीम ने योग शिविर भी आयोजित किया गया।

### विद्यार्थियों को दी नशे से दूर रहने की सीख

**डाडासीबा, अनंत ज्ञान।** शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल नंगल चौक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पुलिस उपमंडल डाडासीबा के डीएसपी राजकुमार व पुलिस थाना प्रभारी मदन मोहन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के लाभों के साथ-साथ नशा उन्मूलन अभियान से जुड़ने का प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन को भी संयमित करता है। युवा वर्ग यदि योग को अपनाए, तो नशे जैसी बुराइयों से आसानी से बचा जा सकता है। पुलिस जिला देहरा द्वारा चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान में सभी लोगों की भागीदारी आवश्यक है। विद्यार्थियों से आग्रह किया कि यदि किसी को नशे से संबंधित कोई भी जानकारी हो, तो पुलिस को सूचित करें।

### योगाभ्यास कर बताए योग के लाभ



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जगोरी ब्लॉक कार्यालय पठियार, नगरोटा बगवां में 'एक धरती, एक स्वास्थ्य' थीम पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं व अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में योग के लाभों को व्यावहारिक रूप से समझाया गया और प्रतिभागियों को सक्रिय रूप से योगाभ्यास करवाया गया। तेजी से बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव और बीमारियों के बीच योग एक प्राकृतिक और समग्र समाधान के रूप में उभरा है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक संतुलन प्रदान करता है, बल्कि आंतरिक शांति व सकारात्मक जीवनशैली को भी बढ़ावा देता है।

### पपरोला में करवाया योग के आसानों का अभ्यास

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ-पपरोला ने बैजनाथ फार्मेसी बुहली कोठी पपरोला के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि पपरोला के प्रमुख स्वर्ण व्यवसायी अनिल नंदा नीटू ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष प्रीतम भारती ने की। अध्यनरत डॉ. सिया धीमान, डॉ. शिवांशी रनौत, डॉ. शिवांश मनकोटिया और डॉक्टर आदर्श ठाकुर ने शाखा के सदस्यों को योग की विभिन्न क्रियाओं एवं आसनों का अभ्यास करवाया। वहीं, योग दिवस में भाग लेने वाले सभी सदस्यों को टी-शर्ट भी भेंट की गई।

## योग से खुद को रखें फिट और सकारात्मक: तृप्ता

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**श्री** साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस योग दिवस पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीमडी कंवर तुषार पुंज और रिया पुंज स्टाफ स्टूडेंट्स आदि मौजूद रहे। पंजाब बटालियन आर्मी गुरदासपुर के दोबरा निर्देशित इस इंटरनेशनल योग दिवस की जिम्मेदारी साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कॉलेज को दी गई। एमडी तृप्ता पुंज ने कहा कि योग खुद को फिट व सकारात्मक रखने को सफल तरीका है।

पठानकोट जिले के 3 कॉलेज और 15 स्कूलों ने हिस्सा लिया। योग एक्सपर्ट आम प्रकाश अब्रोल ने योग के अलग-अलग आसान करवाए। योग की सबसे व्यवस्थित प्रस्तुति सर्वप्रथम मुनि पतंजलि की ओर से की गई थी। प्राचीन समय में योग का तात्पर्य ध्यान से होता था, जो लोगों को उनके ईश्वर का ज्ञान कराता था और उनकी आतंरिक शक्तियों को उजागर करता था। वक्त के साथ योग का स्वरुप बदलता गया और धीरे-धीरे सामान्य लोगों में भी इसका प्रसार होने लगा। योग आध्यात्म प्राप्ति के साथ मन और शरीर के सकल विकास का एक रास्ता है। इस मौके पर शक्ति राज, साई कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विपिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, संजय पंडित, डॉ. नवदीप सवाल, पुनीत सवाल, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा आदि शामिल रहे।


साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स बधानी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

## शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने में पूर्व छात्र नेटवर्क के महत्व पर बल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कृषि महाविद्यालय पालमपुर पूर्व छात्र संघ की 8वीं बैठक चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में हुई। इसमें देश-विदेश से 200 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया, जो शैक्षणिक और व्यावसायिक उपलब्धियों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह बैठक कुलपति प्रो. नवीन कुमार के मुख्य संरक्षण में आयोजित की गई। इसमें कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एमसी राणा संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि निदेशक जीत सिंह ठाकुर ने की। कृषि महाविद्यालय पालमपुर पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। डॉ. नरेंद्र साख्यान ने पूर्व छात्रों की भागीदारी और संस्थागत विकास पर अपने विचार साझा किए। कुलपति नवीन ने पूर्व छात्रों की जीवंत भागीदारी की सराहना की और शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने में पूर्व छात्र नेटवर्क के महत्व पर बल दिया। उन्होंने पूर्व छात्रों को जुड़े रहने और विश्वविद्यालय की पहलों, अनुसंधान सहयोग और छात्र विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**पूर्व छात्र डॉ. तिलक ने की छात्रवृत्ति की घोषणा:** कृषि महाविद्यालय के एक पूर्व छात्र डॉ. तिलक राज धीमान की ओर से अपने माता-पिता की स्मृति में एक नई छात्रवृत्ति की घोषणा थी। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य कृषि स्नातक की पढ़ाई कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों की सहायता करना है। वहीं, कृषि और सामाजिक विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

### न्यायाधीश विकास ने लगाई मां के दर हाजिरी



**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** कांगड़ा जिले में स्थित श्रद्धा और आस्था के केंद्र मां स्वस्थानी धाम (पंजपीरी, रक्कड़) में शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश विकास महाजन अपने परिवार सहित मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां स्वस्थानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मां स्वस्थानी धाम जो अपनी चमत्कारी शक्ति, दिव्य वातावरण और ऐतिहासिक मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध है।

### आधुनिक जीवन में योग जरूरी : बलजीत



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कहा कि नियमित योगाभ्यास उन्हें न केवल एक अच्छा विद्यार्थी, बल्कि एक स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी बना सकता है। प्राचार्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को योग को जीवनशैली में अपनाने की प्रेरणा दी। प्राध्यापक डॉ. आशीष मेहता ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महाविद्यालय भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों द्वारा विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाता रहेगा।

### भागदौड़ भरे जीवन में योग की उपयोगिता बढ़ी: राजीव

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर नूरपुर के अटल इंडोर स्टेडियम पर योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांगड़ा-चंबा लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज और विधायक रणबीर सिंह निक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। भारद्वाज ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग नियमित रूप से करने से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, तनाव कम होता है तथा एकाग्रता व कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। यह जीवन में संतुलन बनाए रखने का सर्वोत्तम साधन है और आज के भागदौड़ भरे जीवन में इसकी उपयोगिता और भी अधिक बढ़ गई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और समाज में इसके प्रचार-प्रसार में योगदान दें।

### डीएवी नगरोटा सूरियां में मनाया योग दिवस

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। बच्चों को योग के महत्व की जानकारी दी। विभिन्न योग मुद्राएं करवाई गईं। प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल ने सभी बच्चों को शिक्षकों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी और योग को सभी को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### रोजमेरी स्कूल में बताया योग महत्व



**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** रोजमेरी पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके बाद सभी ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम आदि योग क्रियाएं कीं। प्रधानाचार्य ने बच्चों के साथ योग किया और उन्हें योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन और आत्मा को भी शांति प्रदान करता है।

### मैक्लोडगंज से लापता हुए छत्तीसगढ़ के युवक का कोई सुराग नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मैक्लोडगंज** से पिछले छह दिन से लापता छत्तीसगढ़ के 23 वर्षीय युवक सुंदर लाल का कोई सुराग नहीं लग पाया है। बताया जा रहा है लापता छत्तीसगढ़ का युवक मानसिक रूप से असंतुलित रहा है। बोलने में भी युवक को दिक्कत आती है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि वह कहीं निकल गया है।

युवक का मोबाइल फोन ऑफ होने के चलते उसकी लोकेशन का भी पता नहीं चल पा रहा है। वीरवार को युवक की तलाश के तहत रिश्तेदारों से संपर्क साधने व कॉल डिटेल के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया गया था। इस संबंध में माता-पिता ने पुलिस थाना मैक्लोडगंज में शिकायत दर्ज करवाई है। एसएचओ मैक्लोडगंज दीपक ने बताया कि मामला दर्ज कर लापता युवक को तलाशने का अभियान जारी है।

## तपोवन में होगा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का वार्षिक सम्मेलन : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

**धर्मशाला।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिह पठानिया ने कहा कि 30 जून व 1 जुलाई को तपोवन में विधानसभा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र- II का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र- II में प्रदेश सहित कुल पांच राज्य हैं। इनमें पंजाब, हरियाणा, जम्मू एवं कश्मीर और दिल्ली भी शामिल हैं। यह बात कुलदीप पठानिया ने शनिवार को सम्मेलन के प्रबंधों को लेकर तपोवन स्थित विधानसभा के सभागार में जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। इस सम्मेलन का मुख्य विषय डिजिटल युग में सुशासन संसाधनों का प्रबंधन, लोकतंत्र की रक्षा और नवाचार को अपनाना है।

सम्मेलन में चर्चा के लिए 3 विषयों का चयन किया है, जिसमें 30 जून को पहले विषय विकास की तुलना में राज्य के संसाधनों के प्रबंधन में विधायिका की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। 1 जुलाई को सुबह दूसरे विषय अनुच्छेद 102 और 191 की 10वीं अनुसूची के तहत दलबदल के आधार पर अयोग्यता का प्रावधान और तीसरे विषय विधान सभाओं में एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग पर भी मंथन किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारंभ लोकसभा के अध्यक्ष एवं राष्ट्र मंडल संसदीय संघ, भारत क्षेत्र के अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे, जबकि 1 जुलाई को सम्मेलन का समापन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। सम्मेलन के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राज्यसभा के उप सभापति डॉ. हरिवंश नारायण सिंह, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर तथा संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान भी मौजूद रहेंगे, जबकि समापन समारोह पर राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उपस्थित रहेंगे।


अधिकारियों के साथ बैठक करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

**30 को बिरला करेंगे शुभारंभ 1 जुलाई को राज्यपाल शुक्ल करेंगे सम्मेलन का समापन**

## बाड़ी खड्ड और लोधवां में पहाड़ों का सीना छलनी

### बिना किसी डर के धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन, विभाग बेखबर

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के तहत बाड़ी खड्ड तथा लोधवां गांव में पिछले जेसीबी से पहाड़ों का सीना छलनी किया जा रहा है। कई साल से अवैध खनन का सिलसिला लगातार जारी है, लेकिन इस मामले में विभाग बेखबर है। वहीं, राजनीति में शामिल कुछ लोग सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाकर मोटा मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। इन गांवों में करीब 10 से 12 जेसीबी तथा कई टिप्पर तथा ट्रैक्टर अवैध खनन कर रहे और खनन सामग्री क्रेशरों को दे रहे हैं।

वहीं, जो पेड़ पहाड़ों की जद में आते हैं, उन पर जेसीबी चला कर यह लोग उन्हें बेचकर मोटा मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं। माइनिंग विभाग के कर्मचारी, इंस्पेक्टर तथा गार्ड आदि बड़े-बड़े मगरमच्छों को हाथ डालने की बजाए कुछ ट्रैक्टरों का चालान काटकर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का कार्य कर रहे हैं। टिप्परों व ट्रैक्टरों में सामग्री भरकर क्रेशर वालों को लगातार खनन सामग्री देने में लगे हुए हैं बार-बार फोन करने पर भी माइनिंग विभाग के कर्मचारी फोन नहीं उठाते हैं। वहीं, ट्रैक्टर ट्रालियों वालों का 5000 का चालान काटकर के खानापूर्ति कर देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि खनन माफिया या वन माफिया विभाग के कर्मचारियों पर भारी है, तो फिर इतना बड़ा प्रदेश सरकार का खर्च करने का क्या फायदा?

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इस मामले में कार्रवाई न करने पर जो भी अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


बाड़ी खड्ड तथा लोधवां गांव में लंबे से अवैध खनन जारी।



## प्रदेश सरकार कर रही युवाओं के साथ मजाक: सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा नेता व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार के विजन पर बड़ा सवालिया निशान लगाया है। सुधीर शर्मा ने युवाओं का मसला उठाते हुए कहा कि 29 जून के दिन एक ही दिन तीन बड़ी परीक्षाएं हो रही हैं। सुधीर ने कहा कि 29 जून को एचपीएस का एग्जाम है। इसी दिन यूजीसी नेट और आईआईटी मंडी के लिए जूनियर असिस्टेंट का भी एग्जाम है। अब तक हजारों युवा उनसे इस बारे में संपर्क कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नौकरियां तो दे नहीं पाई, लेकिन अब परीक्षाओं का समय तक सही घोषित नहीं कर पा रही है। यह हिमाचल का दुर्भाग्य है कि इस तरह की सरकार को यह प्रदेश झेल रहा है। सुधीर ने कहा कि प्रदेश सरकार को गहरी नींद से जागकर एचपीएएस एग्जाम की तिथि दोबारा निर्धारित करनी चाहिए। विधायक ने कहा कि युवा लगातार मेहनत से इन परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन सरकार की नासमझी से उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है।

इन परीक्षाओं के लिए युवाओं ने कड़ी मेहनत तो की ही है, साथ ही परीक्षा शुल्क भी अदा किया है। विधायक ने कहा कि अगर किसी परीक्षा की डेट चेंज नहीं होती है, तो मजबूरी में कई युवाओं को एक परीक्षा छोड़नी होगी, जोकि बड़े ही दुर्भाग्य की बात होगी। सुधीर ने प्रदेश सरकार और उच्च अधिकारियों से मांग की कि वे युवा हित में एचपीएएस परीक्षा की तिथि में बदलाव करें।



**बोले- 29 जून को एक ही दिन में तीन परीक्षाएं बदली जाए डेट**



## न्यूज ब्रीफ

### योग के फायदों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के लोंगवुड स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय वन सर्वेक्षण के क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तरीय), शिमला ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के सहयोग से इस कार्यक्रम को योग संगम मुहिम के तहत सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग' को दर्शाते हुए, कार्यक्रम में लगभग 100 अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया, जिसके दौरान प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासनों और उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### निरोग रहने के लिए रोज करें योग : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** सरस्वती नगर कॉलेज एवं जुब्बल में शनिवार को विश्व योग दिवस मनाया गया। इस दौरान एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी, नायब तहसीलदार जुब्बल सहित स्कूल व कॉलेज के छात्रों और विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम जुब्बल गुरमीत सिंह नेगी ने कहा कि यदि हमें निरोग रहना है तो हमें हर रोज योग करना होगा। जिस तरह से क्षेत्र में लगातार नशे जैसी प्रवृत्तियां बढ़ रही है इसे रोकने के लिए युवाओं को योग की ओर प्रेरित करना होगा। जिससे समाज में फैल रही कुसंगत, नशाखोरी एवं अन्य बुराइयों से युवाओं को रोका जा सके। वहीं जुब्बल कोटखाई भाजपा मंडल के द्वारा भी शनिवार को विश्व योग दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा ने की।

### वैदिक मंत्रों के साथ मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** नवदुर्गा पब्लिक स्कूल घंडल में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ योग दिवस का आयोजन हुआ। इस दिवस पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अलग-अलग योगासनों के साथ ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षिका मीनाक्षी वर्मा ने योग अभ्यास के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी आवश्यकता एवं महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने सूक्ष्म व्यायाम के साथ-साथ भत्रिका, कपालभाति, ताड़ासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार आदि आसनों के कार्यान्वयन के साथ इसके मानव शरीर पर होने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला।

### 400 विद्यार्थियों ने किए योगासन



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** पंतजलि योग पीठ के तत्वाधान में सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी, गीता निकेतन और औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र सुन्नी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग शिक्षक सेवानिवृत सूबेदार जोगिंदर शर्मा और पुष्कर शर्मा द्वारा उपरोक्त संस्थानों में लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों को योग क्रियाएं करवाई गई तथा योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सेवानिवृत सूबेदार जोगिंदर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गीता निकेतन में सेवानिवृत्ति कमांडेंट होमगार्ड ऋतुराज शर्मा और सेवा निवृत्ति रेंज ऑफिसर फॉरेस्ट रमेश चौहान, सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में प्रधानाचार्य चंपा व आईटीआई सुन्नी में प्रधानाचार्य गुलाब वर्मा विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

### सुन्नी कॉलेज में भी मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े गर्व के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह-सुबह एसएचओ सुन्नी डीआर शर्मा, तहसीलदार सुन्नी चन्द्र मोहन, बीएमओ सिविल अस्पताल सुन्नी, कॉलेज की प्रोफेसर सुचित्रा शर्मा, डॉ. मनमोहन, प्रोफेसर सुष्मिता ठाकुर, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, व्यापार मंडल के प्रधान टेक चंद, राजकीय सुन्नी स्कूल के प्रिंसिपल और स्टाफ, कॉलेज के एनएसएस एनसीसी और आरएंडआर के छात्र, आयुष मंत्रालय के होमगार्ड सदस्य व स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

# प्रभावितों ने लंबित मांगों को लेकर सुन्नी बांध स्थल पर किया प्रदर्शन

## किसान सभा के बैनर तले 5 घंटे बोला हल्ला, 9 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने रखी समस्याएं

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**



सुन्नी बांध स्थल पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते प्रभावित।

**सुन्नी।** सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड की 382 मेगावाट सुन्नी बांध के प्रभावितों ने शनिवार को लंबित मांगों को लेकर बांध स्थल खैरा में धरना प्रदर्शन किया। किसान सभा के बैनर तले आयोजित धरना प्रदर्शन लगभग पांच घंटे तक चला। इस दौरान समस्त 9 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं रखी। किसान सभा के राज्य महासचिव एवं पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इससे पूर्व लगभग 200 मीटर तक प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली एवं एसजेवीएन प्रबंधन तथा सहयोगी कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान सभा के उक्त प्रदर्शन को सीटू का भी सहयोग मिला। सीटू के पदाधिकारियों ने भी धरनास्थल पर पहुंचकर प्रभावितों को संबोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। प्रदर्शन के अंत में किसान सभा की ओर से 15 सूत्रीय मांगपत्र भी सुन्नी डेम प्रबंधन को सौंपा गया। सुन्नी डेम के परियोजना प्रमुख राजीव अग्रवाल, महाप्रबंधक विपुल ठाकुर को राकेश सिंघा के नेतृत्व में मांगपत्र सौंप कर शीघ्र समाधान मांगा गया।समस्याओं का समाधान न होने पर लगातार प्रदर्शन किया जाएगा। चाहे इसके लिए प्रोजेक्ट ही क्यों बंद न हो।

किसान नेता राकेश सिंघा ने कहा कि किसानों मजदूरों की लड़ाई अपने अधिकारों के लिए है तथा अपने अधिकारों को हासिल करने के लिए या तो कुर्बान होना पड़ेगा अथवा विजय हासिल करेंगे।उन्होंने प्रभावितों को उत्साहित करते हुए कहा कि किसी की भी कुर्बानी नहीं ली जाएगी,बल्कि अपने अधिकारों को लेकर सफलता हासिल करेंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी प्रभावितों को सरकार, प्रशासन, डेम प्रबंधन एवं कंपनी अधिकारियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। इस दौरान संयोजक कुन्दन लाल, भिमी राम,रामानंद, कुलदीप डोगरा, महिला मंडल प्रधान बिंदला लीला देवी तथा अन्य प्रभावितों ने भी धरने को संबोधित किया।

इस अवसर पर कुंदन लाल, देवीदास, रामलाल, जयकिशन, भिमिराम, तेजराम, रामानंद, योगराज, भीम सिंह, मियाराम, श्याम लाल, जोगेन्द्र शर्मा, प्रभा धर्मावती, लीला देवी, सीटू जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा, अमित, दिनेश, बालकराम तथा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शिमला में जुड़वां बच्चों के गुम होने का नाटकीय आरोप निकला झूठा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) में एक महिला ने डॉक्टरों पर डिलीवरी के बाद अपने जुड़वां बच्चों को गायब करने का सनसनीखेज दावा किया था, जिससे अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया था। हालांकि, मेडिकल जांच और सीसीटीवी फुटेज ने महिला के दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने कमला के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है।

करसोग क्षेत्र की इस महिला ने शुक्रवार को केएनएच में हंगामा खड़ा कर दिया। उसने आरोप लगाया कि सुबह 10 बजे उसने माइनर ओटी में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया, लेकिन बाद में बच्चों को गायब कर दिया गया। इस आरोप के बाद महिला, उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों ने देर रात तक अस्पताल में हंगामा किया, जिससे स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। महिला के गंभीर आरोपों के बाद अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल इसकी जांच करवाई। महिला का मेडिकल टेस्ट कराया गया, जिसमें सामने आया कि वह न तो प्रेग्नेंट थी और न ही उसकी कोई डिलीवरी हुई थी। डॉक्टरों द्वारा किया गया यूरिन प्रेग्नेंसी टेस्ट भी नेगेटिव आया और रिपन अस्पताल की रिपोर्ट ने भी प्रेग्नेंसी के दावों को झूठा करार दिया।

इसके साथ ही, पुलिस ने अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में महिला अपने पति के साथ अस्पताल में घूमती तो दिखी, लेकिन वह माइनर ओटी या लेबर रूम में प्रवेश करती नहीं दिखी। फुटेज के अनुसार, महिला सुबह 10:24 बजे अस्पताल में दाखिल हुई और केवल 10:57 बजे मुख्य गेट से बाहर निकल गई। महिला का परिवार अस्पताल से संबंधित कोई दस्तावेज भी पेश नहीं कर पाया।

**महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

केएनएच के एमएस डॉ. सुरेंद्र नेगी ने बताया कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस से महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# आरट्रैक और संचार लेखा कार्यालय ने मनाया स्वास्थ्य व शांति का पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



योग कार्यक्रम में भाग लेते अधिकारी और कर्मचारी।

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर शिमला में योग की लहर दौड़ गई। मुख्यालय सेना प्रशिक्षण कमान (आरट्रैक) और संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय ने एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की प्रेरक थीम के साथ मिलकर इस महत्वपूर्ण दिन को बड़े उत्साह और सामुदायिक भावना के साथ मनाया। दोनों संस्थानों के अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने इन विशेष योग सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जो योग के शारीरिक और मानसिक लाभों को प्रदर्शित करने के लिए डिज़ाइन किए गए थे।

मुख्यालय आरट्रैक में आयोजित योग सत्र का नेतृत्व शालिनी कुशवाह ने किया, जो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आवा, आरट्रैक व आयुष मंत्रालय से प्रमाणित योगा प्रशिक्षक होने के साथ-साथ आर्ट ऑफ लिविंग संकाय की सदस्य भी हैं। इस सत्र में आसन, श्वास तकनीकों और ध्यान के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया, जिससे प्रतिभागियों को योग के गहन प्रभाव का अनुभव करने का अवसर मिला। योग विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को अपनाने और अपनी व्यक्तिगत योग यात्रा शुरू करने के लिए प्रेरित किया।


प्रदेश के संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय में भी योग दिवस का उत्साह चरम पर था। डॉ. सुनील शर्मा, सहायक प्रोफेसर (योग), ने प्रतिभागियों को योग प्रशिक्षण दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ नहीं रखता, बल्कि यह मन और आत्मा को भी शांति और संतुलन प्रदान करता है। योग प्रशिक्षण सत्रों के अतिरिक्त एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

# शारीरिक और मानसिक रूप से रहें जागरूक

## आरएचपीएस रामपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** एसजेवीएन के रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन 412 मेगावाट द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग के अनुरूप, कार्यक्रम का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वास्थ्य, सामूहिक कल्याण और पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख विकास मारवाह के साथ-साथ आरएचपीएस के अधिकारी, कर्मचारी एवं आवासीय परिसर के निवासी भी शामिल हुए। योग प्रशिक्षक ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से जागरूक रहने की प्रेरणा दी। एसजेवीएन द्वारा स्वास्थ्य, कल्याण एवं सामुदायिक सहभागिता की दिशा में यह पहल न केवल एक जागरूकता अभियान है, बल्कि इसके दीर्घकालिक लक्ष्य 2030 तक 25 हजार मेगावाट एवं 2040 तक 50 हजार मेगावाट की क्षमता प्राप्त करने को भी सुदृढ़ आधार प्रदान करती है।



हाइड्रो पॉवर स्टेशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा करते अधिकारी व कर्मचारी

वहीं, नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पॉवर स्टेशन झाकड़ी में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस में कर्मचारियों व उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का शुभारंभ परियोजना प्रमुख आशुतोष बहुगुणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ। इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख ने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों से आह्वान किया कि वे योग को पूरी निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने दैनिक जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि जब हम स्वस्थ रहते हैं और कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, तभी हम परिवार, समाज, निगम और राष्ट्र के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

# रेलवे टनल विवाद : नोग गांव के लोग दूसरी पंचायतों का भी लेंगे सहयोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन पर बध्यात से नोग गांव के तक बनी रेलवे टनल को लेकर चल रहे विवाद को लेकर ग्रामीणों ने आसपास के पंचायतों का सहयोग लेने का निर्णय लिया है। रेलवे टनल प्रभावित एवं विस्थापित भूमि अधिग्रहण मंच ने तय किया कि इस मामले को लेकर वह जल्द ही नोग गांव में महापंचायत का आयोजन करेंगे। इसके लिए आसपास की पंचायतों के प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करके महापंचायत की तिथि निर्धारित करेंगे। महापंचायत में दौरान प्रभावितों की मांगों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर मंथन किया जाएगा और महापंचायत में जो भी निर्णय लिया जाएगा, उसी के अनुसार आंदोलन आगे बढ़ाया जाएगा। यह फैसला गत शुक्रवार शाम को मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच हुई बैठक में लिया गया है। टनल निर्माण के विरोध में ग्रामीणों की भूख हड़ताल शनिवार को भी जारी रही। भूख हड़ताल में रामलाल, शारदा देवी व सुरेंद्र बैठे हुए हैं। मंच अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि रेलवे टनल निर्माण कंपनी और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल कुछ जिले के सेवानिवृत्त भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा स्थानीय लोगों को अलग-थलग करने की रणनीति और कोशिश की जा रही है, जो कि किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के भी पुतले जलाए जाएंगे।

# हैंडबाल अकादमी मोरसिंगी में अब खिलाड़ियों को मिलेगी रात्रि अभ्यास करने की सुविधा

## एलईडी फ्लड लाइट्स का उद्घाटन, अनुराग ने की जिम अकादमी खोलने की घोषणा

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से बिलासपुर जिले की मोरसिंगी हैंडबाल अकादमी का खेल मैदान एलईडी फ्लड लाइटों से जगमगा उठा है।

खेल ज्योति योजना के तहत मैदान में लाइटें लग जाने से 500 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लाभ मिलने वाला है। संस्थान की कोच व संस्थापक स्नेहलता व सचिन ने खिलाड़ियों, स्थानीय नागरिकों व पंचायत प्रधान अमर सिंह आदि की उपस्थिति में शनिवार को अनुराग ठाकुर के मोरसिंगी हैंडबाल अकादमी पहुंचे पर शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

इस दौरान सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल व घुमारवीं से पूर्व मंत्री राजिंद्र गर्ग भी विशेष रूप उपस्थित रहे। स्नेहलता ने ग्राउंड में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग रखी। खेल मैदान में




एलईडी फ्लड लाइट्स के उद्घाटन के बाद संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

एलईडी फ्लड लाइट्स के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुराग ने कहा कि विपरीत परिस्थियों के बावजूद मोरसिंगी हैंडबाल अकादमी के संस्थापकों व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया है। मेरा प्रयास रहता है कि युवाओं को नशे से दूर रखने व उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्लेटफार्म उपलब्ध करा सकूं। इसी कड़ी में मोरसिंगी हैंडबाल अकादमी बिलासपुर के खेल मैदान में एलईडी लाइटें लगवाने का कार्य किया है, जिससे रात में भी हमारे खिलाड़ियों को खेलने में कोई असुविधा न हो। हैंडबाल अकादमी में लाइटें लगने से 500 से ज्यादा खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा।

अनुराग ने स्नेहलता की ओर से इंडोर स्टेडियम की मांग को सहर्ष स्वीकारा व जल्द इसके निर्माण की बात कहते हुए एक और जिम अकादमी को देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा की कोई भी व्यक्ति एवं संस्था जो प्रदेश मे खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए कार्य करेगे, मैं उनकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

# मारपीट की घटनाएं होना पुलिस की विफलता : महेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने घुमारवीं में बीते दो दिन में दो अलग-अलग मारपीट की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए इसे पुलिस की विफलता और कानून-व्यवस्था की भारी चूक बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं साफ तौर पर दर्शाती हैं कि क्षेत्र में पुलिस का खौफ समाप्त हो चुका है और असामाजिक तत्व बेलगाम होकर कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहली घटना में एक युवक ने बस स्टैंड के बीचोंबीच दराट से दूसरे युवक पर हमला किया, जबकि दूसरी घटना में गांधी चौक के समीप कुछ अज्ञात लोगों ने एक युवक को बेहरमी से पीटा। इन दोनों घटनाओं ने आम जनता में डर का माहौल पैदा कर दिया है और यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इन घटनाओं से स्पष्ट है कि घुमारवीं में कानून कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

पुलिस की निष्क्रियता के चलते असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से मांग की कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि, आमजन में विश्वास बहाल हो सके। उन्होंने चेताया कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाए तो भाजपा जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेगी। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को यह समझना होगा कि कानून व्यवस्था में इस तरह की लापरवाही समाज के लिए खतरे की घंटी है।

# स्वस्थ भारत के निर्माण में दें योगदान : गर्ग



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा मंडल घुमारवीं की ओर से संतोषी माता मंदिर हारकुकर में विशेष योग समारोह का आयोजन किया गया। योगा इंस्ट्रक्टर साक्षी शर्मा ने लोगों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक व मानसिक लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज योग विश्व स्तर पर भारत की पहचान बन चुका है। योग एक आध्यात्मिक अनुशासन है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और जीवनशैली में भी सुधार लाता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर योग को अपनाएं और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। गर्ग ने कहा कि यह जरूरी है कि योग को जन-जन तक पहुंचाया जाए, ताकि हमारी समृद्ध और स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाया जा सके। लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने की अपील की।

# योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आयुष विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कहलूर इनडोर स्टेडियम लूहणू में किया गया। डीसी राहुल कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन तथा आम नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योग मुद्राओं एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। डीसी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा है, जो आज वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है, जिससे तन, मन और आत्मा में समरसता आती है। वर्तमान समय में लोग अधिकांश समय मोबाइल और सोशल मीडिया पर व्यतीत कर रहे हैं, जिससे जीवन में तनाव, थकान और रोग बढ़ रहे हैं। ऐसे में योग का अभ्यास मानसिक शांति, एकाग्रता और ऊर्जा प्रदान करता है। डीसी ने लोगों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन 15 से 20 मिनट योगाभ्यास करें और इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। साथ ही उन्होंने संतुलित खानपान और सकारात्मक सोच अपनाने पर भी बल दिया।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता जरूरी : डॉ. राजदीप



रेडक्रॉस सोसायटी ने किया डिजिटल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**वरिष्ठ** नागरिक सभा रौड़ा सेक्टर की मासिक बैठक के दौरान डिजिटल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उपमंडलाधिकारी सदर डॉ. राजदीप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन रेडक्रॉस सोसायटी एवं हेल्प ऐज इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

डॉ. राजदीप सिंह ने कहा कि आज के तकनीकी युग में वरिष्ठ नागरिकों का डिजिटली सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। मोबाइल फोन के प्रयोग, इंटरनेट की समझ, ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा, और विभिन्न डिजिटल एप्लिकेशनों के उपयोग की जानकारी बुजुर्गों को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल वरिष्ठ नागरिकों को तकनीकी जानकारी देती हैं, बल्कि उन्हें एक ऐसा समावेशी और सहयोगात्मक वातावरण भी प्रदान करती हैं, जहां वे अपनी गति से सीख सकें और आत्मविश्वास के साथ डिजिटल साधनों का प्रयोग कर सकें। रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर से अमित कुमार ने बुजुर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। इस प्रशिक्षण सत्र में लगभग 30 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

# नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग कोर्स से मिलेगा चिकित्सा सेवाओं को बढ़ावा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में 19 से 21 जून तक नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कोर्स का आयोजन किया गया। इस कोर्स का आयोजन एम्स नई दिल्ली के जेपीएन एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से किया गया, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक सहयोगी केंद्र है। कार्यक्रम का संचालन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के माध्यम से हुआ। कोर्स का उद्घाटन एम्स बिलासपुर के निदेशक डॉ. डीएन शर्मा एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश वर्मा ने किया। डॉ. डीएन शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश के सभी चिकित्सा और कर्मियों को आपात स्थिति में आवश्यक जीवनरक्षक तकनीकों से लैस करने के लिए महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 10 प्रतिभागी एम्स बिलासपुर से तथा शेष 14 प्रतिभागी हिमाचल प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से आए थे।

# विभाग अवैध सीवरेज कनेक्शनों के खिलाफ अपनाएगा कड़ा रुख

## अंतिम अवसर: कनेक्शन नियमित नहीं करवाए तो होगी कड़ी कार्रवाई

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** जलशक्ति विभाग घुमारवीं शहर में अवैध रूप से लिए गए सीवरेज कनेक्शनों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया कि शहर में कई लोगों ने बिना विभाग की अनुमति के अपने घरों के सीवरेज कनेक्शन सीधे सीवरेज लाइन से जोड़ रखे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। ऐसे सभी मामलों में जल्द ही सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। विभाग के अनुसार, जिन लोगों ने अब तक अपने सीवरेज कनेक्शन नियमित नहीं करवाए हैं, उन्हें अंतिम अवसर देते हुए आग्रह किया गया है कि वे जल्द जलशक्ति विभाग के कार्यालय में संपर्क कर अपने कनेक्शन को वैध करवाएं। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर यह कार्य नहीं किया गया, तो विभाग ऐसे सभी अवैध कनेक्शनों के विरुद्ध मौके पर ही सख्त कार्रवाई करेगा, जिसमें भारी जुर्माना भी शामिल होगा।

### जलशक्ति विभाग की टीम करेगी निरीक्षण

जलशक्ति विभाग द्वारा गठित टीम शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर घर-घर निरीक्षण करेगी और यह पता लगाया जाएगा कि कितने घरों ने बिना अनुमति के सीवरेज कनेक्शन ले रखे हैं। अवैध कनेक्शन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह सीवरेज सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं, जिससे संपूर्ण व्यवस्था प्रभावित होती है। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें तथा स्वेच्छा से अपने कनेक्शनों को नियमित करवा लें। ऐसा न करने पर विभाग को कानूनी कार्रवाई करनी पड़ेगी।

जलशक्ति विभाग सभी नगरवासियों से अपेक्षा करता है कि जिन लोगों ने भी सीरीज के अवैध कनेक्शन जोड़ रखे हैं, वे उन्हें नियमित करवाएं। अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। इसके बाद घरों में जाकर जांच जाएगी और अवैध कनेक्शन पाए जाने पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है। लोग नियमों का पालन करें एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सकारात्मक भूमिका निभाएं।

**मस्तराम चौहान, सहायक अभियंता, जलशक्ति विभाग, घुमारवीं।**

# भाजपा नेता झूठ बोलकर जनता को कर रहे गुमराह : विवेक



बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव विवेक कुमार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं झंडूता विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक कुमार ने कुटवांगड पेयजल योजना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने भाजपा नेताओं पर जनता को झूठ बोलकर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि आखिर बिना एफसीए (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) के 37 करोड़ रुपए की योजना कैसे तैयार हो गई ? विवेक ने प्रेसवार्ता में कहा कि नियमों के अनुसार कोई भी पेयजल योजना एफसीए क्लीयरेंस के बिना शुरू नहीं हो सकती, लेकिन पूर्व भाजपा सरकार ने न केवल इस योजना को मंजूरी दी, बल्कि इसके निर्माण कार्य की शुरुआत भी कर दी। इसी वजह से योजना को अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं मिल पाया है और यह शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने खुलासा किया कि भाजपा सरकार ने इस परियोजना से जुड़े केवल दो पत्र लिखे थे, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इसे प्राथमिकता में रखते हुए नए सिरे से पत्राचार शुरू किया और संबंधित आपत्तियों को दूर कराया। यह मामला प्रक्रियाधीन है और जल्द ही इस योजना को धरातल पर लाया जाएगा। भाजपा नेताओं ने बिना उचित अनुमति लिए करोड़ों रुपए की परियोजना शुरू कर दी, जिससे जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### 24 जून तक खराब मौसम की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार चंबा जिले में 20 से 24 जून तक मौसम खराब बना रहेगा। इस दौरान तेज हवाएं, बारिश, ओलावृष्टि और कुछ क्षेत्रों में भूस्खलन की संभावना है। 21 से 23 जून को येलो अलर्ट, 24 जून को ऑरेंज अलर्ट व 22 जून को भी येलो अलर्ट के चलते मौसम खराब रहने की चेतावनी है। ऐसे में प्रशासन ने आम लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

### हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन का प्रोग्राम आज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 22 जून को जिला चंबा के डीसी ऑफिस परिसर स्थित बचत भवन में हर्बल लाइफ न्यूट्रिशन कंपनी की ओर से स्वास्थ्य और समृद्धि पर आधारित एक भव्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आम जनता से अपील की गई है कि वे अपने साथ कम से कम 5 लोगों को लेकर कार्यक्रम स्थल पर प्रातः निर्धारित समय पर पहुंचें। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

### डाटा अपलोड करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बाल विकास, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास से संबंधित मानक बिंदुओं में प्रगति की समीक्षा को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने बैठक में कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों से संबंधित इन्डीकेटर्स की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यालय अध्यक्षों को पूर्ण विश्लेषण के पश्चात डाटा ऑनलाइन अपलोड करने करने को कहा।

### बट्ट आईटीआई में रोजगार मेला कल

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में रोजगार डॉट कॉम के द्वारा 23 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। बट्ट आईटीआई के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 जून को सुबह 11 बजे बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में रोजगार डॉट के द्वारा एमटी ऑटो क्राफ्ट, मलेरिक्स ऑटोकॉम्प प्राइवेट लिमिटेड-लुधियाना, डीलक्स बियरिंग्स(फेरसा बियरिंग्स)-अहमदाबाद, फुरुकावा मिंडा इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड-बवाल, ओकाया पॉवर लिमिटेड-बद्दी(आईटीआई), एम्ब्रोस ऑटोकॉम्प लिमिटेड बद्दी व गोदरेज बद्दी कंपनी के लिए मशीनिस्ट, टर्नर, फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक व इलेक्ट्रिशियन ट्रेड्स में आईटीआई व डिप्लोमा पास अभ्यर्थियों(सिविल व्यवसाय को छोड़कर)का साक्षात्कार लिया जाएगा। बट्ट ने कहा कि उक्त कंपनियों के लिए चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को कंपनियों के द्वारा 14 हजार से 17 हजार के बीच वेतन दिया जाएगा।

### हनुमान चालीसा पाठ व बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच, जिला चंबा द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया गया और उसके उपरांत एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के जिला अध्यक्ष राकेश विज और महिला मोर्चा की अध्यक्षा नीलम जसवाल ने की। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस धार्मिक आयोजन में मंच के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से जहां प्रभु श्री हनुमान जी का स्मरण किया गया, वहीं अध्यात्म और संस्कृति से जुड़ने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के पश्चात आयोजित बैठक में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। मंच ने कुछ महत्वपूर्ण जनहित के विषयों को चिह्नित किया है, जिन्हें शीघ्र ही उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### शिविर में 20 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** भारतीय स्टेट बैंक के 70 में स्थापना दिवस पर बैंक कर्मियों द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी चिकित्सा सेवाएं परिसर खनेरी के ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रामपुर शाखा के प्रबंधक सर्वोत्तम नेगी तथा उप प्रबंधक हरीश कुमार ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अपना स्थापना दिवस प्रतिवर्ष मानता है। रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त दान किया गया। इस मौके पर अस्पताल के डॉक्टर संदीप व उनके स्टाफ ने रक्त एकत्र करने में अपनी सेवाएं दी।

### नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के बचत भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां अतिरिक्त उपायुक्त ने उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ऑनलाइन शपथ दिलाई। यह शपथ समारोह नशे की बढ़ती समस्या के खिलाफ एक व्यापक मुहिम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को इस खतरे से जागरूक करना और इसे खत्म करने के लिए एकजुट करना है। अतिरिक्त उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि नशा आज लगभग हर घर में अपनी पैठ बना चुका है। उन्होंने जोर दिया कि इस गंभीर समस्या को जड़ से मिटाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा।

### वेद राम ठाकुर के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सर्व देवता सेवा समिति जिला मंडी के अध्यक्ष शिव पाल शर्मा, उपाध्यक्ष भीम चंद सरोच, महासचिव दिनेश शर्मा, मुख्य सलाहकार रेवती राम शर्मा ने स्वर्गीय वेद राम ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया। स्वर्गीय वेद राम ठाकुर शिबाबदार के थट्टा से सम्बन्ध रखते थे और यह सर्व देवता सेवा समिति के पूर्व उपाध्यक्ष भी रहे। अस्वस्थ होने के कारण पिछले कल सांसारिक यात्रा पूरी कर भगवान के चरणों में विलीन हो गए, जिससे देव समाज में शोक की लहर है। सर्व देवता सेवा समिति ने इस दुख की घड़ी में उनके परिवारजनों को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और भगवान से प्राथना की है कि भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें

# बिजली बिल जमा न करने पर काटी जाएगी 367 उपभोक्ताओं की सप्लाई

## चंबा विद्युत उपमंडल नंबर-2 ने दिए आदेश, कुल 5,52,541 की राशि करनी है वसूल

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** विद्युत उपमंडल चंबा नंबर-2 ने बकाया बिजली बिलों की अदायगी न करने पर कड़ा रुख अपनाया है। उपमंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न श्रेणियों के कुल 367 उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से काटने के आदेश जारी किए गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर विभाग को कुल 5,52,541 की राशि वसूल करनी है।

विभाग की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने पिछले 60 दिनों से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, चाहे उनकी बकाया राशि केवल 50 रुपए ही क्यों न हो, उनकी भी विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से काट दी जाएगी।

अस्थायी रूप से सप्लाई कटने के बाद उपभोक्ताओं को न केवल बकाया बिल राशि, बल्कि 250 रुपए का रिकनेक्शन शुल्क भी चुकाना होगा। अगर अस्थायी रूप से कटे कनेक्शन के बावजूद भी उपभोक्ता बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो विभाग एक निर्धारित समय सीमा के बाद स्थायी रूप से कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगा। इस स्थिति में उपभोक्ता को पहले बकाया राशि चुकानी होगी, और फिर नए कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करें, ताकि उन्हें विद्युत आपूर्ति में कटौती जैसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### चंबा में 89 लाख का बिजली बिल बकायाः तेजु ठाकुर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड उपमंडल क्रमांक-1 चंबा में बिजली बिलों की बकाया राशि तेजी से बढ़ रही है। मई महीने के अंत तक उपभोक्ताओं द्वारा कुल 89 लाख से अधिक का भुगतान नहीं किया गया है। इस बकाया में कई सरकारी विभाग भी शामिल हैं। एचआरटीसी का लगभग 2 लाख का बिजली बिल लगभग 4 महीनों तक लंबित रहा। लगातार अनुस्मारक भेजने के बाद अंततः इसे 21 जून को जमा किया गया। हालांकि, अब भी कई सरकारी संस्थाएं भुगतान नहीं कर रही हैं। इनमें जल शक्ति, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद और भी कई सरकारी विभाग हैं। इन विभागों की लापरवाही से बोर्ड की वित्तीय स्थिति पर नकारात्मक असर पड़ रहा है, और इससे निजी उपभोक्ताओं के बीच भी अनुशासन की भावना कमजोर पड़ सकती है। उपमंडल क्रमांक-1 चंबा के सहायक अभियंता तेजु ठाकुर ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अपने बिजली बिल समय पर जमा करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभाग अब लगातार देरी करने वालों पर निगरानी बढ़ा रहा है। यदि आवश्यकता हुई तो बिजली आपूर्ति को स्थगित करने जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

## आयुष विभाग ने कराया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** महाविद्यालय चंबा की एनसीसी इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उप-प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

योग अभ्यास सत्र का संचालन आयुष विभाग चंबा से पधारीं योग प्रशिक्षिका डॉ. हुमा कुरैशी, बंटू एवं बबली देवी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के महत्व और उसके नियमित अभ्यास से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक लाभों के बारे में भी अवगत कराया।

कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय चंबा के एनसीसी कैडेट्स, अन्य छात्र-छात्राएं तथा फैकल्टी सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजन से एक दिन पूर्व आयुष विभाग की टीम द्वारा कार्यक्रम की रिहर्सल करवाई गई थी, जिससे आज के आयोजन में समन्वय और अनुशासन की शानदार झलक देखने को मिली।

योग दिवस के सफल आयोजन के लिए कॉलेज प्रशासन, एनसीसी इकाई और आयुष विभाग की सराहना की गई।





चंबा कॉलेज में एनसीसी इकाई ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस।

## योगाभ्यास को बनाएं दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा : मुकेश



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करते उपायुक्त चंबा मुकेश व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**उपायुक्त** चंबा मुकेश रेपासवाल कि अध्यक्षता में चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय योग शिविर आयोजित किया गया जिसकी थीम 'एक पृथ्वी और एक स्वास्थ्य के लिए योग रही'।

उपायुक्त ने दीप प्रज्वलन कर योग शिविर का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरोग रहने के लिए योगाभ्यास को दिनचर्या का हिस्सा बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि योग ऐतिहासिक धरोहर है योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल कर लोग शारीरिक और मानसिक तौर पर खुद को सशक्त बनाए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हृदय रोग, मधुमेह जैसी कई ऐसी बीमारियां जिनके लिए योगाभ्यास जरूरी है। उन्होंने लोगों से आह्वान भी किया कि वे रोजाना योग के लिए समय निकालें। उपायुक्त ने कार्यक्रम को सफ़ल बनाने के लिए आयुष विभाग का बधाई देने के साथ योग सर्वोदय की टीम को योगाभ्यास निरंतर बनाए रखने के लिए उन्हें प्रशंसा पुरस्कार भी वितरण किए।

## जनजातीय समाज की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली और जल संरक्षण विकास का आदर्श : डॉ. जनकराज

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने एक महत्वपूर्ण बयान में अपने जनजातीय समुदाय की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता को आधुनिक दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि 'हौदी' जैसी पारंपरिक प्रणाली उस समय अस्तित्व में थी जब गांवों में नल नहीं होते थे और जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती हुआ करती थी। उस समय भी हमारे गद्दी समुदाय के लोग वर्षा जल संचयन की तकनीक अपनाकर जल संकट से जूझते थे।



पारंपरिक जल संग्रहण टैंक।

डॉ. जनकराज ने कहा कि आज जब भौतिकवाद की चकाचौंध में विकसित कहे जाने वाले देश पर्यावरण को व्यापक नुकसान पहुंचा चुके हैं, तब उन्हें समझ आ रहा है कि जल का संरक्षण क्यों और कैसे आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि हमारे जनजातीय समाज को आज भले ही कुछ लोग 'पिछड़ा' कहें, लेकिन जरा सोचिए कि कितने दूरदर्शी और समझदार रहे होंगे वे लोग, जिन्होंने वर्षों पहले ही जल संरक्षण की दिशा में प्रभावशाली कदम उठाए। डॉ. जनकराज के इस वक्तव्य ने न केवल जनजातीय समुदाय की पर्यावरणीय समझ को रेखांकित किया, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि परंपराओं में छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नजरअंदाज करना एक बड़ी भूल होगी। हौदीः पारंपरिक जल संग्रहण टैंक, जो हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा जल को संग्रहित करने के लिए बनाए जाते थे।

## भरमौर में बताए योग के फायदे

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** आयुष विभाग के तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चौरासी मंदिर परिसर, भरमौर में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्थानीय विधायक डॉ. जनक राज तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई, जिसके पश्चात योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ हुआ। आयुष विभाग से आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट राजेंद्र, बलवान व अनिल द्वारा योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया और उपस्थित जनसमूह को योग करवाया गया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

## चंबा से साहू रूट की बस लगातार 5 दिन से खराब, छात्रों ने किया डिप्टी इंचार्ज का घेराव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चम्बा** से साहू की ओर जाने वाली सरकारी बस के लगातार पाँच दिनों से ख़राब रहने पर आज विद्यार्थियों का सब्र टूट गया। स्कूल, कॉलेज और आईटीआई के छात्रों ने एनएसयूआई ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में चंबा बस स्टैंड पर डिप्टी इंचार्ज का घेराव किया।



चंबा बस स्टैंड पर डिप्टी इंचार्ज का घेराव करने जाते छात्र।

छात्रों ने बताया कि इस बस में पहली कक्षा से लेकर कॉलेज तक के विद्यार्थी यात्रा करते हैं, जो दूर-दराज़ के क्षेत्रों से आते हैं। इन सभी छात्रों के पास सरकारी बस पास हैं और घर की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे निजी बसों में सफ़र कर सकें। लगातार बस का ख़राब होना न केवल परेशानी का कारण है, बल्कि यह किसी बड़ी दुर्घटना को भी जन्म दे सकता है। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर चंबा विधायक नीरज नैय्यर से फ़ोन पर बात की। विधायक ने स्वयं डिप्टी इंचार्ज से संपर्क कर छात्रों को आश्वासन दिया कि सोमवार से एक वैकल्पिक बस सुविधा दी जाएगी।

## पंडोह स्कूल के 9 प्रतिभागी बच्चों को नहीं दी टी-शर्ट

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पंडोह के आयुर्वेदिक संस्थान में हमेशा ही धूमधाम के साथ आयोजित होता रहा है। इस बार भी योग दिवस 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए' थीम के साथ आयोजित किया गया। जिसमें 430 प्रतिभागियों ने विभिन्न स्कूलों के बच्चों अध्यापकों अभिभावकों व पंचायत जनप्रतिनिधियों के रूप में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। योग शिक्षक मनमोहन व आर्ट ऑफ लिविंग से दुनी चंद ने योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया। इस आयोजन का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रिय आयुष संस्थान पडोह की प्रभारी डॉक्टर विनीता नेगी द प्रज्वलन के साथ किया। उपस्थित प्रतिष्ठित लोगों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इतना अच्छा समारोह होने पर भी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक संस्थान पर स्थानीय लोगों द्वारा बड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जिससे समारोह ही नहीं अपितु संस्थान की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

विवाद का कारण संस्थान द्वारा हर प्रतिभागी को टी शर्ट वितरण के रूप में हुआ है। जिसमें राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला पंडोह के 9 प्रतिभागी बच्चों को टी शर्ट ना देना है। समारोह में सभी प्रतिभागियों कर्मचारी -अधिकारी को टी शर्ट दी गई मगर सरकारी स्कूल के ये बच्चे मुंह ताकते ही रह गए। इस संबंध में संस्थान की प्रभारी द्वारा स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि जो भी प्रतिभागी प्रातः 6 बजे पंजीकृत हुए उनमें ही टी शर्ट का वितरण किया गया। इन बच्चों का पंजीकरण ना होने से ये टी शर्ट से वंचित हुए हैं। इसमें संस्थान की कोई गलती नहीं है। जबकि स्थानीय लोगों में इस आचरण को लेकर संस्थान के प्रति भारी आक्रोश है।

### डलहौजी यूथ हॉस्टल में करवाया योगाभ्यास

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन यूथ हॉस्टल डलहौजी में किया गया, जिसमें अनिल कुमार भारद्वाज एसडीएम डलहौजी बतौर मुख्यातिथि रहे व डॉ राजेश कुमार शर्मा एसडीएएमओ तुनुहट्टी और उनके सानिध्य में योगाचार्य राजेंद्र कुमार द्वारा कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत योग क्रियाएं आसन प्राणायाम व मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया। जिसमें लगभग 50 साधक उपस्थित रहे।

### योग दिवस के महत्व की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंधा में अध्यापकों सहित सभी बच्चों ने धूमधाम से योग दिवस मनाया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सुभाष शर्मा ने बच्चों को योग दिवस के महत्व की जानकारी दी और कहा कि योग सिर्फ एक व्यायाम ही नहीं है, बल्कि यह एक आत्मिक और मानसिक अनुशासन है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। योग हमें निरोगी काया, शांत मन और सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करता है। अतः हमें चाहिए कि हम केवल योग दिवस पर ही नहीं बल्कि हर दिन योग को अपने जीवन में शामिल करें।

### छात्रों को योग करने के लिए किया प्रेरित



**हसन शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** भांजराडू में संघर्ष इंस्टीट्यूट के छात्र एवं छात्राओं ने योग दिवस मनाया। इस अवसर पर उनके सम्माननीय अभिभावकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग हमारे जीवन में किस प्रकार सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने योग के विभिन्न लाभों जैस शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, एकाग्रता में वृद्धि और संतुलित जीवनशैली की ओर प्रेरणा के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग की विविध क्रियाओं को न केवल देखा बल्कि उन्हें आत्मसात भी किया। इसके साथ ही संघर्ष इंस्टीट्यूट के चेयरमैन प्रेम शर्मा ने बताया कि नशा छोड़ो योगा अपनाओ के बारे भी बच्चों को जानकारी दी और बच्चों को योग के प्रति प्रेरित किया

### योग जीवन जीने की एक समग्र पद्धति

**अनंत ज्ञान, सिहुंता।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहुंता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी (ना.) पारस अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके साथ तहसीलदार सिहुंता सुरेंद्र भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों, अध्यापकों और क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया और योग के लाभों पर प्रकाश डाला। पारस अग्रवाल ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार सहित समस्त शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिससे उपस्थित सभी जनों को मानसिक और शारीरिक रूप से लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग उपमंडल टुंडी के ओर से किया गया था। विभाग की टीम में उपमंडल आयुष अधिकारी डॉ. अनुपमा के साथ डॉ. केशव राणा, डॉ. कार्तिक शर्मा, डॉ. अभिषेक शर्मा योग गाइड निवेदिता व अक्षय चंदेल भी मौजूद रहे।

### विभिन्न आसन, प्राणायाम का किया अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान, चैलचौक में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रही, जो मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के बीच गहरे संबंध को दर्शाती है। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि के रूप में अभिलाषी विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी ने अपने प्रेरणादायक वर्चुअल संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं दीं। इसका शुभारंभ कॉमन योगा प्रोटोकॉल सत्र के साथ हुआ, जिसमें कॉलेज के शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वस्थवृत्त विभाग के योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में सभी ने मिलकर विभिन्न आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।

### हिलटॉप स्कूल ने उत्साह व आत्मिक उन्नयन के साथ मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी हिलटॉप स्कूल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ मनाया। यह उत्सव माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय अभियान के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवा भारत की जीवनशैली में योग को मुख्यधारा में लाना है। यह आयोजन सुबह 5:45 बजे से 7:00 बजे तक, हिमालय की शांत और सुरम्य वादियों में, समुद्र तल से 7,900 फीट की ऊँचाई पर शुरू हुआ। ताज़ी पहाड़ी हवा और मनोरम दृश्य विद्यार्थियों को इस प्राचीन भारतीय जीवनशैली और कल्याण विज्ञान से गहराई से जुड़ने का एक आदर्श अवसर प्रदान कर रहे थे।

सभी छात्रों और शिक्षकों ने इस सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में उन्होंने योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की एक शृंखला का अभ्यास किया। इस सत्र के दौरान दिखाई देने वाली सामूहिक ऊर्जा और एकता, स्कूल की समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक थी।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

मैं, शालू भरवाल @ सलोचना देवी, पत्नी श्री विजय कुमार, निवासी गांव बडूही, पोस्ट ऑफिस चौकी मनियार, उप-तहसील जोल, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश), घोषणा करती हूं कि मेरा सही नाम सलोचना देवी है, जिसे आधार कार्ड में गलत तरीके से शालू भरवाल लिखा गया है। कृपया इसे संबंधित दस्तावेजों में सुधार किया जाए।

**नाम परिवर्तन**

मैं, सुनील कुमार, पुत्र श्री कर्म चंद, निवासी गांव व डाकघर- डाढ़, तहसील नगरी/पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176052। मैं घोषणा करता हूँ कि मेरी बेटी का नाम वर्तमान में "SANIYA" के रूप में गलत लिखा गया है, जो कि गलत है। मैं उसके नाम "SONIA" में सुधार करना चाहता हूँ, जो कि सही वर्तनी है। यह सभी को सूचित किया जाता है।

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB SIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP)**

1. Arvind Kumar S/o Megh Raj Village Jhullar Po & Tehsil Shahpur Distt Kangra (HP). 2. Rukmani D/o Dhian Singh village Bela Po & Tehsil Nadaun Distt. Hamirpur (HP). ....Applicants

V/S

1. General Public
2. Local Registrar, Nagar Panchayat Shahpur Respondents.......

**Subject:-** Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.

Applicants Sh. Arvind Kumar S/o Megh Raj Village Jhullar Po & Tehsil Shahpur Distt Kangra (HP) and Rukmani D/o Dhian Singh village Bela Po & Tehsil Nadaun Distt. Hamirpur (HP) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 21-06-2010 at village Bela Po & Tehsil Nadaun Distt. Hamirpur (HP) as per Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 24-07-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

(Kartar Chand)
Marriage Officer-Cum-Sub Divisional MagistrateShahpur, District Kangra (HP)

**In the court of Sh. Maneesh Chaudhary (H.A.S.) Additional District Registrar/Marriages cum-Sub Divisional Magistrate, Jogindernagar District Mandi (H.P.)**

**In the matter of :-** 1. Sh. Dilwar aged about 30 years (DOB 07/02/1995) S/o Sh. Subash Chand R/o Village Badehar, P.O. Mohan Ghatti, Tehsil Joginder Nagar, Distt. Mandi. H.P. 2. Smt. Shabnam aged about 29 years (26/01/1996) D/o Sh. Pritam Chand R/o Village Khalate, P.O. Thakur Dwara, Tehsil Palampur, Distt. Kangra, H.P.

...Applicant

Versus
General Public
...Respondent

**Subject:** Proclamation for the registration of Marriage under section 8(3) of H.P. Registration Marriage Act 1996.

In the above noted Sh. Dilwar and Smt. Shabnam have filed an application on dated 16/06/2025 along with affidavits under section 8(3) of H.P. Registration of Marriage Act 1996 that they have solemnized their marriage on dated 25-10-2020 according to the custom & ritual of Hindu religion and from the date of marriage they are living together as Husband & wife, Due to inadvertence they could not get their marriage registered before the local registrar within the stipulated period hence their marriage may be registered under Section 8(3)of H.P. Registration of marriage act 1996.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding registration of this marriage can file the objection personally in writing or through their legal advisor before the undersigned on or before dated **03-07-2025** the objection received after **03-07-2025** will not be entertained and direction to register the marriage will be issued accordingly.

Issued today on 16.06.2025 under my hand and seal of this court.

Maneesh Chaudhary H.A.S
Sub Divisional Magistrate Cum Additional District Registrar Marriages Joginder Nagar, District Mandi Himachal Pradesh.

### सूडोकू नवताल- 7468

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 8 | | | | | 6 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7467 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 22 जून 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वावसु), **मास** : आषाढ़ ज्येष्ठ, **तिथि** द्वादशी (01:24) । **नक्षत्र** भरणी (05:39), **पक्ष**: कृष्ण, **योग** : सुकर्मा (04:57), अभिजीत (11:54-12:50)। **राहुकाल** (05:37-07:22)।

### विशेष दिन

▶ 22 जून 2025: निम्बार्क वैष्णव समुदाय आज रखेगा योगिनी एकादशी व्रत।

**मेषः** अनजान लोगों पर भरोसा न करें। अपने घर और संतान संबंधी शुभ समाचार मिलेंगे। पुराने व बचपन के मित्रों से भेंट के कारण मन में आनंद छाया रहेगा।

**वृषः** दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। आज का दिन लाभदायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारीगण की कृपादृष्टि से आपको प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**मिथुनः** जीवनसाथी के साथ तालमेल स्थापित होगा। उच्च अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी।

**कर्कः** अनजाने में कोई बड़ी गलती हो सकती है। आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य भी संभलें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**सिंहः** समय से पहले आप का कोई भी काम नहीं बनेगा। अपनी बारी का इंतजार करें। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे होंगे। मध्याह्न के बाद आपको प्रतिकूलता का अहसास होगा।

**कन्याः** संतों के दर्शन से लाभ होगा। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से कार्य करेंगे। सभी कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण होंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी।

**तुलाः** आप में भावुकता अधिक रहेगी। विद्यार्थियों को संबंधित आज अध्ययन और करियर संबंधित विषयों में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। घर के वातावरण में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिकः** पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि होने की संभावना है।

**धनुः** आज मित्रों और प्रियपात्र के साथ भेंट होगी। छोटे से प्रवास का आयोजन हो सकता है। मध्याह्न के बाद अकस्मात घटनाओं से मन अस्वस्थ होगा।

**मकरः** बने बनाए काम बिगड़ सकते हैं। आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार मन में न आने दें। वैचारिक स्थिरता के साथ ही आप हाथ में आए हुए कार्यों को पूर्ण कर पाएंगे।

**कुंभः** दूसरों के प्रति आकर्षित होंगे। आज का दिन शुभ फलदायी है। नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए समय अनुकूल है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बीतेगा।

**मीनः** मेहनत का फल मिलेगा। कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस न जाएं इसका ध्यान रखें। मानसिक रूप से एकाग्रता कम रहेगी।

शिक्षा के बिना मन उतना फल नहीं दे सकता जितना कि खेती के बिना खेत, चाहे कितना भी उपजाऊ क्यों न हो। –सिसरो

## संपादकीय

# नकली दवाइयों का धंधा

देशभर में फार्मा हब के रूप में विख्यात हिमाचल प्रदेश गंभीर सवालों के घेरे में है। बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्र जहां देश की एक बड़ी दवा आपूर्ति श्रृंखला को संचालित करते हैं, वहीं इन क्षेत्रों से लगातार दवाइयों के सैंपल फेल होने की खबरें आ रही हैं। हिमाचल में आए दिन दवाइयों के सैंपलों का फेल होना वाकई गंभीर चिंता का विषय है। यह सीधे-सीधे लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। यह केवल गुणवत्ता की लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य और बहुमूल्य जीवन से किया जा रहा बहुत बड़ा मजाक है।

हिमाचल में बनी 45 दवाइयों समेत देशभर की कुल 186 दवाइयों के सैंपल फेल होना बेहद शर्मनाक है। केवल सोलन जिले में ही 33 दवाइयों के सैंपल फेल हुए हैं, जबकि सिरमौर और ऊना जिलों में भी क्रमश: 9 और 3 दवा कंपनियों की दवाइयों के सैंपल तय मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। इस स्थिति ने राज्य के ड्रग माफिया की मौजूदगी की आशंका को बल दिया है। इन सैंपल फेल दवाइयों में पेट के कीड़े मारने वाली दवाइयों से लेकर संक्रमण रोकने वाली एंटीबायोटिक्स तक शामिल हैं। कल्पना कीजिए कि यदि ये दवाइयां किसी गंभीर बीमारी के इलाज में इस्तेमाल हो रही हों और मरीज को सही मात्रा में औषधीय तत्व ही न मिले, तो इसका अंजाम क्या हो सकता है? यह सिर्फ एक तकनीकी खामी नहीं, बल्कि सीधे तौर पर हत्या के प्रयास जैसा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब भी ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, राज्य सरकार और ड्रग कंट्रोल विभाग केवल नोटिस जारी कर, कंपनियों से जवाब मांगकर और स्टॉक वापसी करवाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेते हैं। किसी कंपनी का लाइसेंस रद्द नहीं होता, किसी को जेल नहीं भेजा जाता और न ही सार्वजनिक रूप से दोषियों को बेनकाब किया जाता है। यह ढीलापन ही है जो ड्रग माफिया को प्रोत्साहित कर रहा है। यह सवाल अब हर नागरिक के मन में उठना स्वाभाविक है कि आखिर यह खेल कब तक चलता रहेगा?

हिमाचल प्रदेश की फार्मा इंडस्ट्री देश की जरूरतों को पूरा करती है, लेकिन यदि इसी इंडस्ट्री में भ्रष्टाचार, लालच और मानवीय जीवन की अवहेलना पनपती रही, तो वह दिन दूर नहीं जब इस हब पर से विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा। अब समय आ गया है कि इस समस्या से निपटने के लिए केवल चेतावनी और कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि ठोस और कठोर कदम उठाए जाएं। स्वतंत्र जांच आयोग का गठन किया जाए। राज्य सरकार को इस मामले की उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच करवानी चाहिए, जिसमें स्वास्थ्य, फार्मेसी और कानून विशेषज्ञ शामिल हों। दोषियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। केवल नोटिस देने से बात नहीं बनेगी। जिन कंपनियों की दवाइयां बार-बार फेल हो रही हैं, उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कर उन्हें जेल अवश्य भेजा जाना चाहिए। लाइसेंस की सख्त समीक्षा होनी चाहिए। ड्रग माफिया और लापरवाह कंपनियों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने चाहिए और भविष्य में उन्हें पुन: लाइसेंस न देने का कानून बनाना चाहिए। रेगुलर सैंपलिंग और पब्लिक रिपोर्टिंग भी बेहद लाजिमी है। दवाइयों के सैंपल की नियमित रूप से जांच हो और हर महीने की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

जनता की जागरूकता बढ़ाना भी अब जरूरी हो गया है। आम लोगों को दवाइयों की गुणवत्ता, दुष्प्रभाव और जांच की प्रक्रिया की जानकारी देना बेहद जरूरी है ताकि वे सतर्क रहें। लोगों को भी चाहिए कि यदि उन्हें नकली दवाई दी जाती है तो वह उसको न खाएं। काई भी दवा लेने से पहले डॉक्टरों की सलाह अवश्य लें। हेल्पलाइन और शिकायत पोर्टल बनाने चाहिए। सरकार को एक ऐसी हेल्पलाइन और डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करना चाहिए जहां कोई भी नागरिक संदिग्ध दवाओं की शिकायत कर सके। यह केवल हिमाचल प्रदेश की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे देश की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा मामला है। नकली या घटिया दवाइयों की वजह से आम लोगों की जिंगियां खतरे में पड़ रही हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह न केवल फार्मा इंडस्ट्री की गुणवत्ता पर पैनी नजर रखे, बल्कि ऐसी किसी भी हरकत को अक्षम्य अपराध मानते हुए कठोर कार्रवाई करे।

हिमाचल प्रदेश को अपनी फार्मा कैपिटल की छवि को बचाना है तो उसे ड्रग माफिया के खिलाफ एक निर्णायक युद्ध छेड़ना ही होगा। जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस परिणाम देखना चाहती है। कानून का डर और प्रशासन की सक्रियता ही इस खेल को रोक सकती है, और वह तभी संभव है जब राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत हो। लोगों की जान की कीमत पर व्यापार करने वालों के लिए देश में कोई जगह नहीं होनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी फिल्मों का अमर विलेन

**हिंदी** सिनेमा में कई यादगार विलेन हुए, लेकिन एक ऐसा नाम है जो अपनी गूंजती आवाज, कड़क अभिनय और गहराई से निभाए गए किरदारों के लिए आज भी अमर है। नाम है अमरीश पुरी। 40 साल की उम्र में फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले इस कलाकार ने अपने अभिनय से बड़े-बड़े नायकों को भी पर्दे पर चुनौती दी। लाहौर (अब पाकिस्तान) में जन्मे अमरीश पुरी ने 1971 में रेशमा और शेरा से फिल्मी करियर की शुरुआत की, लेकिन उन्हें असली पहचान निशांत, मंथन और भूमिका जैसी फिल्मों से मिली। उन्होंने विलेन के किरदारों को इस तरह निभाया कि 'बुरा आदमी' कहें तो सीधे उनकी ही छवि आंखों के सामने आ जाए। उनका सबसे प्रतिष्ठित किरदार था फिल्म मिस्टर इंडिया में 'मोगैंबो', जिसका डायलॉग था 'मोगैंबो खुश हुआ!' इस किरदार ने उन्हें हिंदी सिनेमा का सबसे लोकप्रिय और महंगा खलनायक बना दिया। एक दौर में वे एक फिल्म के लिए एक करोड़ रुपए तक की फीस लेते थे। असल जीवन में अमरीश पुरी बेहद अनुशासित और सादगी पसंद इंसान थे। ■



**अमरीश पुरी**
**जन्म :** 22 जून, 1932
**मृत्यु :** 12 जनवरी, 2005



कविता

## फूल प्यारे

आरुषि, कक्षा दसवीं, रावमावि लड्डा, जिला चंबा

*फूल हैं कितने प्यारे-प्यारे*
*रंग-बिरंगे सुंदर न्यारे*
*सबके मन को फूल लुभाते*
*पर्यावरण यह सुंदर बनाते।*
*धरा की शोभा यही बढ़ाते,*
*सब देख फूल हैं मन बहलाते।*
*मन में खुशी का करें संचार,*
*प्रकृति का फूल नित करें श्रृंगार।*
*इत्र व दवाइयां फूल से बनती,*
*फुलवारी सुंदर किसी न लगती।*
*गुलाब से बनता सुंदर शरबत*
*गर्मी में शरबत लगता अमृत*
*फूलों से नित करें हम प्यार,*
*यह है प्रकृति का उपहार।*
*फल का जनक भी फूल ही होता,*
*फूलों के बिना न फल है बनता।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# नारी शक्ति की डिजिटल उड़ान : तरक्की की नई परिभाषा

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक निर्णायक बदलाव की शुरुआत हुई, तभी से भारत ने डिजिटल प्रगति की एक नई दिशा पकड़ी। इन 11 वर्षों में 'डिजिटल इंडिया मिशन' जैसे जन-केंद्रित अभियानों ने करोड़ों नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है-विशेषकर महिलाओं के लिए यह परिवर्तन आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और सम्मान की ओर एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। आज की 21वीं सदी में तकनीक सिर्फ शासन और अर्थव्यवस्था को ही नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना को भी बदल रही है। और इस बदलाव की सबसे सशक्त मिसाल हैं वे महिलाएं, जो डिजिटल युग में नए अवसरों के साथ नई उड़ान भर रही हैं।



लेखिका : सावित्री ठाकुर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री

पहले डिजिटल साक्षरता बड़े शहरों तक ही सीमित थी, लेकिन वहां भी इसकी पहुंच कम थी और ग्रामीण महिलाओं के लिए तो तकनीक जैसे कहीं थी ही नहीं, लेकिन 'डिजिटल इंडिया' मिशन के तहत शुरू किए गए योजनाबद्ध प्रयासों ने इस तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है।

विशेष रूप से 2017 में प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान ने करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त किया है। अब वे स्मार्टफोन, इंटरनेट और डिजिटल टूल्स के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, टेलीमेडिसिन और अन्य सुविधाओं का सीधे लाभ उठा रही हैं। इस अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें 53 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन लेनदेन, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जन धन योजना, जो जेएएम ट्रिनिटी (जनधन, आधार, मोबाइल) के साथ मिलकर विश्व का सबसे बड़ा वित्तीय समावेशन कार्यक्रम बन चुकी है, ने भारत में आर्थिक सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। पहले जहां करोड़ों महिलाओं



के पास बैंक खाते तक नहीं थे और सरकारी लाभ बिचौलियों के हाथों में चले जाते थे, वहीं अब जनधन, आधार और मोबाइल की ट्रिनिटी ने वित्तीय समावेशन को एक नई दिशा दी है। इस डिजिटल क्रांति के कारण महिलाएं सीधे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए अपने बैंक खातों में योजनाओं का लाभ पा रही हैं। इससे पारदर्शिता के साथ-साथ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और पारिवारिक फैसलों में उनकी भूमिका भी मजबूत हुई है।

**डिजिटल कौशल और भविष्य की तैयारी :** तकनीक आधारित प्लेटफॉर्म्स ने शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। स्किल इंडिया मिशन और ई-स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों से लाखों लड़कियों और महिलाओं को उनके मोबाइल पर अब प्रशिक्षण मिल रहा है। इससे वे बेहतर कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं और नए रोजगार के अवसर प्राप्त कर पा रही हैं। यह बदलाव पहले के सीमित संसाधनों और पहुंच से कहीं अधिक व्यापक और सशक्त है।

स्वयं और दीक्षा जैसे पोर्टल्स ने महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है, विशेषकर कोरोना महामारी के दौरान जब समस्त दुनिया ठहर सी गई थी। अब महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और कौशल विकास मंत्रालय की संयुक्त पहल के अंतर्गत 19 राज्यों के 27 जिलों में किशोरियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**डिजिटल युग में महिला उद्यमिता को नया संबल :** एक समय था जब महिलाओं के छोटे व्यवसाय घर की चारदीवारी तक ही सीमित रहते थे और बाजार तक पहुंच बनाना एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन बीते वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है। महिला ई-हाट और जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) जैसे मंचों के माध्यम से अब महिलाएं न केवल अपने उत्पाद ऑनलाइन बेच रही हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रही हैं।

**स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा में तकनीक की भूमिका :** पोषण ट्रैकर, आरसीएच पोर्टल और ईसंजीवनी जैसे डिजिटल टूल्स ने माताओं एवं एवं बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी को बेहद आसान और प्रभावशाली बना दिया है। अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनें मोबाइल ऐप्स की मदद से लाभार्थियों की निगरानी, रिपोर्टिंग और सेवा वितरण का कार्य आसानी से कर पा रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा लंबे समय तक एक ऐसा क्षेत्र रहा, जहां तकनीक और त्वरित सहायता तंत्र की गंभीर कमी महसूस होती थी। इस कमी को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने ईआरएसएस-112, पैनिक बटन और महिला सुरक्षा ऐप्स जैसे प्रभावशाली उपाय लागू किए, जिनसे अब महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर खुद को पहले से कहीं ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

**स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, और गणित) में महिलाओं की भागीदारी :** स्टेम जैसे क्षेत्रों में लड़कियों की भागीदारी कभी सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब हालात तेज़ी से बदल रहे हैं। विज्ञान ज्योति और वाइस-किरण योजना जैसी पहलें छात्राओं को स्टेम क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

**विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम :** पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल तकनीक महिलाओं के जीवन में अभूतपूर्व क्रांति लाई है। 2014 से लेकर अब तक समावेशी नीतियों, योजनाबद्ध प्रशिक्षण और तकनीक की पहुंच के जरिए लाखों महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। अमृतकाल की ओर बढ़ते ये परिवर्तन महिलाओं को केवल भागीदार ही नहीं, बल्कि विकास यात्रा की अगुवा बना रहा है। एक डिजिटल रूप से सशक्त महिला आज केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकसित भारत की निर्माता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पीएम का धन्यवाद, दुनिया में बज रहा योग दर्शन का 'नगाड़ा'

योग आनंद का विज्ञान है। पतंजलि के योगसूत्र में 'चित्तवृत्ति के निरोध को ही योग' कहा गया है। चित्तवृत्ति के प्रभाव में ही संसार दुखमय है। आधुनिक विश्व में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। तनाव और अवसाद बढ़े हैं। क्रोध उफना रहा है। मनुष्य अकेला है। परिवार टूट रहे हैं। आस्थाएं धीरज नहीं देती। आत्महत्याएं बढ़ी हैं। हिंसा युद्ध रक्तपात भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया में अनेक आस्थाएं हैं और अनेक विश्वास। सबके अपने सत्य और विश्वास हैं। आस्था और विश्वास को लेकर हो रहे रक्तपात विश्व मानवता के लिए खतरा है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का युग है, लेकिन वैज्ञानिक शोधों ने हत्या और हिंसा के नए उपकरण दिए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सत्य का पथ आसान हुआ है, लेकिन जीवन का शिव और सुंदर फिसल गया है।



लेखक : हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व अध्यक्ष, उ.प्र., विधानसभा

वैज्ञानिक शोधों की अंतरराष्ट्रीय चर्चा होती है। चिकित्सा विज्ञान के शोध मनुष्य के लिए हितकर भी हैं। अन्य वैज्ञानिक शोध भी विश्व स्तरीय चर्चा का विषय बने हैं, लेकिन आज जैसी अंतराष्ट्रीय चर्चा योग दर्शन की है वैसी चर्चा यूनानी दर्शन के दिग्गजों के निष्कर्षों की भी नहीं हुई-न अरस्तू, सुकरात या प्लेटो की और न ही थेल्स, अनसिक्मेनस, हिराक्लिटस या पाइथागोरस की ही। कांट दर्शन की भी अंतराष्ट्रीय चर्चा नहीं हुई, लेकिन योग दर्शन का 'नगाड़ा' बज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को धन्यवाद। दुनिया ने 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। समूचा भारत योग गंध से हहरा रहा है। योग ऋग्वेद के उगने के पहले से परम स्वास्थ्य का मार्ग था। गीता (6.21) में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को योग का लाभ बताया 'योग से प्रशांत



हुआ आत्म बुद्धि द्वारा ग्रहण किए जाने योग्य सुख प्राप्त करता है। बुद्धि और इन्द्रिय सुख से परे परम आनंद को भी प्राप्त करता है।' योग साधक संसार को दुखमय नहीं आनंदमय देखता है। आनंद पाता है और आनंद बांटता भी है। योग आनंद का विज्ञान है। भारत के आठ दर्शनों में एक योग दर्शन भी है। प्रकृति आनंद से भरी पूरी है, लेकिन मनीषियों ने संसार को दुखमय बताया है। दुख और आनंद साथ-साथ नहीं रह सकते। संसार वस्तुत: हमारे मन का सृजन है। प्रकृति सदा से है। पतंजलि ने योग सिद्धि के अनेक लाभ बताएं हैं। सुंदर स्वास्थ्य प्राथमिक है। बुद्धि का अनंत प्रज्ञा से जुड़ना बड़ा लाभ है। पतंजलि ने इसके लिए आधे से भी छोटा श्लोक लिखा है-'ऋतम्भरा तत् प्रज्ञा:।' तब प्रज्ञा ऋत से भर जाती है। ऋत प्रकृति का संविधान है। यही सत्य भी है, लेकिन ऋतम्भरा में सत्य के साथ सौंदर्य और शिव भी है। योग सिद्ध व्यक्ति की लाभ-हानि सोचने की परिभाषा बदल जाती है।

मन स्थिरिता आसान कर्म नहीं है। मन अपनी चलाता है, बुद्धि उसी की पिछलग्गू हो जाती है, हम मनमानी करते हैं, हमारी बुद्धिमानी भी मनमानी की पूरक होती है। मन की ताकत बड़ी है। उसे प्रशिक्षित करने के बाद ही बुद्धि के अनुरूप लाया जा सकता है। वरना मन मनमानी ही कराता है।

अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है। अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। असली बात है संयत चित्त। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। पतंजलि योग सूत्र सुव्यवस्थित दर्शन है और यथार्थ विज्ञान भी। दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है, रोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रांति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है। भ्रांति और अस्थिरता मन विक्षेप लाते ही हैं। पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है और परम स्वास्थ्य के प्राचीन दर्शन को पुनर्जीवित किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भ्रष्टाचार** हमारे देश की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। यह वह दीमक है जो व्यवस्था की जड़ों को खोखला कर देती है। जब किसी कार्य को करने के लिए रिश्वत देना आवश्यक हो जाए, तो आम नागरिक का विश्वास तंत्र से उठ जाता है। सरकारी दफ्तरों, ठेकों, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीति में भ्रष्टाचार ने अपनी गहरी पैठ बना ली है। यह केवल पैसे का दुरुपयोग नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों का पतन भी है। भ्रष्टाचार से गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसे मुद्दे और गहरे हो जाते हैं। इसके उन्मूलन के लिए पारदर्शिता, कड़े कानून और नागरिक जागरूकता आवश्यक है। जब तक हर नागरिक अपने स्तर पर ईमानदारी नहीं अपनाएगा, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं हो सकती। भ्रष्टाचार का अंत ही एक सशक्त, समृद्ध और न्यायपूर्ण भारत की नींव है।

**–गीतेश, ज्वालामुखी**

# क्या 100 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए व्यावहारिक है?

'शिक्षा केवल सूचनाओं का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि मनुष्य निर्माण की प्रक्रिया है, जिसे एक संवेदनशील, सुलभ और संतुलित व्यवस्था की आवश्यकता होती है।' हिमाचल प्रदेश की शैक्षणिक व्यवस्था अपने अनुशासित ढांचे और गुणवत्तापूर्ण परिणामों के लिए वर्षों से सराही जाती रही है, परंतु हाल ही में शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को लेकर अपनाई गई नीति ने न केवल शिक्षकों में चिंता का विषय उत्पन्न किया है, बल्कि शिक्षा के भविष्य को लेकर भी गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। यह अधिसूचना हाल ही में उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई है, जिसमें 11वीं कक्षा में 100 विद्यार्थियों पर एक प्रवक्ता की तैनाती का नया मानक प्रस्तावित किया गया है। यह मानक जितना आंकड़ों में सरल प्रतीत होता है, व्यवहार में उतना ही जटिल और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।



लेखक : सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बशैहर

शिक्षक और विद्यार्थी के बीच उचित संवाद और व्यक्तिगत ध्यान गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की नींव हैं। यदि एक प्रवक्ता पर 100 से अधिक विद्यार्थियों की जिम्मेदारी डाली जाए, तो यह केवल शिक्षण का बोझ नहीं बढ़ाता, बल्कि शिक्षण की आत्मा को भी क्षतिग्रस्त करता है। शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक जरूरत, संदेह समाधान, मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहारिक समस्याओं आदि की ओर समुचित ध्यान नहीं दे पाता। इससे बच्चों की सीखने की गति धीमी हो जाती है, और लंबे समय में उनका आत्मविश्वास व प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी प्रभावित होती है।

यदि राज्य सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को वास्तव में प्राथमिकता देती है, तो शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को यथार्थवादी बनाना अत्यंत आवश्यक है। यह केवल नीति का विषय नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी है-एक ऐसा निर्णय जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित करेगा। व्यावहारिक और संतुलित अनुपात न केवल शिक्षा को प्रभावी बनाएगा, बल्कि शिक्षकों के मनोबल, उत्साह और कार्यक्षमता को भी बनाए रखेगा। प्राय: यह देखा गया है कि ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों के अधिकांश विद्यालयों में भौतिक संसाधन सीमित हैं। अधिकांश कक्षा-कक्ष इतने बड़े नहीं हैं कि उनमें एक साथ 100 विद्यार्थियों को समुचित स्थान, ध्यान और सुविधा दी जा सके। विद्यार्थियों की अधिकता से न केवल अनुशासन में गिरावट आती है, बल्कि उनकी सहभागिता भी प्रभावित होती है। वे प्रश्न पूछने, संवाद स्थापित करने और विषय में गहराई तक जाने से वंचित रह जाते हैं। शिक्षकों पर शिक्षण के अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों का भी काफी दबाव रहता है जैसे- उपस्थिति, मूल्यांकन, रिकॉर्ड संधारण, ऑनलाइन प्रविष्टियां आदि। यदि एक शिक्षक को 100 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करनी हो, मूल्यांकन करना हो, उनकी अनुशासन की जिम्मेदारी उठानी हो, तो उसमें वास्तविक शिक्षण का समय स्वत: ही घट जाएगा। परिणामस्वरूप शिक्षण प्रक्रिया यांत्रिक और सतही रह जाएगी।

यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि अंग्रेजी जैसे विषय, जहां व्याकरण, लेखन, उच्चारण, अनुच्छेद लेखन, साहित्यिक विश्लेषण आदि गहन स्तर पर विद्यार्थियों को समझाने होते हैं उनमें शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसे विषयों में व्यक्तिगत मार्गदर्शन, अभ्यास और फीडबैक नितांत आवश्यक होते हैं। यदि एक प्रवक्ता को 100 विद्यार्थियों की कक्षा पढ़ानी हो, तो वह न तो प्रत्येक विद्यार्थी की कॉपी देख पाएगा, न ही भाषा संबंधी त्रुटियों को सुधारने का पर्याप्त समय निकाल पाएगा। इसके अतिरिक्त, 100 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने में ही औसतन 10 मिनट लग



जाते हैं। वर्तमान नियुक्ति नीति केवल प्लस वन की छात्र संख्या को आधार बनाती है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रवक्ता को 12वीं कक्षा को भी पढ़ाना होता है। इसलिए यदि एक विद्यालय में प्लस वन में 90 और प्लस टू में 80 विद्यार्थी हैं, तो कुल 170 छात्रों के लिए केवल एक शिक्षक की नियुक्ति व्यावहारिक रूप से अनुचित कही जाएगी। नीति में यह दृष्टिकोण एकतरफा है और सुधार की मांग करता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को हिमाचल प्रदेश ने औपचारिक रूप से स्वीकार किया है। इस नीति में स्पष्ट रूप से संतुलित शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को गुणवत्ता सुधार का आधार माना गया है। इस नीति के तहत माध्यमिक स्तर पर 1:30 और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 1:35 या अधिकतम 1:40 अनुपात की सिफारिश की गई है। ऐसे में यदि राज्य की नियुक्ति नीति इस अनुशंसा से भिन्न जाती है, तो यह नई शिक्षा नीति 2020 के मूल उद्देश्य से विचलन माना जाएगा। विभाग द्वारा पूर्व में जारी पत्रों में 1:60 अनुपात को स्वीकार किया गया था, जो शिक्षा की गुणवत्ता, संसाधनों व शिक्षक के कार्यभार को देखते हुए व्यवहारिक मानक था, परंतु नवीनतम प्रस्ताव में 1:100 से अधिक की स्थिति बनने की आशंका शिक्षकों में भ्रम, चिंता और असंतोष पैदा कर रही है।

यह तब और चिंताजनक हो जाता है जब देश के अन्य राज्यों की ओर नजर डाली जाए। उदाहरण के लिए- केरल में माध्यमिक स्तर पर औसत अनुपात 1:32 है। तमिलनाडु में 1:35 के आसपास और महाराष्ट्र में 1:38 तक औसत देखा गया है। दिल्ली जैसे शहरी राज्य भी 1:30 अनुपात को लक्ष्य मानकर चल रहे हैं। ऐसे में हिमाचल जैसे छोटे और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण राज्य में 1:100 का अनुपात शिक्षा को केवल संख्या आधारित बना देगा, जो कि गुणवत्ता आधारित शिक्षा के मूलभूत सिद्धांतों के विपरीत है। इस नीति का दूरगामी प्रभाव केवल शिक्षकों की कार्यक्षमता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह विद्यार्थियों के भविष्य, माता-पिता के विश्वास और समाज में शिक्षकों की प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल असर डालेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गुरु वो, जो न केवल अक्षर सिखाए, बल्कि सोचने समझने की ताकत भी दे...


अगर आप अंगूठे और हस्ताक्षर के बीच का फर्क समझ पा रहे हैं, तो अपने गुरुजनों को इस काबिल बनाने का धन्यवाद दीजिए। अगर आज आप अपने विचारों को कागज पर कलम से व्यक्त कर पा रहे हैं, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर पा रहे हैं और आत्म विश्वास से दुनिया का सामना कर पा रहे हैं तो यह सब किसी और की नहीं, बल्कि आपके गुरुजनों की ही तो देन है।



लेखिका : रेखा मित्तल
स्वतंत्र टिप्पणीकार, चंडीगढ़

जिस समाज में कभी अंगूठा लगाना शिक्षा की कमी का प्रतीक था, वहीं आज हस्ताक्षर आत्मनिर्भरता और पहचान का प्रतीक है। यह परिवर्तन रातों-रात नहीं आया, बल्कि इसके पीछे आपके शिक्षक का वर्षों का परिश्रम, मार्गदर्शन और समर्पण छिपा है। उन्होंने न केवल अक्षर सिखाए, बल्कि सोचने, समझने और सवाल पूछने की ताकत भी दी। उन्होंने हमें सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं दिया, बल्कि जीवन को देखने का नजरिया भी दिया। वही अंगूठा जो कभी अज्ञान का प्रतीक माना जाता था, आज हस्ताक्षर में बदलकर आपकी शिक्षा और आपके गुरुओं की मेहनत की कहानी कहता है।

तो आज, इस ज्ञान के सफर में जिन हाथों ने आपको थामा था, उन्हें एक बार फिर दिल से धन्यवाद कहिए। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि बिना शिक्षा के इंसान कभी



भी मंजिल तक नहीं पहुंच सकता। हमारी जिंदगी में शिक्षक का होना बहुत जरूरी है, ताकि हम उनसे कुछ सीख सकें। उनकी शिक्षा से हमारे जीवन को सही दिशा मिल सके और हम सही रास्ता चुन सकें। संत कबीर ने भी गुरु की महत्ता का वर्णन करते हुए बोला था-

*'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय।*
*बलिहारी गुरु आपने जो गोविंद दियो बताए।'*

भारत में गुरु शिष्य की परंपरा बहुत पुरानी है। भगवान श्रीकृष्ण के प्राचीन कथाओं से लेकर आज के हाईटेक जीवन में हमें हर तरफ शिक्षकों की महत्ता दिखाई देती है ।

गुरु द्रोणाचार्य के बिना अर्जुन को धनुष विद्या का ऐसा ज्ञान नहीं हो पाता तो वहीं, अगर रामकृष्ण परमहंस न होते तो भारतीय संस्कृति का वैश्विक महानाद करने वाले विवेकानंद को सही दिशा कौन देता? अत: शिक्षकों का आदर सत्कार करना चाहिए। शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन के वास्तविक कुम्हार की तरह होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं, बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। इसी वजह से हमारा राष्ट्र ढेर सारे प्रकाश के साथ प्रबुद्ध हो सकता है।

*गुरु कुम्हार शिष कुंभ है,*
*गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट।*
*अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।।*

कबीरदास ने उपर्युक्त दोहे में गुरु का महत्व समझाया है। कबीरदास जी कहते हैं कि गुरु कुम्हार है और शिष्य मिट्टी के कच्चे घड़े के समान है। गुरु भीतर से हाथ का सहारा देकर बाहर से चोट मार मारकर साथ ही शिष्यों की बुराई को निकालते हैं। गुरु ही शिष्य के चरित्र का निर्माण करता है। जीवन की आधारभूत जरूरतों के बाद मानव को मानव कहलाने के लिए जिस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत होती है वह शिक्षा। शिक्षा देश के विकास के प्रमुख तत्व है, लेकिन शिक्षक के बगैर यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती। शिक्षक अक्षरों व मात्राओं का जोड़ सिखाकर ऐसे इंसान की रक्षा करता है जो देश को एक नई दिशा देते हैं। चलिए दोस्तों, अपने जीवन में आए सभी गुरुओं को सादर वंदन कर आज उनको स्मरण करते हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मंडी में योग से निरोग रहने का दिया संदेश

## लेहड़ा गांव में आसमानी बिजली गिरने से गोशाला जलकर राख

**गाय को सकुशल बाहर निकाला, घास व लकड़ी का हुआ नुकसान**

गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान

**रिवालसर।** ग्राम पंचायत लोअर रिवालसर के लेहड़ा वार्ड में शुक्रवार को एक दुखद घटना में व्यासा देवी पत्नी स्वर्गीय दिला राम की गौशाला पर आसमानी बिजली गिरने से आग लग गई। तेज आवाज के साथ गिरी बिजली ने गोशाला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसमें रखा घास और इमारती लकड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई।

घटना के समय घर के सभी सदस्य खेतों में धान की बिजाई करने गए हुए थे। गोशाला में एक गाय अंदर बंधी हुई थी, जिसे गांव के जागरूक और साहसी स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। सूचना मिलते ही हल्का पटवारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार गौशाला की पूरी संरचना, उसमें रखी घास व लकड़ी का भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर पीड़ित परिवार को राहत राशि प्रदान की जाएगी। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता दी जाए, ताकि उन्हें पुनर्निर्माण में मदद मिल सके।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह टाउन हॉल में हर्षोल्लास से संपन्न

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** अनंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का आयोजन शनिवार को मंडी के टाउन हॉल में उत्साहपूर्वक किया गया। खराब मौसम के कारण समारोह स्थल में परिवर्तन किया गया था, लेकिन इसका उत्साह और प्रभाव कहीं भी कम नहीं रहा। इस अवसर पर मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन।

समारोह की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से की गई। इसके उपरांत ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से ध्यान (मैडिटेशन) सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने गहन मनन और आत्मशुद्धि का अनुभव किया। इसके पश्चात आयुष विभाग के तत्वावधान में योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योग क्रियाएं और आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर मंडी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट, एडीसी गुरसीमर सिंह, एसडीएम रूपिंदर कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली, जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, एमओएच डॉ. दिनेश ठाकुर सहित जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों, आईटीआई, डाइट संस्थान और महाविद्यालय मंडी के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ-साथ आर्ट ऑफ लिविंग, ब्रह्माकुमारी, पतंजलि योग समिति, नेहरू युवा केंद्र सहित कई संगठनों के सदस्यों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज विश्व भर में अपनाया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान करते हुए इसे स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

## डीएवी स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल मंडी में शनिवार को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के मुख्य भवन में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षकों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने सभा को संबोधित करते हुए सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन शैली है जो मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है।

## बीएसएल परियोजना में किया योग अभ्यास



**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना बीबीएमबी सुंदरनगर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्टाफ क्लब, बीबीएमबी सुंदरनगर में योगाभ्यास कार्यक्रम रखा गया जिसमें परियोजना के उप मुख्य अभियंता एवं मुख्यालय इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी और बीएसएल विद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे और योग प्रशिक्षक एलआर कौंडल के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया।

## न्यायिक अधिकारियों व कर्मियों ने किया योग

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला एवं सत्र न्यायालय, मंडी के सिविल एवं सत्र प्रभाग के बार रूम में 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश पारस डोगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट नितिन कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालय कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगाभ्यास सत्र का संचालन आयुष विभाग मंडी के योगाचार्य जितेन्द्र कुमार ने किया।

## योग के शारीरिक, मानसिक लाभों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), एसआरओ मंडी के कर्मचारियों द्वारा भीमाकाली मंदिर परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। यह आयोजन अमित कुमार सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रभारी एनएसओ एसआरओ मंडी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। योग सत्र का संचालन स्वयं अमित कुमार द्वारा किया गया, उन्होंने उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर भी विस्तृत प्रकाश डाला।

## जोगिंद्रनगर में करवाई योग क्रियाएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जोगिंद्रनगर मिनी सचिवालय के सभागार में जोगिंद्रनगर प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगिंद्रनगर एसडीएम मनीश चौधरी पूर्व ने की। योग शिक्षक आकृति राणा व रविंद्र कुमार ने सभी उपस्थित जनों को योग की क्रियाएं करवाई। आयुष विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. गौरव शर्मा ने मंच का संचालन किया।

## माइंड ऑपरेशन अकादमी में बच्चों को सिखाया योग



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माइंड ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और योगाभ्यास भी करवाया। उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने की एक जीवनशैली है। निदेशक ने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि माइंड ऑपरेशन अकादमी विगत 13 वर्षों से योग, मैडिटेशन, मोटिवेशन, माइंड पावर, मेमोरी पावर, एनएलपी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान कर रही है।

## एसपीएस स्कूल में ताड़ासन, वज्रासन और भुजंगासन का करवाया अभ्यास

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल अनंत नगर टटाहर सरकाघाट में योग दिवस पूरे उत्साह, श्रद्धा एवं समर्पण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास में भाग लिया।


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा करते स्कूली बच्चे

योगाभ्यास का नेतृत्व विद्यालय के डीपीइ बलदेव सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, तनाव प्रबंधन, आत्म-नियंत्रण और रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है। उन्होंने योग को जीवन की दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। गतिविधि प्रभारी मती विशालि गुलेरिया द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योग आसनों जैसे ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार राणा ने छात्रों, अभिभावकों व समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दीं और कहा कि योग केवल एक दिवस का आयोजन न बनकर, हर व्यक्ति के जीवन का स्थायी हिस्सा बनना चाहिए।

## सुंदरनगर में विद्यार्थियों को सिखाए विभिन्न योगासन

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुंदरनगर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पीडब्ल्यूडी), हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय प्रयोगशाला, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय तथा पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) सुंदरनगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों को प्राणायाम, ध्यान एवं विभिन्न योगासन सिखाए गए। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पीडब्ल्यूडी) सुंदरनगर में आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के निहाल सिंह एवं उनकी सहयोगी टीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए किया प्रेरित

**सरकाघाट।** स्थानीय सुप्रसिद्ध पाठशाला लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट में योग दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी,अध्यापकों व बच्चों ने शिव मंदिर सरकाघाट के सभागार में विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया और योग के महत्व को समझा। स्कूल प्रधानाचार्य सपना बरारी ने छात्रों को दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## हिमालयन स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**सरकाघाट।** हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस खूब उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान समस्त हिमालयन परिवार ने योग प्रशिक्षकों रिचा ठाकुर और मनीष कुमार के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने बच्चों व समस्त स्टाफ को अनेक योगासन करवाएं।

## सुंदरनगर में समझाया योग का महत्व


अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर में योग के बाद उपस्थित प्रतिभागी।

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शनिवार को अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग सुंदरनगर के सेंटर हॉल में एक भव्य और प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सुंदरनगर के विधायक एवं प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल शामिल हुए। उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री ओम प्रकाश नाइक, मंडलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष धर्म पाल अवस्थी सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ और प्रशिक्षु छात्राओं ने भी पूर्ण उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। विधायक ने कार्यक्रम स्थल पर सभी प्रतिभागियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। लगभग एक घंटे तक चली इस योग सत्र में विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का अभ्यास किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा योग की विधियों को समझाया गया और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। विधायक ने कहा कि योग भारत की प्राचीनतम जीवनशैली का अमूल्य हिस्सा है। यह न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है।

## योग जीवन को संतुलित रखने का प्रभावी माध्यम : संजीव

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय तथा स्थानीय पाइनग्रोव इंटरनेशनल स्कूल, र्यूपण के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीश ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को योग, ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग जीवन को संतुलित रखने का प्रभावी माध्यम है ।

## सुंदरनगर में बताए योग के फायदे

**सुंदरनगर।** प्रदेश वन अकादमी सुंदरनगर ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर योग दिवस का आयोजन आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश के सहयोग से किया। इसमें आयुष विभाग से आए हुए डॉक्टर की टीम तथा योग प्रशिक्षकों के द्वारा विभिन्न योगाभ्यास करवाए गए। इस योग अभ्यास में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें हिमाचल प्रदेश वन अकादमी के अधिकारी व कर्मचारी तथा उनके परिवारजन, बीएसल मॉडल स्कूल बीबीएमबी कॉलोनी सुंदरनगर के छात्र व छात्राएं, एंजल पब्लिक स्कूल के छात्र व छात्राएं तथा अध्यापिका ने मुख्य रूप से भाग लिया। इसमें आयुष विभाग द्वारा तथा अकादमी के निदेशक द्वारा योग के लाभों का वर्णन किया गया तथा सभी से आग्रह किया।

## अपना वेतन सराज के गरीबों और वंचितों के लिए करूंगा उपयोग: विजय पाल सिंह

नूतन प्रकाश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बालीचौकी।** बालीचौकी क्षेत्र के पंजाई में शनिवार को हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह की नियुक्ति को लेकर नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय पाल सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुझे सराज के गरीबों एवं वंचितों की सेवा के लिए एक माध्यम प्रदान किया है और मैं सराज के लोगों की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहूंगा।


हिमाचल प्रदेश निजी शिक्षण संस्थान विनियामक आयोग के सदस्य विजय पाल सिंह की नियुक्ति को लेकर नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में खुशी जताते हुए।

इस अवसर पर विनियामक आयोग के नव नियुक्त सदस्य विजय पाल सिंह ने घोषणा की कि वे आयोग के सदस्य के नाते मिलने वाले अपने पूरे वेतन को सराज के गरीब और वंचितों की सेवा में उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वेतन का हिस्सा गरीब बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी खर्च किया जाएगा। इस अवसर पर विजय पाल सिंह स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से उठाने का भी आश्वासन दिया। विजय पाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में उन्हें हर वर्ग का सहयोग मिल रहा है और जिसका परिणाम यह है कि नेता प्रतिपक्ष व स्थानीय विधायक जयराम ठाकुर को अब सराज के छोटे छोटे मेलों में भी मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल होना पड़ रहा है। पंजाई पंचायत द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में कांग्रेस नेता जोगिंदर वालिया, सराज कांग्रेस के राजेंद्र शर्मा, दीवान ठाकुर, मदन, विचार विभाग के अध्यक्ष होशिया व जगदीश आदि मौजूद रहे।

## स्थानीय और पारंपरिक खाद्य पदार्थों का करें उपयोग, आयुर्वेद को करें पुनर्जीवित : प्रो. चौधरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भारत** सरकार की प्रमुख पर्यावरणीय पहल मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के अंतर्गत अभिलाषी विश्वविद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था 'सतत जीवनशैली के लिए स्वस्थ आदतें', जिसका आयोजन टीईआरआई (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट) तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. हरिंद्र कुमार चौधरी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम, टीईआरआई की वरिष्ठ प्रोग्राम अधिकारी डॉ. पल्लवी विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में विवि के रजिस्ट्रार, डीन, निदेशक, परीक्षा नियंत्रक, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


अभिलाषी विवि में मिशन लाइफ के प्रेरणादायक आयोजन करने के दौरान श्रोता।

कुलपति प्रो. चौधरी ने अपने उद्घाटन भाषण में पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और जीवनशैली में आवश्यक बदलावों की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम 'वोकल फॉर लोकल' के विचार को अपनाएं, स्थानीय व पारंपरिक खाद्य पदार्थों का उपयोग करें, आयुर्वेद को पुनर्जीवित करें, और पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र की जैव विविधता, विशेषकर पौधों और पशुओं की पारंपरिक प्रजातियों का संरक्षण करें। इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एल.के. अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

**अनदेखी** किसानों ने कई बार की शिकायत, प्रशासन ने नहीं की कोई ठोस कार्रवाई

## कचरा फेंकने से दूषित हो रहा खड्ड का पानी

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** शहर के प्रवेश द्वार गुगली खड्ड में लगातार कूड़ा-कचरा फेंके जाने से न केवल जल स्रोत प्रदूषित हो रहा है, बल्कि इस गंदे पानी के कारण ढेलू पंचायत के खेतों में सिंचाई के दौरान फसलें भी भारी नुकसान झेल रही हैं। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर नाराजगी जताई है।


गुगली खड्ड में लगातार कूड़ा-कचरा फेंकने से दूषित हो रहा पानी।

गौरतलब है कि गुगली खड्ड का पानी ढेलू पंचायत के अधिकांश क्षेत्रों में सिंचाई के लिए उपयोग किया जाता है। मगर बीते कुछ समय से इस जलस्रोत में निरंतर फेंके जा रहे कचरे से पानी की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिसका सीधा असर खेतों में बोई गई फसलों पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नगर परिषद और प्रशासन से कई बार गुहार लगाने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि सुबह की सैर पर निकलने वाले कुछ लोग चोरी-छिपे अपने घरों का कूड़ा गुगली खड्ड के पुल के नीचे फेंक जाते हैं, जिससे वहां कचरे का ढेर लग गया है। इस गंदगी के कारण ना केवल दुर्गंध फैली है, बल्कि संक्रमण फैलने का भी खतरा मंडरा रहा है। इस विषय में जब वार्ड सदस्य एवं नगर परिषद अध्यक्ष ममता कपूर से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। हालांकि नगर परिषद उपाध्यक्ष अजय धरवाल ने बताया कि नगर परिषद जोगिंद्रनगर शहर में नियमित रूप से घर-घर से कूड़ा एकत्रित करती है, लेकिन कुछ लोग 100 रुपए की बचत के लिए ऐसा शर्मनाक काम कर रहे हैं, जो निंदनीय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खड्ड में पड़े कचरे को शीघ्र हटाया जाएगा।

स्थानीय लोग अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन जल्द इस ओर गंभीरता से ध्यान देगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।

## पटड़ीघाट से गोभडता सड़क पर नालियों और पुलियों की अव्यवस्था बनी खतरे की वजह

**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान, रिवालसर।** लोक निर्माण विभाग सरकाघाट सर्कल के अंतर्गत आने वाली पटड़ीघाट से गोभडता सड़क पर बरसात के मौसम में जल निकासी की गंभीर समस्या सामने आ रही है। विभाग की ओर से नालियों व पुलियों का उचित प्रबंधन न होने के कारण पहाड़ियों की तलहटी व इधर-उधर से बहने वाला वर्षा जल सड़क पर एकत्र हो जाता है और तेज धारा के रूप में बहता हुआ भयंकर नाले का रूप ले लेता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह स्थिति बेहद खतरनाक होती जा रही है, खासकर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को इस दौरान जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। कई बार पानी की तेज बहाव में किसी के बह जाने की आशंका भी बनी रहती है।

लोगों ने चेताया है कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया, तो सड़क और इससे सटे रिहायशी इलाकों के साथ-साथ कृषि योग्य भूमि को भी भारी नुकसान हो सकता है। साथ ही, सड़क के ऊपर व नीचे की ढलानों का कटान भी गंभीर रूप ले सकता है। स्थानीय लोगों ने विभाग से जल्द आवश्यक कदम उठाने की पुरजोर मांग की है ताकि मानसून में संभावित दुर्घटनाओं और क्षति को रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### तल्याहड़ व देवधार में आज रहेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-दो, मंडी सुनील शर्मा ने बताया कि 22 जून को उच्चतम आवेग की लाइनों की मरम्मत और पेड़ों की टहनियों को काटने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के दृष्टिगत 22 जून को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक तल्याहड़, देवधार, फतेवाहन, मराथू, नंनावा, पधियूं, कठलग तथा आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

### भद्रवाड में कल से बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भद्रवाड हंसराज ने बताया है कि भद्रवाड़ उपमंडल अंतर्गत विभिन्न 11 केवी फीडरों पर आवश्यक लाइन रखरखाव एवं पेड़ों की टहनियों की कटाई-छंटाई का कार्य के 23 से 27 जून तक प्रस्तावित है। इस कारण से 23 जून को 11 केवी जामनी फीडर, 24 जून को 11 केवी मसेरन फीडर, 25 जून को 11 केवी चंदेश फीडर, 26 जून को 11 केवी पिंगला फीडर तथा 27 जून को पुनः 11 केवी जामनी फीडर प्रभावित रहेगा। उन्न्होंने बताया कि इस दौरान संबंधित फीडरों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बालीचौकी में भाकपा का जिला सम्मेलन आज

**अनंत ज्ञान, मंडी/बालीचौकी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक दिवसीय जिला स्तरीय आयोजन रविवार को बालीचौकी में होगा। यह जानकारी पार्टी के जिला सचिव मेघ सिंह पालसरा ने दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को जहां पार्टी के पूर्व राज्य सचिव देशराज संबोधित करेंगे वहीं अन्य राज्य स्तरीय प्रतिनिधियों का संबोधन भी होगा। उन्होंने बताया कि देश के आर्थिक हालात, धार्मिक उन्माद व युद्ध जैसी स्थिति तथा प्रदेश में आर्थिक तंगी व बेरोजगारी जैसी समस्याओं पर सम्मेलन में विचार विमर्श किया जाएगा।

### आपदा प्रभावितों को सहारा देगी पंचायत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मानसून आने से पहले ही तबाही मचा रही बारिश के मद्देनजर धर्मपुर ब्लॉक की सरसकान पंचायत ने फैसला लिया है कि भूस्खलन प्रभावित परिवारों को सुरक्षित जगह रखा जाएगा और जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते उन परिवारों के खाने-पीने की समुचित व्यवस्था पंचायत करेगी। सरसकान पंचायत के प्रधान उमेश ललित का कहना है कि स्थानीय प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारी और कई वर्षों से आपदा में निस्वार्थ सहायता करती आई आपदा प्रबंधन समिति सरसकान द्वारा बरसात से प्रभावित परिवारों को रहने और खाने पीने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### मंत्री हर्षवर्धन चौहान कल मंडी दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उद्योग, संसदीय कार्य, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 23 जून को मंडी के दौरे पर रहेंगे। उद्योग मंत्री दोपहर एक बजे मंडी पहुंचेंगे तथा पड्डल मैदान में आयोजित हिमाचल प्रदेश औद्योगिक व्यापार एक्सपो-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। एक्सपो में भाग लेने के उपरांत उद्योग मंत्री सायं 5 बजे मंडी से करसोग के लिए रवाना हो जाएंगे।

### सोलर टेक्नीशियन के पद के लिए इंटरव्यू कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी अक्षय कुमार ने बताया कि हिम टैक सोलर, जेल रोड मंडी द्वारा सोलर टेक्नीशियन के 4 पद अधिसूचित किए हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए 23 जून को सुबह 10.30 बजे रोजगार कार्यालय मंडी में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में पुरुष व महिला अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आवेदक की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं या 12वीं पास के साथ सोलर टेक्नीशियन या इलेक्ट्रिकल में आईटीआई उत्तीर्ण की होनी चाहिए।

### 29 जून से खोले जाएंगे लारजी बांध के गेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, थलोट ने सूचित किया है कि लारजी पावर स्टेशन के लारजी स्थित बांध में एकत्रित गाद की निकासी के लिए 29 जून सुबह 6 बजे से 30 जून सुबह 6 बजे तक बांध से पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने लारजी बांध से लेकर पंडोह बांध तक ब्यास नदी के किनारे पर रहने वाले सभी लोगों को इस अवधि के दौरान नदी के किनारे न जाने का आग्रह किया है।

### मंडवती संगीत महोत्सव का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लोक एवं शास्त्रीय संगीत को समर्पित संस्था संगीत सदन द्वारा छठा मंडवती संगीत महोत्सव खत्री सभा के भव्य सभागार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें गीत संगीत, नृत्य की प्रस्तुतियों के अलावा संगीत और समाज सेवा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान देने वालों को भी सम्मानित किया गया। जिनमें मशहूर तबला वादक भगत राम कौशल और मंडी की मशहूर स्वयंसेवी संस्था वीरमंडल के प्रधान चंद्रशेखर वैद्य और साथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### खुदाई से पूर्व सूचना देना अनिवार्यः देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भूमिगत आधारभूत संरचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'सीबीयूडी' एप के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु आज मंडी में उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों, निर्माण एजेंसियों और संबंधित हितधारकों ने भाग लिया। उपायुक्त ने बताया कि खुदाई कार्य आरंभ करने से पूर्व संबंधित विभागों को सूचना देना अब अनिवार्य कर दिया गया है, ताकि भूमिगत जलापूर्ति पाइपों, गैस पाइपलाइन, विद्युत केबल और संचार केबल को क्षति से बचाया जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में अभी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा केवल तीन और जिले केंद्रीय संस्थानों द्वारा 48 सूचनाएं ही इस एप पर दर्ज की गई हैं।

### ललित गल्ला के निधन पर शोक जताया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आईआईटी मंडी के पुरोधा और सरलता के प्रतीक ललित कुमार गल्ला के निधन पर मंडी शहरवासियों ने शोक जताया है। सतलुज जल विद्युत निगम एसजेवीएनएल के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक हरीश शर्मा, भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर के संयोजक नरेश मल्होत्रा, सह संयोजक अनिल शर्मा, रानी अमृत कौर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन की सेक्रेटरी जनरल नीरज शर्मा, कल्याणी संस्था पैलेस कॉलोनी की अध्यक्षता रजनी शर्मा, जागृति महिला मंडल की उपाध्यक्ष पुष्पा ठाकुर, दीनदयाल सहयोग ट्रस्ट गांधी भवन के अध्यक्ष तेजिंदर वैद्य, अजय सहगल, पार्षद सुमन ठाकुर, विनोद बहल, डॉ. कमलजीत, नरेंद्र कौशल, नवीन बहल, हरीश वर्मा, हेमंत कपूर, कमलकांत शर्मा, नरेंद्र कौशल, संतोष, गजेंद्र बहल, कमलकांत शर्मा, अरविंद शर्मा, हेमंत शर्मा, राजीव कुमार, हरीश, गजेंद्र बहल, राजीव वैद्य, आरव, कर्नल केके मल्होत्रा, हरीश बहल, बनीता मल्होत्रा, इंदु शर्मा, मीनाक्षी कपूर, प्रेम, वर्षा, हितेश, सोनिया बहल, निशि टंडन, महेश पुरी, हेमलता, मृदु गोयल, प्रिंसिपल हर्ष कुमार, आईडी शर्मा ने सामूहिक बयान में उनके निधन पर शोक जताया और परिवार को दुख सहन करने की प्रार्थना की।

## न्यूज ब्रीफ

### संस्कृत महाविद्यालय डोहगी में लगाया योग शिविर




**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** सनातन धर्म आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लाल सिंह पठानिया के नेतृत्व में आज महाविद्यालय में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक की भूमिका का निर्वहन डॉ. प्रीतम सिंह ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने योग पर अपना बौद्धिक वक्तव्य देते हुए अष्टांग योग को जीवन जीने की आधारशिला बताया एवं नित्य योगाभ्यास के लिए बल दिया। महाविद्यालय के समस्त अध्यापक वर्ग ने बौद्धिक वक्तव्य में योग से संबंधित अपने अनुभव एवं विचार व्यक्त किए। योगाभ्यास के दौरान स्थूल सूक्ष्म क्रियाएं आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ महाविद्यालय के सभी सदस्य डॉ. लाल सिंह पठानिया, डॉक्टर केदारनाथ पुरोहित, डॉ. रवि दत्त शर्मा, डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा, लेखाकार रवि, विपिन पटियाल, डॉक्टर कृष्णा देवी, डॉ मुकेश कुमार, पूजा शर्मा, विजय, अनुज, रीता एवं राजेश उपस्थित रहे।

### 'योग से निरोग' रहने का दिया संदेश

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** डीएवी पब्लिक स्कूल अम्बोटा में योग दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित भव्य योग सत्र में छात्रों, शिक्षकों और आमंत्रित अतिथियों ने एकजुट होकर भाग लिया और 'योग से निरोग' के संदेश को आत्मसात किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रहे ए.एस.पी. ऊना संजीव कुमार भाटिया, जो अपने पुत्र अगम्य के साथ इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं एआरओ नमित शर्मा ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। समापन पर प्रधानाचार्य नमित शर्मा ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि योग केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर, हर दिन की आदत और जीवनशैली का हिस्सा बनेगा, जिससे एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में होगी श्रीमद् भागवत कथा

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** चौकीमन्यार स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में 25 जून से 1 जुलाई 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कथा का समय प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। विशेष आकर्षण के रूप में 28 जून को दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी विकास दास महाराज के द्वारा प्रवचन होगा। कथा उपरांत प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन करता दीपक साहनी ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम की पूर्ण व्यवस्था साहनी परिवार द्वारा की जा रही है।

### खुरवाई बाजार में लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील



**अनंत ज्ञान, ऊना।** बैंस परिवार की ओर से खुरवाईं बाजार में शनिवार को ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए स्वर्ण सिंह बैंस ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंडे मीठे पानी और छोले भटूरे का लंगर का आयोजन से किया गया। उन्होंने बताया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा कही गई है किंतु भाग दौड़ भरी जिंदगी में इंसान मानव सेवा के लिए वक्त नहीं निकल पाता है। इस प्रकार के आयोजनों द्वारा मानव सेवा करने का प्रयास बैंस परिवार द्वारा किया गया है।

### ट्रेन के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना से नई दिल्ली जा रही जनशताब्दी ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा शनिवार सुबह राय मैहतपुर हाल्ट के समीप उस समय हुआ जब बसदेहड़ा निवासी पंकज कुमार रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहे थे। मृतक की पहचान वार्ड नंबर चार, बसदेहड़ा के निवासी पंकज कुमार (56) पुत्र कर्मचंद के रूप में हुई है। रेलवे चौकी ऊना के इंचार्ज सुरेंद्र ने पुष्टि करते हुए बताया कि यह हादसा ट्रैक क्रॉस करते समय हुआ और ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हर पल करें परमात्मा का स्मरण : विनय

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कथा का विश्राम जीवन में कभी नहीं होना चाहिए। श्रीमद् भागवत महा ग्रंथ का चिंतन ही हमें हर पल परमात्मा का स्मरण करने की प्रेरणा देता है। जीवन कब तक जिएं यह अपने हाथ में नहीं है, लेकिन जीवन किस प्रकार से जिएं यह अपने हाथ में है।भगवान का स्मरण आ जाना ही प्रभु कृपा का विशिष्ट प्रभाव है। पंचमुखी महादेव मंदिर सोहारी में कथा के समापन पर व्यास पीठ आचार्य विनय शर्मा ने श्रोताओं को हर पल हरिनाम स्मरण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मुट्ठी से रेत के एक-एक कण हाथ का परित्याग करते हैं। उसी प्रकार आयु भी प्रत्येक क्षण घट रही है। भगवान का ही संसार है।

### पशु मित्र भर्ती में ट्रेनिंग कर चुके प्रशिक्षुओं को मिले प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश में होने जा रही पशु मित्र भर्ती में युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। ये मैत्री वो युवा है जिन्होंने पशुओं से संबंधित ट्रेनिंग प्राप्त की है और रोजगार के इंतजार में टकटकी लगाए बैठे हैं। वर्ष 2022 में हिमाचल सरकार ने पशुओं को लेकर मैत्री के कोर्स करवाए थे, जिसमें हिमाचल के दो जिलों से जिनमें कि कुल्लू और ऊना से मैत्री के कोर्स के लिए प्रशिक्षु भेजे गए थे, जिनकी संख्या केवल 18 थी, इनमें से 11 प्रशिक्षु ऊना जिले से और 7 प्रशिक्षु कुल्लू जिले से थे, जिनका मुख्य कार्य पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान करना था। इसके साथ ही वे प्राथमिक उपचार भी कर सकते है। मैत्री ट्रेनिंग कर चुके युवा वर्ग ने कहा कि हिमाचल सरकार जो पशु मित्र की भर्ती करने जा रही है उसमें हम सब मैत्री प्रशिक्षुओं को प्राथमिकता दी जाए।

### चिंतपूर्णी मंदिर रोड पर लगा जाम, यात्री हुए परेशान

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** स्थानीय चिंतपूर्णी मंदिर रोड पर शनिवार सुबह जाम लग गया, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना मिलते ही एसएचओ जयराम शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने खुद खड़े होकर जाम खुलवाया।जाम का कारण पंजाब और हरियाणा की गाड़ियों की अधिक संख्या बताई जा रही है, जो सुबह दस बजे के बाद मंदिर रोड पर पहुंचने लगीं। जाम में पुलिस थाना की गाड़ी भी इसमें फंस गई।एसएचओ जयराम शर्मा ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने की पहल की। एसएचओ की पहल के बाद जाम खुल गया और यातायात सुचारु रूप से चलने लगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे जाम की स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें।

### खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ने लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका चरण के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधक इकाई ऊना द्वारा उप परियोजना बरनोह में एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसमें कृषि प्रसार अधिकारी दीप कौर द्वारा सभी किसानों के साथ परियोजना की विस्तृत रूप में चर्चा की गई। प्रशिक्षण शिविर के दौरान किसानो को किचन गार्डन किट बांटी गई जिसकी मदद से किसानो को अपने घर में जैविक सब्जियां उगाने और ज़हर मुक्त खेती करने के लिए प्रेरित किया। कृषक विकास संघ के प्रधान स्वर्ण सिंह व उपस्थित सभी किसानों ने किचन गार्डन किट एवं उससे सम्बंधित जानकारी देने पर जायका परियोजना का आभार व्यक्त किया और साथ ही यह आश्वासन दिया की वो किचन गार्डनिंग करके स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएगे।

### पत्रकार राजेश पराशर के निधन पर जताया दुःख

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गगरेट क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार राजेश पराशर के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके निधन पर क्षेत्र के हर वर्ग ने गहरा शोक जताया है। राजेश पराशर जहां समय समय पर क्षेत्र की समस्यायों को अपनी कलम से प्रमुखता से उठाया वहीं सदैव अपने सक्रिय व्यवहार से सभी को साथ जोड़ा है। उनके अचानक निधन पर समस्त पत्रकारों राकेश कुमार, राजेश शर्मा ब्यूरो ऊना, सन्नी शर्मा, दीपक जसवाल, भोपिंद्र डडवाल, रोहित शर्मा, गुरदेव कुमार, संजीव पराशर, राजिन्द्र पण्डित, राजकुमारी शर्मा, आशीष शर्मा, संदीप शर्मा, सुखविंदर सागर, कर्मचारी यूनियन नेता राजन शर्मा व क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग ने संवेदना जताई है।

# योग आत्मा और परमात्मा के मिलन का मार्ग

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

योग दिवस के अवसर पर डूमखर स्थित आईटीआई परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विवेक शर्मा ने सैकड़ों समर्थकों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया और लोगों को योग की महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम में आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा के छात्रों ने भी भाग लिया और मंच पर विभिन्न योगासन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विधायक विवेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों की अनुपम देन है। यह केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का भी मार्ग है।

उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्राप्त होता है। वहीं आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा की आरुषि जो हाल ही में पंजाब के योगाभ्यास कार्यक्रम में दूसरे स्थान पर पहुंचकर अपना जलवा दिखा चुकी है।

राष्ट्रीय योग दिवस पर कुटलैहड़ की आईटीआई डूमखर में विधायक विवेक शर्मा के सामने मंच पर योगाभ्यास के करतब दिखाकर सबको हैरान कर गई।



योग दिवस पर आईटीआई परिसर में योग करते हुए विधायक विवेक शर्मा व साथ में अन्य।

## रायपुर मैदान में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में योग दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष योग शिविर में न केवल विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी, बल्कि स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। इस आयोजन में विशेष रूप से मास्टर किशोरी लाल, अभीकेश, विजय कुमार, पवन कुमार और सरोज कुमारी ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्तिक, प्रीति, राजदीप, गुरलीन, सानिया, और नभया सहित अनेकों विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए योगाभ्यास किया। छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन और प्राणायाम जैसी योग क्रियाएं प्रस्तुत कीं।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस योग कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन को बढ़ावा देना था। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ योग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी आगंतुकों और विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया।

## छात्राओं को दी योग की जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण केंद्र ऊना में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र की प्रशिक्षिका मीना ठाकुर व निशा के नेतृत्व में छात्राओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया।



योग करती हुईं छात्राएं।

कार्यक्रम में छात्राओं को सबसे पहले योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके वैश्विक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मीना ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा, योग आत्मा और शरीर के संतुलन का माध्यम है। संस्था की उपप्रधानाचार्या रंजू वाला ने इस सफल आयोजन के लिए सभी छात्राओं की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

## नेहरू युवा मंडल अम्बेहड़ा का योग अभ्यास शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नेहरू युवक मंडल अम्बेहड़ा द्वारा नेहरू युवा केंद्र ऊना के तत्वाधान में योग दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप चौधरी द्वारा की गई। वहीं इस कार्यक्रम में महालक्ष्मी इंडस्ट्री के फाउंडर योग राज (जोगी) मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

नेहरू युवक मंडल अंबेहड़ा द्वारा करवाए गए इस कार्यक्रम में योगा अध्यापक संदीप कुमार ने पहुंचे हुए सभी स्थानीय नागरिकों को योग व व्यायाम करवाया। मुख्यतिथि योग राज (जोगी) ने कहा कि हमें अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना होगा तभी हम स्वस्थ रह सकते हैं।

## योग में आरुषि शर्मा बनी आकर्षण का केंद्र



योग करने के बाद मौजूद वीरेंद्र कंवर व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

योग दिवस पर कुटलैहड़ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष, भाजपा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने विशेष रूप से उपस्थित होकर विभिन्न प्रकार की योग प्रक्रियाएं की और इस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सेवा समिति के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, रमेश चंद, पंचायत समिति सदस्य रिंकू, जोगिंद्र देव आर्य, प्रधान विजय शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण आर्य पब्लिक स्कूल, बंगाणा की होनहार छात्रा आरुषि शर्मा ने योग की विभिन्न प्रक्रियाओं को प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया।

## योग के महत्व पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के स्वयंसेवियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक उपस्थित होकर योग के महत्व के बारे में जानकारी ली।

अंतरराष्ट्रीय योग शिविर में योग शिक्षक रमेश ठाकुर ने उपस्थित लोगों को विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, इसलिए इसे सभी को अपनाना चाहिए।

## पूर्व सैनिकों ने किया योग अभ्यास

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। डिप्टी डायरेक्टर जिला सैनिक कल्याण कर्नल एसके कलिया (रि) ने बताया आज पूरी दुनिया में लोग, चाहे वह किसी भी धर्म के हों, यह जान चुके हैं, की यदि निरोग रहना है तो, योग करना अति आवश्यक है। भारत के ऋषि मुनियों ने वर्षों की तपस्या कर, जीवन में मानसिक, शारीरिक, सामाजिक हेतु योग की खोज की थी ।

## लोगों ने जाना योग का महत्व



योग शिविर में मौजूद पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा और अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दौलतपुर मंडल और गगरेट मंडल में 11वां योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक सुंदर और संतुलित पद्धति है। योग सत्र के दौरान प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास करवाया गया।

## हिमकैप्स कॉलेज में मनाया योग दिवस

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेडा में योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह, डीएसपी हरोली मोहन रावत, बीडीओ राजेश्वर भाटिया तहसीलदार जेमल सिंह बोर्ड ऑफ डायरेक्टर देसराज राणा, यशवंत ठाकुर हिमकेप्स का समस्त स्टाफ मौजूद रहा तथा संस्थान के सभी छात्रों ने योग किया। मोहन रावत ने छात्रों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

## छात्रों को नियमित योग करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, ऊना**



स्कूल में योग अभ्यास करते हुए छात्र और अध्यापक ।

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में योग दिवस के अवसर पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने योग में भाग लिया और छात्रों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि आज के समय में बच्चों में पढ़ाई का दबाव, प्रतियोगिताओं का तनाव और डिजिटल दुनिया की भाग दौड़ के कारण मानसिक अस्थिरता बढ़ रही है । बच्चों में योग के प्रति रुचि उत्पन्न की और उन्होंने इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## योग से मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के सीखे उपाय



योग के दौरान मौजूद अधिकारी व कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, नंगल**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उत्पादन प्रशासन बीबीएमबी पावर विंग नंगल में कल से मनाया जा रहा दो दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम शनिवार को योगासनों के साथ संपन्न हो गया। योग दिवस मनाने संबंधी बोर्ड कार्यालय के निर्देशों के अनुसार शक्ति सदन में प्रात: 6.30 बजे से 8.30 बजे तक पावर विंग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योग क्रियाएं एवं आसन करके अपने शरीर को स्वस्थ और रोग मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय-ईजी. सुनीता रानी अग्रवाल की अध्यक्षता में करवाए गए उक्त योगाभ्यास कार्यक्रम में योगाचार्य कुलभूषण जोशी-कनिष्ठ अभियंता/सिविल ने विभिन्न योग क्रियाएं तथा आसन करवाकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से फिट रहने के उपाय सुझाए। ईजी.सुनीता रानी ने कार्यालय के काम-काज के कारण उत्पन्न होने वाले तनाव से मुक्ति हेतु सरल एवं आसान योग क्रियाएं करवा कर तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए। ईजी. रणजीत सिंह -उप मुख्य अभियंता/भाखड़ा पावर हाऊस सर्कल ने योग को केवल इस आयोजन तक ही सीमित न रखने की अपील करते हुए कहा कि हमें योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

ईंजी मनविंद्र सिंह-स्थानीय अभियंता ने भी योग की महत्ता बताते हुए इसे दैनिक जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस दौरान योग दिवस पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें 15 विजेता चुने गए और इन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## युवक से हेरोइन और एमएमडीए बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) कांगड़ा के एएसआई सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, रॉकी कुमार, हेम राज और कांस्टेबल सुमित कुमार की टीम ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर बहडाला के रेन शेल्टर देहलां में पिट्ठू बैग के साथ बैठे एक शख्स की जब तलाशी ली तो उसके पास कुछ प्रतिबंधित सामान मिला।

पुलिस ने स्थानीय गवाह को साथ लेकर उस व्यक्ति के बैग की जांच की गई तो बैग के अंदर से 40.63 ग्राम हेरोइन और 20.24 ग्राम एमएमडीए बरामद हुआ।



नशे को बरामद करते टीम के सदस्य।

आरोपी व्यक्ति ने अपना नाम व पता प्रदीप कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी हाउस नंबर 319, गांव बरटाना तह. भिवानी, हरियाणा बताया। वहीं, मैहतपुर के थाना प्रभारी एएसआई सुरेश ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर संख्या 54/25 दिनांक 21/06/25 धारा 21,61-85 एनडी एंड पीएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## स्वां नदी में खनन माफिया बेखौफ : सत्ती

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान**

**टाहलीवाल।** ऊना सदर के विधायक सतपाल सत्ती ने संतोखगढ़ क्षेत्र में स्वां नदी का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने देखा कि खनन माफिया ने नदी में भारी तबाही मचाई हुई है, जिससे वह हैरान रह गए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्वां नदी के चैनलाइजेशन पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे, लेकिन खनन माफिया ने उसको भी नुकसान पहुंचाया है, जो अत्यंत निंदनीय है।

बैसे सरकार की गाइडलाइन है कि चैनलइजेशन से 100 दूरी तय खनन किया जा सकता है वह भी हाथों से न कि मशीनों से जैसे इन्होंने किया हुआ है। इन्होंने तो सरकार की गाइडलाइन को भी दरकिनार कर दिया। खनन माफिया इतने बेखोफ है इनको किसी का कोई डर नहीं है।

सत्ती ने आरोप लगाया कि यह माफिया प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और सरकार भी इनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रही, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार स्वयं खनन माफिया के साथ मिली हुई है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को खनन और नशा माफिया का संरक्षण प्राप्त है, जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सत्ती ने प्रशासन से मांग की कि इन माफिया पर सख्त कार्रवाई की जाए और स्वां नदी को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

नगर परिषद संतोखगढ़ की अध्यक्ष निर्मला देवी, उपाध्यक्ष रजनीश चब्बा, संजीव वर्मा, पार्षद संतोख सिंह, पार्षद किरना देवी, पार्षद रचना देवी, बोध राज, जशन चब्बा अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## नगर निगम ऊना में कुछ क्षेत्रों को शामिल करने का प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर निगम ऊना की सीमा में साथ लगते कुछ क्षेत्रों को शामिल करने के संबंध में प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना 20 जून को राज्य राजपत्र (ई-गैजेट) में प्रकाशित की गई है। नगर निगम ऊना के आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि अधिसूचना के माध्यम से कुछ स्थानीय क्षेत्रों को निगम की सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। यदि किसी व्यक्ति को इस प्रस्ताव से आपत्ति है, तो वह आगामी दो सप्ताह के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में उपायुक्त ऊना को सौंप सकते हैं।

प्राप्त आपत्तियों को प्रदेश के शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव को भेजा जाएगा। समयावधि में प्राप्त आपत्तियों पर राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अधिसूचना को ध्यानपूर्वक पढ़ें और यदि कोई सुझाव या आपत्ति हो, तो नियमानुसार समय पर प्रस्तुत करें। लोग उपायुक्त ऑफिस अथवा उपायुक्त कार्यालय कक्ष नंबर 312 में अपनी आपत्तियां लिखित रूप में सौंप सकते हैं।

**सौगात** माता जमासनी मंदिर के पास मैरिज पैलेस को स्टेडियम से जोड़ने के आदेश

# खेल मैदान को मिलेगा इंडोर स्टेडियम का दर्जा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता जमासनी मंदिर के समीप स्थित खेल मैदान को अब इंडोर स्टेडियम का दर्जा दिया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को विधायक विवेक शर्मा ने बड़ी घोषणा करते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने और प्रतियोगिताओं के आयोजन में आसानी के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

विधायक विवेक शर्मा ने कार्यवाहक एसडीएम बंगाणा अमित कुमार को निर्देशित किया कि वे जमासनी मंदिर के पास बने खेल मैदान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें।



कार्यों संबंधी जानकारी देते हुए विधायक विवेक शर्मा व साथ हैं अन्य।

इसमें अब तक हुए खर्च, कार्य की प्रगति, निर्माणाधीन भवन की स्थिति और खेल मैदान की कुल भूमि का विवरण शामिल हो। इसके अलावा, मंदिर के समीप बने भवन मैरिज पैलेस को खेल परिसर के साथ अटैच कर खेल गतिविधियों के लिए उपयोग में लाया जाएगा।

इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने जमासानी यूथ क्लब को बॉलीबॉल की खेल किट प्रदान कर युवाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कुटलैहड़ क्षेत्र को खेल के क्षेत्र में अग्रणी बनाने का प्रयास किया जाएगा। विवेक शर्मा ने कहा कि माता जमासनी मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह लोगों की आस्था का केंद्र भी है। इसके आसपास की भूमि का उचित उपयोग कर युवाओं के लिए एक सशक्त इंडोर स्टेडियम तैयार किया जाएगा। यह न केवल खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहायक होगा, बल्कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को भी एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित माहौल प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह स्थान धार्मिक, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का केंद्र बनेगा।

### प्रशासन विकास कार्यों की प्रगति पर रखे पैनी नजर

**विधायक** विवेक शर्मा ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि खेल मैदान और भवन के निर्माण संबंधी सभी कार्यों की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों से हो रहे कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जानी चाहिए। विधायक विवेक का यह भी कहना था कि रिपोर्ट मिलने के बाद भविष्य की आवश्यक योजनाएं तैयार की जाएंगी और बजट प्रावधानों के अनुसार निर्माण को तेज गति दी जाएगी। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने माता जमासनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था और क्षेत्रीय विकास को साथ लेकर चलना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

## दविंद्र टेलर्स यूनियन के बने अध्यक्ष



टेलर्स यूनियन की नवनियुक्त कार्यकारिणी में शामिल गणमान्य ।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रिंस राजपूत और सचिव रघुपुरी की अध्यक्षता में शहर के सभी टेलर्स की एक बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में टेलर यूनियन का गठन भी किया गया।

इस बैठक में सर्वसम्मति से टेलर्स यूनियन के चेयरमैन के पद के लिए दविंद्र कुमार का नाम घोषित किया गया और प्रधान पद के लिए सुरजीत सिंह सैनी के नाम पर सभी ने अपनी सहमति जताई ।

उपाध्यक्ष पद के लिए ठाकुर भाग सिंह एवं टेलर यूनियन के सचिव के पद पर हेमंत कुमार को दायित्व दिया गया। टेलर यूनियन में सलाहकार के पद हेतु संजीव कुमार, मोहम्मद शरीफ, अमरजीत और राजकुमार को दायित्व सौंपे गए।

इस चुनाव के पश्चात नवगठित कार्यकारिणी द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और ग्रीष्मकालीन छुट्टियां पर भी समस्त टेलर दुकानदारों द्वारा सहमति जताई गई सभी ने एकमत से 27 /28 और 29 जून को अपनी दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया इस मौके पर प्रदेश व्यापार मंडल के चेयरमैन अश्वनी जैतक और प्रदेश प्रभारी प्रमोद वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।

# योग से निरोग रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/केलांग**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने योगासन कर निरोग रहने का संदेश दिया। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन रथ मैदान कुल्लू में किया गया।

जिला मुख्यालय पर आयोजित योग शिविर में डीसी कुल्लू, तोरुल एस रवीश, अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले के 55 स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए। इनमें बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी संगठनों ने भाग लिया। डीसी ने योग शिविर के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग का आभार व्यक्त किया और योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उधर, आयुष विभाग उपमंडल मनाली स्थित कटराईं के द्वारा उपमंडल स्तर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माल रोड मनाली में योग का आयोजन किया गया। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। महिला आयोग की अध्यक्षता विद्या नेगी ने भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। वहीं, भाजपा मनाली और नगर मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मनाली स्थित वन विहार, जगतसुख स्थित गायत्री माता मंदिर परिसर सहित विधानसभा क्षेत्र के अन्य स्थानों पर संपन्न हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

उधर, लाहौल-स्पीति में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्षा बीना देवी ने की। जिला आयुष अधिकारी बनीता शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित उपमंडल उदयपुर और काजा में भी उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, जिला लाहौल-स्पीति भाजपा की ओर से स्तिंगरी में योग दिवस मनाया गया।

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता रवि ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं, भुट्टिको सोसायटी की ओर से भी योग दिवस पर सोसायटी परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उधर, बंजार, आनी, निरमंड, पतलीकूहल, भुंतर सहित दोनों जिला के विभिन्न स्थानों में योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में विभिन्न कार्यक्रम हुए। डीसी तोरुल रवीश योग करती हुईं।

## प्री-मानसून: सफाई अभियान किया शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जल शक्ति विभाग कटराईं ने मानसून पूर्व स्वच्छता अभियान का आगाज कर दिया है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य बरसात से पहले पेयजल स्रोतों की पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित करना है, ताकि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। इस व्यापक अभियान के तहत क्षेत्र के सभी प्राकृतिक स्रोतों, भंडारण टैंकों, पाइपलाइनों और नलों की गहन सफाई की जा रही है।

जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता, योगेश ने बताया कि मानसून से पहले सभी जल स्रोतों की सफाई के लिए विभाग ने कमर कस ली है। सफाई के उपरांत, सभी भंडारण टैंकों का क्लोरिनेशन भी किया जाएगा, जिसका उद्देश्य जल जनित बीमारियों से जनता को सुरक्षित रखना है। पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता और निरंतरता बनाए रखने के लिए, विभाग की टीमें स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर गांव-गांव जाकर निरीक्षण कर रही हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायतों और जल प्रहरियों का भी सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है। विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे सभी जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखे।

# एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए किया योग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व जागृति मिशन कुल्लू-मनाली एवं अंतरराष्ट्रीय योग स्कूल, आनंद धाम दिल्ली के तत्वाधान में साधना धाम आश्रम ऋषि में भूमि घुड़दौड़ योग दिवस आयोजित किया गया।

विश्व जागृति मिशन कुल्लू मनाली मंडल के प्रधान पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर कटराईं, लरांकेलो, पनगां, रियाड़ा के लगभग 180 स्टूडेंट्स एवं 15 शिक्षक-शिक्षिकाओं, कुल्लू मंडल के सदस्यों तथा आस-पास के 40-50 लोगों ने इस योग दिवस के कार्यक्रम में भाग लिया। महामंडलेश्वर रामशरण दास राधा कृष्ण मंदिर भुंतर के महंत, जो विश्व हिंदू परिषद् के केंद्रीय मार्ग दर्शक भी हैं। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में निरंजनी अखाड़ा गुजरात के शिवचंद्र महाराज, मनाली मंडल भाजपा के महामंत्री बागेश शर्मा तथा जितेंद्र वर्मा संकुल प्रमुख हिमाचल शिक्षा समिति एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति भी सम्मिलित हुए। अखिलेश कपूर प्रदेश संयोजक विश्व जागृति मिशन हिमाचल और कुल्लू मंडल के प्रधान पवन गुप्ता ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण एवं हिमाचल परंपरा के अनुरूप पुष्प गुच्छ हिमाचली टोपी एवं दुशाले के साथ अभिनंदन, सम्मान-सत्कार किया। साधना धाम मनाली के एस्टेट मैनेजर ओम प्रकाश सचदेवा ने विश्व ख्याति प्राप्त संस्था विश्व जागृति मिशन की स्थापना के उद्देश्य-लक्ष्य एवं अन्य अनेक कार्यों के बारे में तथा संत आचार्य सुधांशु महाराज के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अनेक सामाजिक-आध्यात्मिक- सांस्कृतिक जागरण तथा सनातन संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों और अनेक प्रकल्पों तथा महाराज के संकल्पों जैसे विषयों पर प्रकाश डालते हुए संक्षेप में जानकारी प्रस्तुत की। इस वर्ष आयोजित महाकुंभ के समय संत-समागम में महाराज के 10 गुरूकुलों एवं 108 बाल संस्कार केंद्रों की स्थापना के लिए संकल्प के विषय में भी जानकारी देते हुए उपस्थित सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का बाल संस्कार-संस्कृति जागरण का आह्वान करते हुए समाज सेवा में सहयोग और योगदान का आह्वान भी किया। ऋषिभूमि प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की योग शिक्षिका शिवाली ठाकुर, डॉक्टर आदित्य द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को योग प्राणायाम आदि कराया गया, जो आज का मुख्य आकर्षण रहा और उपस्थित सभी लोगों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। पवन ने आए हुए सभी स्कूल के बच्चों और योग दिवस पर उपस्थित सभी का धन्यवाद किया।




मुख्यातिथि पहुंचे महामंडलेश्वर रामशरण दास का स्वागत करते हुए अखिलेश व पवन।

# दीवारों से सटाकर आटे व चीनी का भंडारण न करें: अरविंद शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू अरविंद शर्मा ने जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के गेहूं की पिसाई कर रही आटा मीलों प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम प्रभारियों से कहा कि बरसात आरंभ होने के कारण आटे का रखरखाव आटा मीलों व निगम के गोदामों में मानदंडों व विभाग द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि वर्षा ऋतु में नमी के कारण आटे की गुणवत्ता प्रभावित न हो।

दीवारों से सटाकर आटे का भंडारण न करें तथा आटे के स्टैक्स के नीचे दुनेज आदि की प्रयाप्त व्यवस्था की जाए। इसी प्रकार चीनी के भंडारण के लिए भी निर्धारित मानदंडों की अनुपालना की जाए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं को कहा कि वे भी राज्य नागरिक आपूर्ति के गोदामों से नमी प्रभावित आटा, चीनी चावल न लें तथा लिए जा रहे स्टाक्स की भली-भांति जांच कर लें। उन्होंने उचित मूल्य की दुकान के विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित की जा रही आवश्यक वस्तुओं विशेषकर आटा, चीनी, नमक व चावल) को उचित मूल्य की दुकानों में उपरोक्त मानदंडों के अनुसार भंडारित करें तथा राशनकार्ड धारकों को मासिक राशन का कोटा देने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि आवश्यक वस्तुएं नमी से प्रभावित न हों। उन्होंने जिले में कार्यरत निरीक्षकों का निर्देश दिए कि वे आटा मीलों व निगम के गोदामों व उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण करते समय यह अवश्य देखें कि आवश्यक वस्तओं का भंडारण निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जा रहा है अथवा नहीं। इस बारे लापरवाही बरत रहे आटा मीलों, गोदाम प्रभारियों व उचित मूल्य के दुकानधारकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## लाहौल के जाहलमा नाले में फिर आई बाढ़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी के जाहलमा नाले में फिर से बाढ़ आने का क्रम शुरू हो गया है। शुक्रवार को नाले में पानी के साथ भारी भरकम मलबा भी आया, जिससे काफी नुकसान हुआ है। भारी मात्रा में मलबा और पानी आने से सिंचाई योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। योजनाओं के पाइप बह गए हैं। कई पेड़ भी बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इससे लगातार धंस रहे लिंडूर गांव को और ज्यादा खतरा पैदा हो गया है। जाहलमा नाले में बाढ़ आने से भूमि कटाव हो रहा है। इससे लिंडूर गांव की पहाड़ी के धंसने की रफ्तार तेज होने की संभावनाएं बन गई हैं। पिछले चार साल से इस नाले में बाढ़ आने का क्रम जारी है। हाल ही में प्रदेश सरकार ने इन कूल्हों को बनाकर तैयार किया है, लेकिन फिर से नाले में बाढ़ आने का क्रम शुरू होने से किसान चिंतित हो गए हैं।


# ...यहां सरेआम उड़ाई जा रही यातायात नियमों की धज्जियां

## मनाली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर बिना नंबर प्लेट व बिना आईएनडी नंबरों के दौड़ रहे वाहन

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे पर बिना नंबर प्लेट और बिना आईएनडी नबंरों के वाहन धड़ल्ले से बिना किसी रोक-टोक सरपट दौड़ रहे हैं। वाहन चालक नियमों को दरकिनार कर वाहन चला रहे हैं और नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

रोजाना इस सड़क मार्ग पर बिना नंबर प्लेट, बिना हेलमेट और हाई सिक्योरिटी नंबर के वाहन दौड़ रहे हैं, लेकिन इन पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही। घटना-दुर्घटना की स्थिति में बिना नंबर प्लेट की कोई जानकारी नहीं मिल पाती है। बावजूद ऐसे वाहन चालकों पर विभाग शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रहा है। हालांकि, पुलिस की ओर से ऐसे वाहन चालकों के चालान भी किए जा रहे हैं, लेकिन चालान भुगतने के बावजूद कई वाहन चालक नंबर प्लेट नहीं लगवा रहे हैं। वहीं, जिला परिवहन विभाग भी आंख बंद कर मौन बैठा हुआ है। अक्सर कई बार इन बिना नंबरों वाले वाहनों से सडक दुर्घटनाएं हो जाती हैं। वाहन नंबर न होने से ये वाहन चालक नहीं पकड़े जाते। इन वाहन चालकों को न तो ट्रैफिक पुलिस का डर है और न ही आरटीओ विभाग का। रोजाना नेशनल हाईवे पर ऐसी सैकड़ों गाड़ियां नजर आती हैं। वहीं, एक ऐसा वाहन भी कुल्लू-भुंतर-मनाली सड़क पर टिप्पर कुछ दिनों से दौड़ रहा है, जिसकी नंबर प्लेट पर पांच डिजिट ( हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बिना) नंबर लिखा हुआ है। यह वाहन कई दिनों से भुंतर और मनाली के बीच रेत और बजरी लेकर घूम रहा है। ऐसे ही कई टिप्पर जिन पर न तिरपाल होता है न ही नंबर प्लेट। लोगों के अनुसार ऐसी गाड़ियां खनन माफियाओं की भी हो सकती हैं, जिन्हें किसी का भी खौफ नहीं है और बेखौफ सड़क पर यह दौड़ रही हैं। लोगों ने बताया कि किसी भी तरह की दुर्घटनाएं होने पर यह लोग भागने में कामयाब हो जाते हैं।




> इस टिप्पर मालिक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं।
> **रमन शर्मा, एसडीएम मनाली।**

अनंत ज्ञान स्पैशल

### क्या है हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**हाई** सिक्योरिटी नंबर प्लेट में एक तरह से वाहन से संबंधित सभी जानकारी छिपी होती है। इस पर लगे होलोग्राम में यूनिक आईडी नंबर होता है, जो सभी वाहनों पर अलग-अलग होता है। होलोग्राम लगा वाहन कहीं भी सीसीटीवी कैमरे की नजर से गुजरेगा, तो वाहन से संबंधित पूरी जानकारी उसमें कैद हो जाती है। सभी प्लेट पर लेजर कोड और एक होलोग्राम के कारण इसकी डुप्लीकेट रजिस्ट्रेशन प्लेट भी तैयार नहीं की जा सकती। प्लेट पर विशेष प्रकट के नट-बोल्ट का इस्तेमाल किया जाता है। एक बार लगाने के बाद इसे खोला नहीं जा सकता।

> **यदि** ऐसी गाड़ियां नेशनल हाईवे पर दौड़ती हुई पाई गईं, तो उन वाहन चालकों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **संजीव चौहान, एएसपी कुल्लू।**

## नशे से बचने के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला बाल संरक्षण इकाई और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंधला में नशे के दुष्प्रभाव व बच्चों के अधिकारों पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, स्कूल के प्रधानाचार्य, स्वास्थ्य विभाग से मेडिकल ऑफिसर व कर्मचारी, अध्यापक, विद्यार्थी अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार डोगरा ने बच्चों के साथ संवाद करते हुए बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव विषय पर विस्तारपूर्वक बताया तथा नशे से बचने के उपाय आदि विषयों पर बल दिया। डॉ. विकास ने न्यूट्रीशन व नशे से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि कैसे योग प्राणायाम तथा खेलकूद तथा अच्छी पुस्तकों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर बच्चों को एक सही दिशा दी जा सकती है।

## च्वाई में भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का जागरूकता शिविर आयोजित

# बोर्ड की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना किया सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, आनी**

वर्तमान प्रदेश सरकार ने भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू के दिशा-निर्देशों में इन योजनाओं को जरूरमंद और पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए बोर्ड त्वरित कार्रवाई कर रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने च्वाई के वन विश्राम गृह में आयोजित जागरूकता शिविर कार्यक्रम में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने पंचायत जन प्रतिनिधियों से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों के दस्तावेजों को सत्यापित करने और बोर्ड में पंजीकृत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 90 दिन मनरेगा में निर्माण कार्य करने वाले कामगार भी बोर्ड के तहत पंजीकरण के लिए पात्र होंगे। पंजीकृत व्यक्ति को शादी के लिए वित्तीय सहायता-लाभार्थी के स्वयं के विवाह तथा दो बच्चों के विवाह के लिए 51 हजार रुपए सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा चिकित्सा सहायता के तौर पर 50 हजार से लेकर 5 लाख, बच्चों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के लिए 8400 रुपए से लेकर 1 लाख 20 हजार रुपए तक सहायता राशि प्रदान की जाती है। बोर्ड में पंजीकृत कामगार को 60 साल की आयु पूर्ण होने पर 1 हजार रुपए पेंशन प्रतिमाह, बेटी जन्म उपहार योजना के तहत 51 हजार रुपए, विधवा पेंशन के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह, छात्रावास सुविधा योजना के तहत 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्रदान किए जा रहे हैं। नरदेव ने कहा कि आवास योजना के तहत 1.50 लाख रुपए और दिव्यांग, तलाकशुदा एवं एकल नारी के लिए भवन निर्माण को 3 लाख रुपए राशि बोर्ड के पंजीकृत कामगारों को प्रदान की जा रही है। उन्होंने शिमला में श्रमिक कल्याण कार्यालय आनी में खोलने के लिए सरकार के समक्ष प्रमुखता से मामला उठाने का आश्वासन दिया। मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ने बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान अध्यक्ष ने बोर्ड की योजनाएं प्रभावशाली तरीके से आम लोगों तक पहुंचाई और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में सरकार ने दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया है। इस कारण मिल्कफेड के तहत दूध खरीद में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों से मनरेगा सहित अन्य पात्र कामगारों को कामगार कल्याण बोर्ड में जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पंकज परमार ने शोभला सराज के तहत पर्यटन पर विस्तृत प्रकाश डाला।



जागरूकता शिविर के दौरान मिल्क फेड के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर व अन्य।

## निरमंड में 26 को जन शिकायत निवारण समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, आनी।** निरमंड उपमंडल की उपमंडलीय जन शिकायत निवारण समिति की बैठक आगामी 26 जून को प्रात: 11 बजे पंचायत समिति हाल, निरमंड में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह करेंगे। एसडीएम निरमंड ने बताया कि इस बैठक में उपमंडल स्तरीय शिकायत निवारण कमेटी के सभी सरकारी व गैर-सरकारी नामित सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि सभी गैर-सरकारी सदस्य अगर कोई भी शिकायत या समस्या समिति के समक्ष उठाना चाहते हैं, तो वे उसे 23 जून तक एसडीएम कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें, या कार्यालय की ईमेल आईडी sdmnirmand@gmail.com पर भेजें, जिससे उन शिकायतों को बैठक के एजेंडे में शामिल किया जा सके।

# संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा

## भाजपा मंडल आनी की परिचय बैठक आयोजित, वेद ठाकुर ने की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, आनी**

शनिवार को भाजपा मंडल आनी द्वारा एक परिचय बैठक का आयोजन किया गया।

इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर ने की। बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री सुरेश शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चेयरमैन अमर ठाकुर और आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान और आगामी योजनाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के सुशासन, सेवा और गरीब कल्याण से जुड़ी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके लिए सभी बूथों पर प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गंगा राम चंदेल, महामंत्री सुरेंद्र ठाकुर और देवेंद्र ठाकुर, उपाध्यक्ष उगम ठाकुर, रत्न भारती, रमा ठाकुर, प्रेम राणा, कोषाध्यक्ष जगदीश कुमार, सचिव अच्छर सिंह, भीम सिंह, डोलमा सोनी, मीनाक्षी शर्मा, मधु सूद, मीडिया प्रभारी गगन साहसी, देवेंद्र शर्मा, प्रवक्ता चमन ठाकुर, गंगा देवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



परिचय बैठक के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद व अन्य भाजपा नेता।

**आयोजन** ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में विश्व धरोहर उत्सव का हुआ आगाज

# मैराथन में योगराज व गुंजन ठाकुर दौड़ सबसे तेज

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में शनिवार से विश्व धरोहर उत्सव का आगाज हो गया है। 21 से 25 जून तक मनाए जा रहे इस उत्सव के दौरान ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की तीर्थन रेंज शाईरोपा में पांच दिनों तक अनेक गतिविधियां और अन्य कार्यक्रम ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किए जाएंगे।

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि इस उत्सव में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के चेयरमैन राम सिंह मियां ने किया। मुख्यातिथि ने प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्व धरोहर उत्सव-2025 की सभी घाटीवासियों को बधाई दी। वहीं, वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया विश्व योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास और स्कूली छात्र छात्राओं के लिए रन फॉर जीएचएनपी मैराथन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आगामी चार दिनों तक बर्ड रेस, नेचर वॉक, स्कूलों और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताएं व ऑनलाइन माध्यम से साइंस मेले का आयोजन, ग्रेट हिमालयन प्रीमियर लीग टग ऑफ वार और हेल्थ चैकअप कैंप, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और क्लासिकल परफॉर्मेंस आदि कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उत्सव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को बचाने के लिए स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को जागरूक और प्रेरित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों तक इस धरोहर स्थल का संरक्षण एवं संवर्धन हो सके। गुशैणी से देहुरी तक तीर्थन घाटी के स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं और महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर मैराथन प्रतियोगिता और योगा सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के करीब 150 बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग से जीएसएसएस बठाहड़ के योगराज प्रथम तथा छात्रा वर्ग से जीएसएसएस गुशेनी की गुंजन ठाकुर प्रथम, ओपन वर्ग से मोहित ठाकुर प्रथम, महिला वर्ग से स्वयं सहायता समूह जमलू शिल्ली की केसरी देवी प्रथम, जाग्रति स्वयं सहायता समूह रिखली की तारा देवी द्वितीय और इसी ग्रुप की पुनमा देवी तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में हर वर्ग से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं को मुख्यातिथि राम सिंह मियां द्वारा पुरस्कृत किया गया।



ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में विश्व धरोहर उत्सव के शुभारंभ मौके पर आयोजित मैराथन प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर जीएचएनपी के वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा, डीएसपी बंजार शेर सिंह, तहसीलदार बंजार नीरज शर्मा, वन परिक्षत्र अधिकारी तीर्थन विक्रम, एएसआई चमन सिंह, खंड बंजार कांग्रेस के नेता टीसी महंत, दलीप विष्ट, हरी सिंह, स्वर्ण सिंह आदि कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 19 दिव्यांगजनों व 5 सामान्य नागरिकों का हुआ पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसायटी एवं डीसी तोरूल रवीश ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा संचालित आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से विकास खंड भुंतर की ग्राम पंचायत हुरला तथा रोट में दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 19 दिव्यांगजनों तथा 5 सामान्य नागरिकों का पंजीकरण हुआ।

इसमें 12 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए, जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा उनकी दिव्यांगता को दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 5 व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए चिह्नित किया गया तथा उन्हें सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर अग्जिला क्रच तथा छड़ियां आदि उपलब्ध करवाने के लिए मौके पर केस तैयार किए गए। शिविर में 2 व्यक्तियों की ऑडियोमेट्री करके उनकी सुनने की क्षमता का आकलन किया गया। उपरोक्त शिविर में 7 नए दिव्यांगजनों की पहचान की गई तथा उन्हें मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करवाने की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें माह के पहले तथा आखिरी शनिवार को मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विकलांगता की जल्द पहचान करने, विकलांगता की रोकथाम बारे तथा सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इन शिविर में स्थानीय निवासी, संबंधित पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, पंचायत सदस्यों आंगनबाड़ी वर्कर्स ने भी भाग लिया।

# प्रशासनिक अनदेखी का दंश झेल रही बंजार की जनता: सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विस क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि बंजार विधानसभा क्षेत्र एक बार फिर कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक अनदेखी और लापरवाही का शिकार हो रहा है।

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंजार उपमंडल में एसडीएम जैसे अति-महत्वपूर्ण पद को पिछले दो माह से रिक्त रखा गया है। सुरेंद्र शौरी ने कहा कि इससे पहले भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार जैसे पदों को योजनाबद्ध ढंग से रिक्त रखकर क्षेत्र की जनता को मूलभूत प्रशासनिक सुविधाओं से वंचित किया गया। विधायक ने कहा कि बंजार क्षेत्र में अधिकारियों की लगातार तबादलों की आंख मिचौली, पदों की अनदेखी और प्रशासनिक ढांचे के साथ जानबूझकर किया जा रहा खिलवाड़ एक गहरी साजिश और सत्ता में बैठे लोगों के निजी स्वार्थों की ओर संकेत करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार में बैठे लोग प्रशासनिक स्थिरता और जनहित के बजाय राजनीतिक समीकरणों और गुटबाजी को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसका सीधा खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है, जो विभिन्न कार्यों के लिए महीनों से परेशान हो रही है। विधायक ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब बंजार क्षेत्र के साथ इस प्रकार की उदासीनता बरती गई हो। इससे पूर्व भी एचपीपीसीएल सैंज में अधिशाषी अभियंता के एक ही पद पर एक साथ दो अधिकारियों की तैनाती और जलशक्ति मंडल लारजी में महज एक माह में दो अधिशाषी अभियंताओं के बारंबार स्थानांतरण जैसी घटनाएं क्षेत्र की प्रशासनिक स्थिति को हास्यास्पद बना चुकी हैं। यह सब नेताओं और अधिकारियों की आपसी मिलीभगत और भ्रष्ट सोच का परिणाम है। बंजार में सभी ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे हैं।



ट्रैफिक नियंत्रण के लिए विभाग को केवल 6 पुलिस जवान बटालियन से मिले हैं, जबकि यहां 20 से 25 जवानों की आवश्यकता है। विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि लगातार पत्राचार के बावजूद सरकार व विभाग उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि स्थानीय सरकार के नुमाइंदे घोर निंद्रा में हैं। विधायक ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बंजार विधानसभा क्षेत्र के साथ हो रहे इस प्रशासनिक भेदभाव को तुरंत समाप्त किया जाए, रिक्त पदों पर जल्द नियुक्तियां की जाएं और क्षेत्र की जनता को सुचारु प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

# मां शूलिनी की सोलन नगरी बनी अन्नपूर्णा


मेले के उपलक्ष्य में शहर भर में लगे भंडारे। इस दौरान सिरमौर कल्याण मंच ने भी बांटा प्रसाद।

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** राज्य स्तरीय शूलिनी मेले में तीन दिन लगने वाले भंडारों में मां शूलिनी की अपार कृपा ने सोलन नगरी को अन्नपूर्णा बना दिया। मेले के उपलक्ष्य पर तीनों दिन 24 घंटे भंडारे लगने से शहर में किसी को भी भूख-प्यास की चिंता नहीं रही।

हजारों की संख्या में लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर खुद को भाग्यशाली मानते हैं। मेले के दौरान पूरे सोलन शहर के हर क्षेत्र, नुक्कड़, और सड़क पर खाने-पीने की व्यवस्था होती है। यहां सुबह से शाम तक लोग बिना किसी चिंता के भोजन और पानी का आनंद ले सकते हैं। इस आयोजन का सबसे बड़ा संदेश है कि मां शूलिनी के द्वार पर जो आता है, वो भूखा नहीं जाता। शूलिनी मेले की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें धार्मिक सद्भावना की अद्वितीय मिसाल देखने को मिलती है। हिंदू, मुस्लिम, सिख और अन्य धर्मों के लोग इस मेले में बराबरी से हिस्सा लेते हैं। देवी को मानने वाले हिंदू ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों और जातियों के लोग इस आयोजन में अपनी भागीदारी निभाते हैं। मेले के शुभारंभ अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा में सभी धर्मों के लोग शामिल होते हैं, जो आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मेले के दौरान जगह-जगह भंडारे में सभी धर्मों के लोग लंगर लगाते हैं। यहां लोग आराम से कतारों में खड़े होकर माता का प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह दृश्य केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि सामाजिक सद्भाव का भी परिचायक है। शूलिनी मेला पूरे देश में ऐसा इकलौता आयोजन है, जहां स्थानीय और बाहर से आने वाले लोगों को खाने-पीने की कोई चिंता नहीं होती। इस मेले में धार्मिक सद्भावना और आपसी भाईचारे का जो संदेश मिलता है, वह आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सन्नी हिंदुस्तानी, दिलीप सिरमौरी ने नचाए दर्शक

**अनंत ज्ञान, सोलन**





राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने खूब रंग जमाया। पंजाबी और सूफी गायक इंडियन आइडल फेम सन्नी हिंदुस्तानी ने अपनी गायकी के अंदाज में युवाओं के दिलों पर राज किया। उन्होंने एक से बढ़कर एक गाने गाकर सभी अपना नाम की।

इस संध्या में करीब 50 से अधिक कलाकारों ने एकल व ग्रुप में गायन व नृत्य प्रस्तुतियां दीं। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में दून के विधायक राम कुमार चौधरी और अर्की के विधायक संजय अवस्थी विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। प्रथम सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने पहाड़ी और हिंदी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान स्टार कलाकार सन्नी हिंदुस्तानी ने मंच संभाला और युवाओं ने तालियों और सीटियों से उनका स्वागत किया। जुगनू, नेरे नजर, तू मेरा नगीना व रब्बा आदि गानों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया व थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा दिलीप सिरमौरी ने अपने चिर परिचित अंदाज में मंच पर अपनी पहाड़ी प्रस्तुतियों से सभी को खूब नचाया। उन्होंने पहाड़ी स्वैंग, पानी री टांकी, काला बाशा कौआ, तेरा लहंगा, तेरी शांगरी, शिमले री छोरिए, तेरी शांगरी, बंद पहाड़ो, पुष्पा गुरि रात्रि सहित नाटियों से समा बांधा। दिलीप ने मेल-फीमेल दोनों आवाजों में गाने गाकर सभी का मनोरंजन किया। इंडियन आइडल फेम नेहा दीक्षित की जादुई आवाज ने भी दर्शकों को अपना मुरीद बनाया। उन्होंने चंबे जाणा जरूर, बदमाश दिल, जीणा कांगड़े दा, मनवा लागे, मैं तेरी हो गई और शाम है जाम है, रात बाकी बात बाकी। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी जबरदस्त प्रस्तुतियों से मां शूलिनी मेले की पहली शाम को यादगार बनाया। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने भी डांस और गायकी से लोगों का मनोरंजन किया।

# प्राचीन 'ठोडा खेल' रहा आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले के दूसरे दिन प्राचीन ठोडा खेल आकर्षण का केंद्र रहा। इस खेल का आयोजन ऐतिहासिक ठोडो मेला मैदान में किया गया। इसमें बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे।

इसके शुभारंभ पर डीसी मनमोहन शर्मा सहित नगर निगम की आयुक्त एकता काप्टा भी मौजूद रहीं। शाठा-पाशा दलों में होने वाले तीरंदाजी के इस रोचक एवं प्राचीन खेल का जुड़ाव महाभारत कालीन कौरवों एवं पांडवों से माना गया है। इस वर्ष शूलिनी मेले के ठोडा खेल में चार ठोडा दल भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त वाद्य यंत्र दल सिरमौर भी इसमें सहभागिता जता रहा है। इसमें अध्यक्ष राजीव ठाकुर, उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, सचिव हेमंत अत्री, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार और सदस्य ललित कश्यप, भूषण कुमार शामिल हैं। इसके अलावा कुश्ती, जिसमें महिला कुश्ती भी आकर्षण का केंद्र रही। दूसरे दिन कबड्डी, बेबी शो, पुष्प प्रदर्शनी, चेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।


मां शूलिनी मेले में कुश्ती प्रतियोगिता में दमखम दिखाती खिलाड़ी।


मां शूलिनी मेले के दूसरे दिन खेल का प्रदर्शन करता ठोडा दल।


मेले में कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा व साथ हैं अन्य गणमान्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव प्रताप शुक्ल आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 22 जून को सोलन के प्रवास पर होंगे। शिव प्रताप शुक्ल 22 को रात्रि 8.20 बजे सोलन के गंज बाजार स्थित दुर्गा माता मंदिर में मां के दर्शन करेंगे। राज्यपाल तदोपरांत रात्रि 8.45 बजे सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेला के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### स्वर्ण जयंती स्कूल में बताया योग का महत्व

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय ओच्छघाट में प्रधानाचार्य पुनीत कौशल की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रातः कालीन सभा के दौरान नर्मदा सूद ने बच्चों को विभिन्न योगासन करवाएं और योग हमारे शरीर को किस तरह से स्वस्थ रखता है इसके महत्व को भी समझाया। योग दिवस के दौरान लगभग विद्यालय के 300 स्टूडेंट्स ने भाग लिया और सुबह सभी बच्चों ने इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया। इसके बाद बच्चों को एनएसएस प्रभारी अजय परमार द्वारा रिफ्रेशमेंट वितरित की गई।

### अर्की में होमगार्ड ने बताए योग के फायदे

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान, अर्की।** आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य केंद्र जलाना अर्की की खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिकांत व उनकी टीम द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रावमापा छात्र अर्की में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात डॉ. हेमा कश्यप द्वारा लोगों को योगा के दौरान विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम अर्की निशांत तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि योग को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग से जहां मन को शांति मिलती है वहीं शरीर भी ऊर्जावान बना रहता है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अर्की के पूर्व अध्यक्ष सतीश कश्यप, रावमापा छात्र अर्की प्रिंसिपल राज कुमार गौतम, अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड संदीप कुमार व विभिन्न विभागों के अधिकारी, होमगार्ड के जवान व स्कूली छात्रों ने भाग लिया।

### केदारपुर स्कूल में योग से निरोग का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल केदारपुर में भाजपा मंडल पांवटा साहिब के द्वारा योग दिवस मनाया गया। इमसें विभिन्न संगठनों ने हिस्सा लिया। यह योग गुरु राधेश्याम और भाजपा मंडल अध्यक्ष हितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया। इसमें जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, महामंत्री पवन चौधरी, ओबीसी जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अविनाश सिंह सैनी, स्ट मोर्चा अध्यक्ष दीपक मनलहंस आदि ने योग किया और सबको बधाई दी।

### योग को जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सराहां में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं, अध्यापक वर्ग व स्टाफ के सदस्यों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योगिक क्रियाएं व कपाल भाती, अनुलोमविलोम आदि प्राणायाम किए। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का सभी से आह्वान किया। इस अवसर पर छात्राओं और अध्यापक गणों द्वारा भी योग के महत्व विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

### मंगरूड़ स्कूल में योग दिवस की धूम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय मंगरूड़ में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापकगण एवं स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शारीरिक शिक्षक संजय कुमार द्वारा स्टूडेंट्स को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। मुख्याध्यापक एलआर ठाकुर ने योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक जीवन पद्धति है, जो शारीरिक,मानसिक व आत्मिक विकास में सहायक है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग करने और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

### योग से की जा सकती है स्वास्थ्य की रक्षा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आयुष विभाग जिला सिरमौर के द्वारा उपमंडल सूरजपुर में उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. जसप्रीत कौर की देखरेख में हरित योग संगम का आयोजन किया गया। इसमें रोटरी क्लब पांवटा साहिब के पदाधिकारियों ने भाग लिया। आयुष विभाग ने पर्यावरण संरक्षण, वातावरण की साफ-सफाई व पौधरोपण कर लोगों को हरित योग कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। डॉ. जसप्रीत कौर ने कहा कि हरित योग का अर्थ है ग्रीन योगा, और यह 2025 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुरू की गई एक पहल है।

### योगाभ्यास करवाकर दी योग की जानकारी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** विश्व योग दिवस के मौके पर शनिवार को कंडाघाट उपमंडल में शैक्षणिक संस्थाओं सहित अनेक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करके योगाभ्यास करवाया गया और जीवन में इसके लाभ बताए। चायल के टेनिस मैदान में आयुष विभाग के डॉ. जयपाल गर्ग ने लोगों को योगाभ्यास करवाया और इसके लाभ की जानकारी दी। डिग्री कॉलेज कंडाघाट, महिला पॉलिटेक्निक कंडाघाट, उपमंडल के कई सीनियर सेकेंडरी स्कूलों, हाई स्कूलों, मिडिल स्कूलों, आयुष विभाग के स्वास्थ्य संस्थानों सहित कई संस्थाओं में भी योग दिवस पर योगाभ्यास करवाकर योग से निरोग रहने की जानकारी दी गई।

### संग्रहण केंद्र में नकदी फसलों का संग्रहण शुरू

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट के तहत गठित करोल किसान उत्पादक संघ के विगत दिनों खोले संग्रहण केंद्र में नकदी फसलों का संग्रहण शुरू हो गया है। संघ ने फसल संग्रहण करके इसे जैप्टो कंपनी को देना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों इस कंपनी ने संघ के साथ खरीद इकरार किया था, अब कंडाघाट क्षेत्र के बहुत से किसान इसमें टमाटर, शिमला मिर्च, खीरा, फ्रांसबीन जैसी नकदी फसलें यहां विक्रय करके बाजार से अच्छा मूल्य प्राप्त कर रहे हैं। संघ अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानी डॉ. सीमा ठाकुर, प्रधान हरबंस ठाकुर, निदेशक सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि संघ का लक्ष्य किसानों को फसलों के बेहतर दाम मुहैया करवाना है। इसके लिए संग्रहण केंद्र खोला गया और कंपनी से खरीद इकरार किया गया। इस संघ के साथ अभी 300 किसान जुड़े हैं। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से आह्वान किया कि वह इस संग्रहण केंद्र के माध्यम से फसलें विक्रय करके बाजार से अच्छे दाम प्राप्त कर सकते हैं।

# आईआईटी रूड़की में हिमांशु करेगी आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में पीएचडी

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** हिमांशु चौहान ने अपनी योग्यता और मेहनत के बलबूते पर अपने पिता का बेटी है अनमोल का सपना साकार किया है।

हिमांशु का चयन आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में पीएचडी करने के लिए देश के प्रतिष्ठित आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रूड़की के लिए हुआ है। हिमाचल प्रदेश से यह पहली बेटी आईआईटी रूड़की में आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में पीएचडी करेगी। बेटी की इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी का महौल है और हिमांशु के माता-पिता को दूरभाष पर बधाइयां मिल रही हैं। इससे पहले राष्ट्रीय स्तर की गेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत हिमांशु ने भारत के शीर्ष आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग संस्थान योजना तथा वास्तुकला विद्यालय दिल्ली (एसपीए दिल्ली)



से अर्बन डिजाइन में मास्टर डिग्री हासिल की है। हिमांशु ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शंकर विद्या निकेतन राजगढ़ से हासिल की। तदोपंरात इनका चयन नवोदय विद्यालय नाहन के लिए हुआ, जहां पर 12वीं कक्षा नॉन मेडिकल में उत्तीर्ण की। वर्ष 2018 में नेशनल एप्टीचयूड टेस्ट फॉर आर्किटेक्चर (एनएटीए) की परीक्षा उत्तीर्ण की और राजकीय गांधी राजकीय यांत्रिकी महाविद्यालय नगरोटा से आर्किटेक्चर में स्नातक की उपाधि प्रथम श्रेणी में हासिल की। प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालय (एनआईटी) हमीरपुर में हिमांशु को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल देकर विभूषित किया था।

## विधानसभा उपाध्यक्ष ने विज्ञान प्रयोगशाला के 5 कमरों का किया उद्घाटन

# धारटीधार के विकास कार्यों को दी जाएगी गति

**अनंत ज्ञान, नाहन**

स्कूलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयासरत है।

यह उद्गार विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने एसएन रमौल मेमोयिल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरोग बनेड़ी में लगभग 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित विज्ञान प्रयोगशाला के पांच कमरों का उद्घाटन करने के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि धारटीधार क्षेत्र की जनता के लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं तथा आने वाले समय में भी धारटीधार की जनता के विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा लोक निर्माण विभाग को बायला से धौलाकुआं सड़क के चौड़ीकारण के कार्य को गति प्रदान


वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरोग बनेड़ी पहुंचे विधानसभा उपध्यक्ष को सम्मानित करते हुए।

करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी न हो। इसी प्रकार उन्होंने बिजली बोर्ड के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि क्षेत्र में लगने वाले अघोषित कटों के कारणों का जल्द पता लगाकर उसका समाधान किया जाए। उन्होंने स्कूल में लगाए जाने वाले डंगे के लिए भी जल्द ही धन उपलब्ध करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय प्रकाश तथा एसएमसी प्रधान लक्ष्मी दत्त ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल की ओर से रखी गई मांगों तथा समस्याओं बारे उन्हें अवगत करवाया। जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश ने मुख्यातिथि के समक्ष अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा तथा उनके जल्द समाधान के लिए मुख्यातिथि से आग्रह किया।

## मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की के राजकीय उच्च विद्यालय बातल में कार्यकारी खंड चिकित्साधिकारी डॉ. दूनी चंद के निर्देशानुसार किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य तेजेंद्र शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर अर्की अस्पताल से किशोर परामर्शदाता सुरक्षा परमार ने उपस्थित छात्रों को छह घटक पोषण मानसिक स्वास्थ्य, गैर संचारी, रोग, मौन व प्रजनन स्वास्थ्य, नशा निवारण लिंग आधारित हिंसा विषय पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संतुलित भोजन, स्वस्थ जीवनशैली व मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने किशोरों की समस्याओं से निपटने के लिए अभिभावकों व अध्यापकों की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने अर्की अस्पताल में बने नए दिशा केंद्र कमरा नंबर-102 में किशोरों की किसी भी समस्या के निपटारे व मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

# चारंग खड्ड में आई बाढ़ से मचा हाहाकार

## बाढ़ के पानी ने रांगरिक और निचले इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के चारंग खड्ड में आई भीषण बाढ़ ने हाहाकार मचा दिया है। बाढ़ के पानी ने रांगरिक और निचले इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर गए हैं।

क्षेत्र में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, भारतीय सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर खड्ड के रुख को मोड़ने का अथक प्रयास कर रही हैं। उनका मुख्य उद्देश्य पानी के तेज बहाव से रांगरिक क्षेत्र को होने वाले नुकसान को रोकना और भूमि कटाव पर लगाम लगाना है। बाढ़ के कारण खेतों में बोई गई आलू और मटर की नकदी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। चारंग पंचायत के पूर्व प्रधान, पूर्ण चंद नेगी ने बताया कि चारंग क्षेत्र के ऊपरी पहाड़ों पर


खड्ड के रुख को मोड़ने का प्रयास करते जवान व ग्रामीण।

### रांगरिक माता मंदिर तक आवाजाही ठप

**चारंग** गांव एक महत्वपूर्ण सीमांत गांव है, जहां से कुछ ही दूरी पर सेना का कैंप और प्रसिद्ध रांगरिक माता का मंदिर स्थित है। रोजाना श्रद्धालु और पर्यटक यहां दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन अब पैदल मार्ग टूटने, भूमि कटाव और बाढ़ के कारण मौके पर आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है।

ग्लेशियर पिघलने और बढ़ती गर्मी के कारण बर्फ पिघल रही है, जिससे खड्ड का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पानी के ओवरफ्लो होकर रांगरिक की ओर मुड़ने से सीमांत क्षेत्रों की रक्षा कर रहे सेना और आइटीबीपी के जवानों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रांगरिक और चारंग गांव को जोड़ने वाला पैदल मार्ग भी बाढ़ के कारण टूट गया है, जिससे सेना, आइटीबीपी और ग्रामीणों के बीच आवाजाही बाधित हो गई है। नेगी ने बताया कि यह समस्या पिछले करीब तीन वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

## युक्तिकरण पर शिक्षा विभाग के आदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवहेलना : जयलाल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन की जिला कार्यकारिणी ने सरकार और विभाग के प्रवक्ताओं के युक्तिकरण के नए आदेशों को तर्कसंगत नहीं बताते हुए इसका विरोध किया है। प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन के प्रधान जयलाल जलपाइक व महासचिव हेमंत शर्मा ने शिक्षा निदेशालय द्वारा युक्तिकरण के नाम पर स्कूलों में प्रवक्ताओं के पदों को बंद करने व 100 छात्रों पर एक प्राध्यापक की नीति को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना और उद् देश्यों के विपरीत बताया है।



सरकार के इन आदेशों से न केवल विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, बल्कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना का उल्लंघन भी होगा। संघ ने सरकार को चेताया कि वह किसी भी कीमत पर युक्तिकरण के नाम पर प्रवक्ताओं के पदों पर कुठाराघात न करें। इसका कारण यह है कि शिक्षा निदेशालय ने दो दिनों के भीतर राज्य के सभी स्कूलों के प्रिंसिपलों को आदेश दिया है कि वे अपने-अपने स्कूलों का डाटा जल्द से जल्द भेजें। इससे शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। सरकार ने जो ब्यौरा तलब किया है, उसके अनुसार अब 100 बच्चों पर एक शिक्षक का पद रहेगा। सरकार की यह नीति न तो अध्यापक वर्ग के हित में है और न छात्र वर्ग के हित में है। नई शिक्षा नीति में यह अनुपात 30:1 है। सरकार से मांग की कि वह छात्र हित को ध्यान में रखते हुए ऐसा कदम न उठाए। इस मुद्दे पर संघ जल्द शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव व शिक्षा निदेशक से मिलकर स्थिति स्पष्ट करेगी, ताकि प्रवक्ताओं के हितों की रक्षा की जा सके।

## दाना गांव में नहीं सड़क सुविधा, मरीजों को चारपाई पर अस्पताल पहुंचाया जा रहा

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** एक तरफ हिमाचल प्रदेश सरकार प्रदेश की जनता को घरद्वार पर स्वास्थ्य और सड़क सुविधा मुहैया करवाने की बात करती है। वहीं, दूसरी ओर आजादी के सात दशक बाद भी प्रदेश के कई क्षेत्रों से भयाभय तस्वीर सामने आ रही हैं। जिला सिरमौर के राजपुर पंचायत के दाना गांव में एक मरीज को ग्रामीणों द्वारा चारपाई पर उठाकर अस्पताल पहुंचाते देखा गया। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया की बात करती है और डिजिटल युग के चलते हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों की पीजीआई से सेटेलाइट की मार्फत हेल्थ सर्विसेज देने की बात करती है। वहीं, एम्स जैसे स्वास्थ्य संस्थान खोलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के दावे करती है, लेकिन प्रदेश सरकार के तमाम उन दावों की पोल ये तस्वीरें बयां करती हैं। जहां लोग मरीजों को आज भी चारपाई या बांस के डंडों में बांधकर अस्पताल पहुंचाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि भले ही सुक्खू कई स्थानों पर सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम चलाकर रात बिताने का ढोंग रचते हैं, लेकिन ग्रामीणों को क्या परेशानी है इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

**आयोजन** नाहन के चंबा ग्राउंड में जिला स्तरीय 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

# नाहन में योग से निरोग रहने का दिया संदेश


योग शिविर में पहुंचे सांसद सुरेश कश्यप और डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा।

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नाहन के चंबा ग्राउंड में 11वां जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

नाहन में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप तथा विधायक नाहन अजय सोलंकी व डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर इस योग शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदू शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए एक माह पूर्व से योग प्रशिक्षुओं तथा आम जन को ऑनलाइन माध्यम से योग अभ्यास करवाया जा रहा था।

उन्होंने बताया कि जिलो में 120 योग प्रशिक्षकों के माध्यम से योग का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा आज पूरे जिले में 135 स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया है, ताकि योग पद्धति को गांव के दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान सहित विभिन्न स्कूलों के छात्रों, मेडिकल कॉलेज के प्रशिक्षु डॉक्टर तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी योग क्रिया में भाग लिया।

### 40 जवानों ने किया योग अभ्यास

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कमांडेंट होमगार्ड टीआर शर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर गृह रक्षक चतुर्थ वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र, नाहन के विक्रम केंसल में योग शिविर आयोजित किया गया। इसमें द्वितीय रिफ्रेशर कोर्स के प्रशिक्षुओं और बटालियन प्रशिक्षण स्टाफ के 40 जवानों को योग अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि योग केवल बीमारियों का इलाज नहीं, बल्कि यह कल्याण का साधन है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को विचार, क्रिया और ज्ञान में बेहतर बनाता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, जो शरीर को तंदुरुस्त रखता है, बल्कि यह शारीरिक व्यायाम से कहीं आगे है। उन्होंने कहा कि इस योग अभ्यास से होमगार्ड के जवानों में शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता रहेगी। उन्होंने बताया कि इस योग सत्र में डॉ. चितवन सूर्या द्वारा विभिन्न योग आसनों का अभ्यास करवाया गया।

### योग के महत्व की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय महाविद्यालय अर्की में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कॉलेज के एनसीसी, रेड रिबन क्लब, एंटी ड्रग क्लब एवं एनएसएस के विद्यार्थियों सहित कॉलेज के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक स्टाफ ने भी भाग लिया। इन योग प्रक्रियाओं को योग गुरु रजत रघुवंशी ने पूर्ण करवाया। इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अरुण ठाकुर, रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉक्टर योगेश कुमार एवं ड्रग एब्यूज कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर हेमराज सूर्या ने सभी विद्यार्थियों को योग के महत्व की जानकारी उपलब्ध कराई। कॉलेज प्राचार्य सुनीता शर्मा ने समस्त स्टाफ एवं स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए।

## सोलन भाजपा मंडल ने सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य योग क्रियाएं कीं


योग कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा शहरी मंडल ने सनातन धर्म मंदिर लोअर बाजार में योग कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें डॉ. राजीव बिंदल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान योगाचार्य ने योग का अभ्यास करवाया। साथ ही योग को घर-घर तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य योग क्रियाएं करवाई गईं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रतन सिंह पाल, भाजपा प्रदेश उपअध्यक्ष रशिमधर सूद, पूर्व प्रत्याशी विधायक राजेश कश्यप, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, महामंत्री धर्मेंद्र ठाकुर, महामंत्री संजय मलिक, मीडिया प्रभारी संजीव, बादल नाहर, नेहा ठाकुर, उपमहापौर मीरा आनंद, उपाध्यक्ष शहरी मंडल अनिल कुमार, उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला, उपाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, सचिव भाजपा मंडल राजू कुंद्रा, जिला मंत्री भरत साहनी, कार्यालय सचिव जगदीश, सोशल मीडिया प्रभारी आईटी प्रभारी कमल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पानीपत बस स्टैंड के शौचालय में मिला युवक का शव

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत सिवाह स्थित बस अड्डे के शौचालय में एक युवक का शव मिलने से गांव सिवाह में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शव को बस अड्डे के कर्मचारियों ने देखा और तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान युवक के पास से आधार कार्ड बरामद किया, जिससे उसकी पहचान हो सकी। पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी है। शुरुआती कार्रवाई के बाद शव को सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां पंचनामा भरवाने के बाद शव को शवगृह में रखवा दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक की पहचान सोनीपत के बरोदा निवासी नवीन के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए रोडवेज अधिकारी ने बताया कि उसके पास सफाई कर्मचारी ने बताया कि एक युवक काफी देर से पहले बाथरूम में गया था और अभी तक बाहर नहीं आया है। मौके पर पहुंचकर देखा तो युवक मृत हालात में बाथरूम में पड़ा हुआ था। मृतक के पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो गई है। शव का पोस्टमार्टम रविवार को होगा।

### यमुनानगर में पॉलीथिन में मिला नवजात भ्रूण

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** जगाधरी के दुर्गा गार्डन कालोनी में शनिवार को नवजात का भ्रूण मिला। पॉलिथीन में रखे इस भ्रूण को कुत्ते नोच रहे थे। राहगीर ने देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में ले लिया। उसे नागरिक अस्पताल के शवगृह में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया है। जगाधरी के दुर्गा गार्डन निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह गली से गुजर रहे थे। तभी उन्हें कुत्तों का एक झुंड पॉलीथिन को खींचते दिखाई दिया। जब उन्होंने पास से देखा तो उसमें भ्रूण था। उन्होंने कुत्तों को भगाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सेक्टर-17 थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि उन्होंने भ्रूण को कब्जे में लिया है और पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में रखवाया गया है। अंदेशा जताया जा रहा है कि यह भ्रूण चार से पांच माह का हो सकता है। अब पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल रही है। जिससे पता लगाया जा सके कि यह किसने फेंका है। इसके साथ ही अस्पताल से भी रिकार्ड लिया जा रहा है।

### सीएम सैनी ने ऊर्जा मंत्री विज का जाना हालचाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को अंबाला छावनी में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री को विज ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज के पांव में फ्रेक्चर की वजह से चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### विधायक ने किया नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, जींद।** उचाना से भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री शनिवार को अचानक नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां पर मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जाना। सरकार द्वारा जो-जो स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं, उनके बारे में जानने के साथ-साथ यहां पर पर्ची काउंटर, वार्ड का दौरा भी किया। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं का लाभ हर किसी को मिले यह सरकार का प्रयास है। पांच लाख रुपए तक का मुफ्त उपचार आयुष्मान कार्ड से लाभार्थी करवा सकते है। 50 बैड के अस्पताल में जो भी मांग है, उसको पूरा करवाने को लेकर वह स्वास्थ्य मंत्री से जल्द मिलेगें। रंगीन अल्ट्रासाउंड के अलावा जो मांगे हैं वे स्वास्थ्स मंत्री से मिलकर रखेंगे। यहां पर एएनएम सेंटर बने इसका भी प्रयास रहेगा ताकि उसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिले। इस मौके पर डा. सुशील गर्ग, डा. राजेश मित्तल, डा. योगेश कुमार मौजूद रहे।

### पानीपत से दो चचेरे भाई हुए लापता, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत की कॉलोनी आजाद नगर से दो नाबालिग चचेरे भाई संदिग्ध हालात में लापता हो गए। दोनों एक-दूसरे से मिलने के लिए घर पर गए थे। कुछ ही देर बाद अचानक गायब हो गए। जब परिजनों को दोनों के लापता होने की सूचना मिली तो दोनों के परिजन उनकी तलाश में जुट गए काफी तलाश के बाद जब उनका कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस को गुमशुदगी की शिकायत दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### अजरबैजान में 7 पत्रकारों को 7 से 9 वर्ष की सजा

**एजेंसी, बाकू।** अजरबैजान की एक अदालत ने रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी के पत्रकार फरीद मेहरालिजादा और छह दूसरे पत्रकारों को अलग-अलग आरोपों में दोषी ठहराते हुए 7 से 9 साल तक जेल की सजा सुनाई। मेहरालिजादा और अब्जास मीडिया के डायरेक्टर उल्वी हसनली, मुख्य संपादक सेविंज अब्बासोवा और पत्रकार हाफिज बबाली को 9 साल की सजा मिली। वहीं, पत्रकार नरगिज अब्सलामोवा और एलनारा गासिमोवा को 8 साल, जबकि मोहम्मद केकेलोव को 7 साल की सजा सुनाई गई। दरअसल, नवंबर 2023 में अब्जास मीडिया के छह पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने उन पर विदेशी करेंसी की तस्करी का आरोप लगाया। मेहरालिजादा को मई 2024 में इसी मामले में गिरफ्तार किया गया। बाद में उन पर टैक्स चोरी और दस्तावेज जालसाजी जैसे आरोप लगाए गए।

### पाक ने ट्रंप को नोबेल प्राइज के लिए किया नॉमिनेट



**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया है। पाकिस्तान का कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रंप की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की। पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा कि ट्रंप ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई। (अनंत ज्ञान)

### शाहरुख खान के बंगले मन्नत की हुई जांच



**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के बांद्रा बैंडस्टैंड इलाके में स्थित शाहरुख खान के बंगले मन्नत की जांच की गई। यह कार्रवाई फॉरेस्ट विभाग और बीएमसी की टीम ने की। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्रवाई की वजह तटीय नियमन क्षेत्र के नियमों के उल्लंघन की शिकायत थी। शाहरुख खान का यह बंगला समंदर के किनारे है। बता दें कि मन्नत एक हेरिटेज प्रॉपर्टी है। इसमें एक मुख्य बंगला और उसके पीछे एक बहुमंजिला एनक्स बिल्डिंग है। मौजूदा समय में एनक्स बिल्डिंग में दो अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के बागमती प्रांत में शनिवार को एक बस और इलेक्ट्रिक वाहन के बीच टक्कर होने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में 25 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बस सुबह करीब 10:15 बजे चितवन जिले में ईस्ट-वेस्ट हाईवे पर धनगढ़ी से काकरभिट्टा जा रही कि अचानक इलेक्ट्रिक वाहन से टकरा गई। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री सैनी ने खोला घोषणाओं का पिटारा

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गवर्नर और बाबा रामदेव संग किया योग

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



चंडीगढ़। हरियाणा में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया और आज का दिन कई मायनों में खास रहा, जहां एक ओर गीता की स्थली कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लगभग एक लाख से अधिक लोगों ने एक साथ योग करके विश्व को संदेश दिया तो, वहीं 22 जिलों और 121 खंडों में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 20 लाख से अधिक लोगों ने योग करके अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, सांसद नवीन जिंदल और आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विशेष रूप से योग गुरु स्वामी रामदेव ने सभी लोगों को योग करवाया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में योग पर शोध को बढ़ावा देने के लिए योग लेखक प्रोत्साहन योजना लागू की जाएगी। इसके तहत हर वर्ष ऐसे उत्कृष्ट लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, चालू वित्त वर्ष में 100 नई योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित की जाएंगी। अभी तक प्रदेशभर में 883 योग एवं व्यायामशालाएं खोली जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय ध्यान केंद्र के लिए एक विशाल हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा करते हुए कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए ग्रेड आधारित प्रणाली को शुरू किया जाएगा। साथ ही, हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में भी योग को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के रूप में लागू किया जाएगा। इसके लिए एक समान योग पाठ्यक्रम शीघ्र तैयार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से ही प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में 5 मिनट का 'योगा-ब्रेक' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि योग जीवन, भक्ति, प्रकृति और संस्कृति का आधार है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रामदेव के जीवन परिचय और योग यात्रा पर आधारित 3 पुस्तिकाओं का भी विमोचन किया।

**जल्द होगी 40 योग शिक्षकों की भर्ती**

**सैनी** ने घोषणा करते हुए कहा कि योगासन को खेल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए, अनुभवी कोचों की नियुक्ति की जाएगी, जो खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित करेंगे। खेल विभाग में 40 योग शिक्षकों की भर्ती शीघ्र शुरू की जाएगी।

# 13वीं वाहिनी सीआरपीएफ के जवानों ने किया योग



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 13वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा डेट मुख्यालय सेक्टर-43 चंडीगढ परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

योग सत्र की शुरुआत प्रात: मुख्यातिथि 13वीं वाहिनी कमांडेंट कमल सिसोदिया के आगमन पर हुई। इसके पश्चात योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन मे सभी जवानों ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। इस अवसर पर बाहर से आए हुए प्रशिक्षकों तथा बल के सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सिसोदिया स्वयं योगा व मेडिटेशन का गत 20 वर्षों से अभ्यास करती हैं और जवानों को भी इसका अभ्यास करवाती रहती हैं। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा का समन्वय है। यह हमें मानसिक शांति, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है जो कि एक सुरक्षा बल के जवान के जीवन में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को आज के व्यस्त जीवन मे योग से निरोगी काया प्राप्त करने के बारे मे भी संबोधित किया। सीसोदिया ने कार्मिकों को योग को अपनाने व दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# योग भारत की संस्कृति का अमूल्य उपहार



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा चंडीगढ़ द्वारा शनिवार को पूरे शहर में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजन पार्टी कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, उपाध्यक्ष शक्ति प्रकाश देवशाली एवं वरिष्ठ नेता जगतार सिंह जग्गा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

योग भारत की संस्कृति का अमूल्य उपहार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग ने वैश्विक पहचान बनाई है। भाजपा चंडीगढ़ द्वारा आज कुल 38 स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को भी जोड़ते हैं।

चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में पार्टी के मंडलों और कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक योग अभ्यास किया गया। सभी आयोजनों में नागरिकों की भागीदारी उत्साहपूर्ण रही और 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' की भावना को मजबूती मिली।

# पानीपत: कारगिल युद्ध के शहीदों का सेना घर-घर कर रही सम्मान

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय सेना शहीदों के घर-घर पहुंचकर वीर सैनिकों के स्वजनों व देश के नागरिकों को अवगत करा रही है कि देश के वीर सपूतों ने अदम्य साहस और शौर्य की प्रकाष्ठा दिखाते हुए किस प्रकार मां भारती के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन सभी वीर सेनानियों के घर-घर जाकर भारतीय सेना सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित कर रही है। सेनाधिकारियों और जवानों ने अपने भावों को दर्शाया है कि हम अपने वीर साथियों को कभी नहीं भूलते और न कभी भूलेंगे नहीं।

शनिवार को पानीपत के गांव बापौली में नायब सूबेदार कमल कांत ने बताया यह हमारा कर्तव्य और हमारी भावना है कि हम उनके परिजनों को बताएं कि हमारे वीर सेनानियों का बलिदान व्यर्थ नहीं गया है। हमारे वीर बलिदानियों का परिवार अकेला नहीं है, समस्त भारतीय सेना उनका परिवार है और पूरी भारतीय सेना हमेशा उनके साथ खड़ी है। इस दौरान हरियाणा में नायक रियासत अली गांव बपौली जिला पानीपत, नायक हनुमान सिंह गांव नारनौल जिला महेंद्रगढ़, सिपाही वीरेंद्र कुमार गांव मोहना जिला फ़रीदाबाद, सिपाही रवींद्र गांव रोहन जिला सोनीपत, लांस नायक राजबीर सिंह सेक्टर 16 जिला फरीदाबाद आदि के घर सेनाधिकारी पहुंचे और परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# 'नोफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट' ने पीजीआई वालंटियर्स में डोनेट कीं टी-शर्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी संस्था 'नोफल एक उम्मीद चैरिटेबल ट्रस्ट' ने 21 जून शनिवार के योगा आयोजन के लिए 200 टी-शर्ट्स डोनेट किए हैं। संस्था के प्रेसिडेंट गुरमीत सिंह ने यह टी-शर्ट्स पीजीआई की डॉक्टर कल्याण को सौंपे थे, जो कि योग दिवस पर पीजीआई में वालंटियर्स ने पहने। इस अवसर पर अजीत सिंह, भुरम सिंह, सुखदेव सिंह, राजन कुमार और जसपाल सिंह सहित अन्य भी उपस्थित थे।

गुरमीत सिंह ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की विधि नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के बीच संतुलन बनाने का एक अद्भुत विज्ञान भी है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ और तनाव भरी दिनचर्या में योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। इसी महत्व को समझते हुए हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस दिन को पूरी दुनिया में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिन लोगों के बीच योग का महत्व और लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए बनाया जाता है।

## देश-विदेश

# योग सभी का, सभी के लिए : मोदी

## 11वें विश्व योग दिवस पर विशाखापट्टनम में किए योगासन

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11वें विश्व योग दिवस पर शनिवार को विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिक के साथ विभिन्न योगासन किए। मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। पीएम के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी योग किया। इस बार की योग की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है।

इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1300 जगहों पर 2,000 से ज्यादा योग कार्यक्रम हुए। इस दौरान मोदी ने कहा कि आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-



गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं। अब नेवी के जहाज में भी योग कार्यक्रम चल रहा होता है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों या एवरेस्ट की चोटियां या फिर समंदर का विस्तार हो, एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। उन्होंने कहा कि योग उस 'पॉज बटन' की तरह है, जिसकी इंसानियत को जरूरत है, ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें। (अनंत ज्ञान)

# असम में घोटालेबाज 52 अधिकारियों की बहाली पर बवाल

**एजेंसी, गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि राज्य सरकार गुवाहाटी हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी, जिसमें एपीएससी की संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में हुए कैश-फॉर-जॉब घोटाले में बर्खास्त 52 अफसरों को बहाल करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इस फैसले को दुखद बताया और कहा कि राज्य सरकार केवल मेरिट के आधार पर भर्ती सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह बयान उन्होंने बकसा जिले में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट का फैसला पढ़ा नहीं है, लेकिन अगर मीडिया रिपोर्ट्स सही हैं तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। (अनंत ज्ञान)

# सोनिया बोलीं-ईरान पुराना दोस्त भारत की चुप्पी परेशान कर रही

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने ईरान पर इसराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि



इसराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। यह इसराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। ईरान ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया है। 1994 में ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव ब्लॉक करने में मदद की थी, जिसमें जम्मू-कश्मीर के मसले पर भारत की आलोचना की गई थी। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है। सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून को इसराइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है। ईरान के खिलाफ इसराइली कार्रवाई को पूरी तरह पश्चिमी देशों का समर्थन प्राप्त है और कोई जवाबदेही नहीं है। (अनंत ज्ञान)

## राहुल गांधी ने 'मेक इन इंडिया' पर उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दो स्किल्ड युवाओं शिवम और सैफ से मुलाकात की। इसका वीडियो उन्होंने एक्स पर शेयर किया। इसमें उन्होंने पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी 'मेक इन इंडिया' स्कीम पर सवाल उठाए। वीडियो पोस्ट करते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मेक इन इंडिया स्कीम से देश में प्रोडक्शन बढ़ाने का दावा किया गया था, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और बेरोजगारी सबसे ज्यादा है। 2014 से देश में मैन्युफैक्चरिंग 14 प्रतिशत घटी है और चीन से इंपोर्ट दोगुना हुआ है।' उन्होंने लिखा, 'पीएम मोदी ने समाधान नहीं, नारे लगाने की कला में महारत हासिल की है। सच्चाई यह है कि हम असेंबल करते हैं, इम्पोर्ट करते हैं, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग नहीं करते। इससे चीन को फायदा होता है।' राहुल गांधी ने कहा कि भारत को बदलाव की जरूरत है।



**मैन्युफैक्चरिंग 10 साल में सबसे नीचे बेरोजगारी सबसे ज्यादा**

# अमेरिका को सिर्फ अपनी परवाह, किसी और की नहीं : उमर

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अमेरिका तभी तक अन्य देशों का दोस्त है, जब तक उसका फायदा हो। वह अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिफ मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था। इस पर मीडिया ने उमर से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी मर्जी के मालिक हैं।

हम उन्हें नहीं बता सकते कि वे किसे लंच पर बुलाएं और किसे नहीं। उमर ने कहा कि यह अलग बात है कि हम सोचते थे कि अमेरिकी राष्ट्रपति हमारे (भारत के)



बहुत खास दोस्त हैं और वह हमारी दोस्ती का ख्याल रखेंगे, लेकिन जाहिर है अमेरिका वही करता है, जिससे उसे फायदा हो। उसे किसी अन्य देश की परवाह नहीं है। वह अपना मतलब निकालने के लिए किसी से भी दोस्ती कर सकता है। (अनंत ज्ञान)

# पोलिंग सेंटर की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक नहीं कर सकते : ईसी

## चुनाव आयोग ने कहा, फुटेज सार्वजनिक करना सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग (ईसी) ने शनिवार को कहा कि पोलिंग सेंटर्स की वेबकास्टिंग की सीसीटीवी फुटेज शेयर करना सही नहीं है। इससे वोटर्स, ग्रुप की पहचान करना आसान हो जाएगा। वोट देने वाले और वोट न देने वाले दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव और धमकी का शिकार हो सकते हैं। आयोग ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक करना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के कानूनी प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा। आयोग का यह जवाब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली होने के दावे पर सीसीटीवी फुटेजशेयर करने की मांग पर आया है।

आयोग ने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी विशेष राजनीतिक दल को किसी विशेष बूथ पर कम वोट मिलते हैं, तो वो सीसीटीवी फुटेज के जरिए बड़ी ही आसानी से पहचान कर सकेगा कि किसने उन्हें वोट दिया और किसने नहीं। इसके बाद वोट न देने वालों को परेशान किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## जिसे जवाब देना चाहिए वही सबूत मिटा रहा

**चुनाव** आयोग के इस जवाब से पूर्व शनिवार दोपहर को लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा था कि वोटर लिस्ट, सीसीटीवी फुटेज कानून बदलकर छिपा दी। चुनाव की फोटो-वीडियो अब 1 साल नहीं, 45 दिनों में ही मिटा देंगे। जिससे जवाब चाहिए था, वही सबूत मिटा रहा है। साफ दिख रहा है कि मैच फिक्स है और फिक्स किया गया चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर है।

## अनुसंधान

**एक्सिओम-4 में एस्ट्रोनॉट पहनेंगे ग्लूकोज मॉनीटर, इससे डाइबिटीज के इलाज में मिलेगी मदद**

# अंतरिक्ष में पहली बार इंसुलिन व ब्लड शुगर पर होगी रिसर्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एक्सिओम-4 मिशन डाइबिटीज के मरीजों के लिए अंतरिक्ष की यात्रा करने की उम्मीद की किरण लेकर आया है। ऐसा इसलिए क्योंकि UAE की हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर बुर्जील होल्डिंग्स माइक्रोग्रैविटी में ग्लूकोज के व्यवहार पर एक रिसर्च कर रही है।

एक्सिओम-4 मिशन के तहत सूट राइड एक्सपेरिमेंट के एक हिस्से के रूप में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला समेत बाकी लोग ऑर्बिटल लैब में 14 दिन लगातार ग्लूकोज मॉनिटर पहनेंगे। अबू धाबी की बुर्जील होल्डिंग्स के CMO मोहम्मद फितयान ने पीटीआई को बताया कि वे बस यह



देखने की कोशिश कर रहे हैं कि अंतरिक्ष में रहने के दौरान ब्लड शुगर के लेवल में कोई बदलाव या उतार-चढ़ाव होता है या नहीं। माइक्रोग्रैविटी में ग्लूकोज और इंसुलिन के व्यवहार के अध्ययन से वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यात्रियों और उन रोगियों के लिए वियरेबल तकनीक बनाने में मदद मिलेगी, जो बिस्तर पर पड़े हैं या लकवा जैसी बीमारियों के कारण कम मूवमेंट कर पाते हैं।

इसके अलावा अंतरिक्ष यात्री इंसुलिन पेन भी साथ ले जाएंगे, जो अलग-अलग तापमान में रखे होंगे, जिससे यह देखा जा सके कि माइक्रोग्रैविटी में इंसुलिन के अणुओं पर क्या असर पड़ता है। इसके अलावा एक्सिओम मिशन-4 के दौरान 60 प्रयोग किए जाने हैं, जिनमें 7 भारतीय वैज्ञानिकों ने डेवलप किए हैं। इसमें माइक्रोग्रैविटी में स्प्राउट्स का अंकुरण, फसलों के बीजों पर रिसर्च, एल्गी पर माइक्रोग्रैविटी और रेडिएशन का असर जैसे रिसर्च प्रोजेक्ट शामिल हैं।

यह रिसर्च दूरदराज के इलाकों में डायबिटीज देखभाल को बेहतर बनाने और टेली-हेल्थ सर्विस में मददगार हो सकता है। इसके अलावा यह रिसर्च इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने वाली नई दवाओं के विकास और बैठे-बैठे कसरत जितना असर रखने वाली दवाइओं को खोजने में भी मदद करेगा। (अनंत ज्ञान)

## अभी अंतरिक्ष यात्रा पर नहीं गया है शुगर पेशेंट

**नेशनल** एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन इंसुलिन लेने वाले डाइबिटीज के रोगियों को अंतरिक्ष में जाने की परमिशन नहीं देता है। हालांकि इंसुलिन न लेने वाले डाइबिटीज के रोगियों के लिए कोई आधिकारिक मनाही नहीं है, लेकिन अभी तक कोई भी शुगर पेशेंट एस्ट्रोनॉट ने अंतरिक्ष की यात्रा नहीं की है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### शतक लगाने के बाद जायसवाल बोले-पारी का लिया आनंद



**एजेंसी, लीड्स।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शतक जड़ने के बाद कहा कि उन्होंने अपनी इस पारी का लुत्फ उठाया। जायसवाल ने कहा, ''पहला दिन बहुत बढ़िया रहा। सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की परिस्थितियों में क्रीज पर जाकर बल्लेबाजी करना शानदार रहा। मैंने पारी का आनंद लिया। मैंने बहुत अच्छी तरह से तैयारी की थी।'' उन्होंने कहा, ''हाल के दिनों में बहुत अच्छे अभ्यास सत्र और मैच खेले, इसलिए यह पारी सरल तरीके से खेली। अगर कोई ढीली गेंद होती तो मैं उसे खेलता।'' जायसवाल ने कहा, ''गिल ने शानदार प्रदर्शन किया। वह संयमित और शांत रहे। उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की।'' (अनंत ज्ञान)

### शुभमन गिल ने की रवि शास्त्री सहवाग के इस रिकॉर्ड की बराबरी

**एजेंसी, लीड्स।** भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे शुभमन गिल ने एक ओर उपलब्धि अपने नाम कर ली है। युवा कप्तान ने भारतीय क्रिकेट इतिहास में 19वें ऐसे कप्तान बनकर शतक जड़ा, जिन्होंने कप्तानी करते हुए सेंचुरी लगाई। इस शानदार उपलब्धि के साथ गिल ने पूर्व दिग्गजों रवि शास्त्री, अजय जडेजा और वीरेंद्र सहवाग के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिनके नाम कप्तान के तौर पर एक-एक शतक दर्ज है। अब, इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में उनके पास दिग्गज कपिल देव और विजय हजारे को पीछे छोड़ने का सुनहरा मौका है। शुभमन गिल ने हाल ही में कप्तानी करते हुए अपना पहला शतक जड़ा, जिसके साथ वह भारत के उन चुनिंदा कप्तानों की सूची में शामिल हो गए, जिन्होंने यह कारनामा किया है। इस उपलब्धि ने न केवल उनकी बल्लेबाजी की काबिलियत को उजागर किया, बल्कि उनकी नेतृत्व क्षमता को भी रेखांकित किया। गिल का यह शतक भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए गर्व का क्षण रहा, क्योंकि उन्होंने दिग्गजों के साथ अपनी जगह बनाई। (अनंत ज्ञान)

### होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले 9 टूर्नामेंट में सप्तक तलवार संयुक्त नौवें स्थान पर



**एजेंसी, प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस)।** सप्तक तलवार लगातार दूसरे दौर में एक अंडर-69 के स्कोर से यहां होटल प्लानर टूर के ब्लॉट प्ले9 टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर हैं। सप्तक ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल से शुरुआत की और 11वें तथा 15वें होल में बर्डी की। उन्होंने 14वें और 16वें होल में बोगी भी की। सप्तक ने शुरुआती नौ होल के दौरान छठे होल में बर्डी करते हुए एक अंडर का स्कोर बनाया। इंग्लैंड के 40 साल के जेम्स मोरिसन ने बोगी रहित चार अंडर 66 के स्कोर से कुल 10 अंडर के स्कोर से तीन शॉट की बढ़त बना ली है। (अनंत ज्ञान)

### लेहमैन की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

**स्विट्जरलैंड।** स्विट्जरलैंड की फुटबॉल स्ट्राइकर अलीशा लेहमैन महिला विश्व कप में अपनी पहली उपस्थिति के बाद सुर्खियों में आ गई थीं। लेहमैन इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली खिलाड़ी है। इनके इंस्टाग्राम पर 14 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।




## लीड्स टेस्ट: दूसरा दिन — तीन बल्लेबाजों ने जड़े शतक, फिर भी 500 रन का आंकड़ा नहीं छू सका भारत

# पहली पारी में भारत 471 रन पर ऑलआउट

**एजेंसी, लीड्स**

भारत तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी के पहले टेस्ट की पहली पारी में 471 रन पर ऑलआउट हो गया है। इंग्लैंड ने पहली पारी में एक विकेट पर 72 रन बना लिए थे। बेन डकेट (32) और ओली पोप (34) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे। जैक क्रॉली 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने करुण नायर के हाथों कैच कराया। बुमराह ने पहले ओवर में क्रॉली का विकेट लिया है। हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया और आखिरी 7 विकेट 112 रन बनाने में गंवाए। कप्तान शुभमन गिल ने 147, ऋषभ पंत ने 134 और यशस्वी जायसवाल ने 101 रन की शतकीय पारियां खेलीं। केएल राहुल ने 42 रन का योगदान दिया। तीन बल्लेबाजों के शतक के बावजूद भारतीय टीम 500 का आंकड़ा नहीं छू पाई। 23 साल बाद ऐसा हुआ है, जब इस मैदान पर तीन भारतीय बैटर्स ने एक पारी में शतक लगाए हैं। इससे पहले, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने 2003 में शतक लगाया था। इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स और जोश टंग ने 4-4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)




रन 147
गेंद 227
चौथे 19
छक्के 01

### 23 साल बाद इंग्लैंड में एक पारी में 3 भारतीय बल्लेबाजों के शतक

**एशिया** से बाहर एक ही टेस्ट पारी में तीन भारतीय बल्लेबाजों द्वारा 4 बार शतक लगाया है। सबसे पहले 1986 में सिडनी टेस्ट में गावस्कर, श्रीकांत और मोहिंद्र अमरनाथ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाए। साल 2002 में हेडिंग्ले में द्रविड़, तेंदुलकर और गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ यह कमाल किया। साल 2006 में वेस्टइंडीज के ग्रोस आइलेट मैदान पर सहवाग, द्रविड़ और मोहम्मद कैफ ने शतक जमाए। वहीं हेडिंग्ले टेस्ट में जायसवाल, गिल और पंत ने इंग्लैंड ने शतक लगाया।

## टिम साउथी ने स्टोक्स के फैसले का किया बचाव

**एजेंसी, लीड्स**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी सलाहकार टिम साउथी ने हेडिंग्ले की सूखी विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के कप्तान बेन स्टोक्स के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि शुरुआती सत्र में पिच गेंदबाजों के अनुकूल होगी, लेकिन भारत के युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें निराश कर दिया।



पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का इंग्लैंड का फैसला गलत साबित हुआ, क्योंकि कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 127) और यशस्वी जायसवाल (101) ने सुखी पिच पर शतक लगाए, जिससे भारत ने शुक्रवार को पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के फैसले की पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तीखी आलोचना की।

साउथी ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''विकेट का रंग और उसमें थोड़ी नमी को देखते हुए अगर थोड़ी मदद मिलती तो शायद आज सुबह इसका प्रभाव देखने को मिलता। यह फैसला इसी पर आधारित था।'' उन्होंने कहा, ''जब आप पिच का आकलन करते हैं तो उसी के आधार पर फैसला करते हैं। यह जरूरी नहीं है कि हर बार आपका फैसला सही हो।''

न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज ने हालांकि, भारतीय बल्लेबाजों को परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने और इंग्लैंड के फैसले को गलत साबित करने का पूरा श्रेय दिया। साउथी ने कहा, ''लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों को श्रेय जाता है। उन्होंने पहले घंटे में अच्छा प्रदर्शन किया। केएल राहुल ने अच्छी पारी खेली और यशस्वी जायसवाल ने शानदार प्रदर्शन किया।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने (भारत ने) शानदार खेल का नजारा पेश किया। (शुभमन) गिल की पारी परिस्थितियों को देखते हुए विशेष रूप से प्रभावशाली थी। उनके बल्लेबाजों ने भले ही बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली हो लेकिन वे निश्चित रूप से प्रतिभाशाली हैं।'' (अनंत ज्ञान)

## मार्क वुड को 5वें टेस्ट तक फिट होने की उम्मीद

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड को उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले फिट होकर चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। वुड फिलहाल घुटने की सर्जरी के बाद 'रिहैबिलिटेशन' की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी थी और मार्च में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।



वुड ने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, ''रिहैब अच्छा चल रहा है। मैंने अभी हल्की गेंदबाजी शुरू की है, इसलिए मैं अब वापसी की राह पर हूं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे अब भी इस सीरीज में खेलने की उम्मीद है, इसलिए मैं उन खिलाड़ियों पर नजर रख रहा हूं जिनसे मेरा सामना हो सकता है। मैं अभी अंतिम टेस्ट को लक्ष्य बना रहा हूं। उससे पहले कुछ भी कहना शायद थोड़ा जल्दबाजी होगा। हो सकता है कि मैं अंतिम टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाऊं, लेकिन अभी मेरा ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि मैं उस मैच में अपनी भूमिका निभा सकता हूं।'' (अनंत ज्ञान)

## बर्लिन ओपन: सबालेंका ने रयबाकिना को हराया

**एजेंसी, बर्लिन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चार मैच प्वाइंट बचाकर एलेना रयबाकिना को 7-6, 3-6, 7-6 से हराया। सबालेंका अंतिम सेट के टाईब्रेक में 6-2 से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की तथा लगातार छह अंक जीतकर सत्र के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका का अगला मुकाबला मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-4, 6-1 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा ने भी अमांडा अनिसिमोवा पर 6-1, 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला वांग झिन्यू या पाउला बाडोसा से होगा। (अनंत ज्ञान)





## क्लब विश्व कप: बायर्न ने बोका को हराकर नॉकआउट में किया प्रवेश

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स (अमेरिका)।** माइकल ओलिस के 84वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने बोका जूनियर्स को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। जर्मन चैंपियन बायर्न ने ग्रुप सी में दो जीत दर्ज की और एक मैच शेष रहते हुए अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। ओलिस ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से पहला गोल इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने 18वें मिनट में किया था। मिगुएल मेरेंटिएल ने हालांकि 66वें मिनट में शानदार गोल करके बोका को बराबरी पर ला दिया था। (अनंत ज्ञान)

## स्टोक्स के पहले गेंदबाजी करने के फैसले से हैरान हूं: माइकल वॉन

**एजेंसी, लीड्स**

पूर्व कप्तान माइकल वॉन हेडिंग्ले के सूखे विकेट पर पहले गेंदबाजी करने के इंग्लैंड के फैसले से हैरान हैं क्योंकि भारत ने इसका पूरा फायदा उठाकर पहले टेस्ट मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 359 रन बना लिए। वॉन ने कहा कि मौजूदा इंग्लैंड टीम का मजबूत पक्ष निश्चित रूप से उसकी बल्लेबाजी है, गेंदबाजी नहीं।



उन्होंने बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल से कहा, ''मैं पुराने जमाने का परंपरावादी हूं। यहां लीड्स में जब धूप खिली हो और मौसम शुष्क हो, तो आप बल्लेबाजी करते हैं।'' वॉन ने कहा, ''इंग्लैंड की वर्तमान टीम का मजबूत पक्ष बल्लेबाजी है। उसकी गेंदबाजी में इस समय अनुभव की कमी है। बेन (स्टोक्स) को स्पष्ट रूप से अपनी अंदरुनी भावना का अहसास था और कभी-कभी यह कारगर भी रहा।'' स्टोक्स के 2022 में कप्तान और ब्रेंडन मैकुलम के कोच बनने के बाद से इंग्लैंड ने पहले क्षेत्ररक्षण करना पसंद किया है। स्टोक्स का निर्णय इस मैदान के हालिया रिकॉर्ड से भी प्रभावित हो सकता है, जहां पिछले छह टेस्ट मैचों में पहले क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम ने मैच जीता है, लेकिन वॉन इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''आपको हमेशा उसी क्षण अपने निर्णय लेने होते हैं, न कि उन बातों के आधार पर जो आपने वर्षों पहले या अन्य समय में किए थे। अतीत के फैसलों का वर्तमान में लिए गए फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ता। यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी है। इसमें रन रोकना आसान नहीं है।'' (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिला पहलवानों ने अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में जीता टीम खिताब

**एजेंसी, वुंग ताऊ (वियतनाम)**

भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया।

प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे। (अनंत ज्ञान)



## गिल अगर पैर का शानदार मूवमेंट कायम रखते हैं तो विदेश में बनाएंगे खूब रन : गांगुली

**एजेंसी, कोलकाता**

इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में शुभमन गिल के 'फुटवर्क' से बेहद प्रभावित पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को उम्मीद है कि अगर लीड्स में टेस्ट सीरीज के पहले मैच के पहले दिन की तरह ही उनके पैरों की मूवमेंट शानदार रहा तो यह युवा भारतीय कप्तान विदेशी परिस्थितियों में भी ढेरों रन बनाएगा।



कप्तान के तौर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे गिल ने नाबाद 127 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें कई बेहतरीन ड्राइव शामिल रहे। भारत ने पहले दिन का खेल तीन विकेट पर 359 रन पर समाप्त किया जिससे इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर नजर आया। घरेलू गेंदबाजों ने ज्यादातर 'मिडिल और ऑफ' स्टंप लाइन पर फुल लेंथ की गेंदबाजी की और गिल ने चुनौती का सामना शानदार तरीके से किया और कुछ बेहतरीन ड्राइव लगाए। गांगुली ने कहा, ''मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों की मूवमेंट देखकर बहुत खुश हूं, विदेशी धरती पर इसमें काफी सुधार हुआ है। शुभमन के पैर का मूवमेंट शानदार था, उन्होंने कोई गलती नहीं की।''

इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, ''मुझे लगता है कि इंग्लैंड को उस विकेट पर (पहले) गेंदबाजी नहीं करनी चाहिए थी और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी नहीं की। उनके (गिल के) पैरों का मूवमेंट शानदार था, मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए स्थायी बात होगी''

इस सीरीज को भारतीय क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है जिसमें गिल की अगुआई वाली टीम दिग्गज विराट कोहली, रोहित शर्मा और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के बिना खेल रही है। इसे बदलाव का कठिन दौर माना जा रहा है, लेकिन इसकी शुरुआत शानदार रही है। गांगुली ने कहा कि वह सहज बदलाव के बारे में कभी चिंतित नहीं थे क्योंकि भारत में मजबूत घरेलू ढांचे की बदौलत बहुत प्रतिभा है। गांगुली ने कहा, ''मैं भारतीय क्रिकेट के बारे में कभी चिंतित नहीं था। कोई न कोई भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाएगा। मैं यशस्वी (जायसवाल) से हैरान नहीं हूं क्योंकि मैं उन्हें शानदार बल्लेबाज मानता हूं। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसे सभी प्रारूपों में खेलना चाहिए।'' (अनंत ज्ञान)

## जेवेरेव अस्वस्थ होने के बावजूद हाले ओपन के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, हाले (जर्मनी)।** अलेक्जेंडर जेवेरेव ने पहले सेट में अच्छा महसूस नहीं करने के बावजूद हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में फ्लेवियो कोबोली को 6-4, 7-6 से हराकर पांचवीं बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

जेवेरेव पांचवें ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में पांच या अधिक बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। उनसे पहले रोजर फेडरर, येवगेनी काफेलनिकोव, फिलिप कोहलश्राइबर और टॉमी हास ने यह उपलब्धि हासिल की थी। जेवेरेव का सामना अपने सबसे पुराने प्रतिद्वंद्वियों में से एक दानिल मेदवेदेव से होगा। मेदवेदेव ने एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-3 से हराया। दूसरा सेमीफाइनल अलेक्जेंडर बुब्लिक और करेन खाचानोव के बीच खेला जाएगा। बुब्लिक ने टॉमस माचैक को 7-6, 6-3 से जबकि खाचानोव ने टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-3, 6-2 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## संकल्प: चोपड़ा बोले-अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर कर रहा ध्यान केंद्रित

# 90 मीटर से ज्यादा भाला फेंकने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत

**एजेंसी, पेरिस**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और यहां पेरिस डायमंड लीग का खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार 90 मीटर से अधिक दूरी तक भाला फेंकने के लिए उन्हें अपनी प्रमुख मांसपेशियों पर कड़ी मेहनत करनी होगी और शरीर को अधिक मजबूत बनाना होगा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने शुक्रवार को 88.16 मीटर के थ्रो के साथ दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता, लेकिन वह इस साल की शुरुआत में दोहा डायमंड लीग में दर्ज किए गए 90.23 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी करने या उससे आगे निकलने में असफल रहे। दोहा में वह अपने जर्मन प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।




चोपड़ा ने कहा, ''मुझे थ्रो करते समय और अधिक नियंत्रण बनाने की जरूरत है। हम अभ्यास में इस पर काम कर रहे हैं लेकिन अभी कई चीजों को बदलना होगा। मुझे लगता है कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मुझे मजबूत मांसपेशियों और मजबूत शरीर की जरूरत है।''

उन्होंने कहा कि वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, ताकि अपने प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। चोपड़ा ने कहा, ''यह सिर्फ समय और लय की बात है। मैं अधिक से अधिक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल करना चाहता हूं।''

इस शीर्ष एथलीट ने कहा कि वह अपने रनअप से खुश हैं, लेकिन जब थ्रो के समय की बात आती है तो उन्हें कुछ और प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा, ''मैं 90 मीटर तक थ्रो करने की उम्मीद कर रहा हूं, क्योंकि मैंने दोहा में उस बाधा को पार कर लिया था, इसलिए अब मुझे विश्वास है कि मैं आगे भी ऐसा कर सकता हूं, हो सकता है कि मैं इस सत्र में फिर से यह दूरी पार करने में सफल रहूं।'' (अनंत ज्ञान)